## ‘अमृत विचार’ आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज

☞ चाह सोतियान स्थित महालक्ष्मी मंदिर में हनुमान चालीस का पाठ प्रात: 6:30 बजे।

☞ उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक तिलक कालोनी में दोपहर 12:30बजे।

## एक नजर

### ब्रह्मदत्त स्कूल में शुभराज व गुरमनप्रीत ने मारी बाजी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** ब्रह्मदत्त सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हाईस्कूल के 110 परीक्षार्थियों में से कोई भी अनुत्तीर्ण नहीं हुआ। शुभराज सिंह ने सर्वाधिक 95 तथा सोमेन्द्र सिंह ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इंटर में विद्यालय का परीक्षाफल 97.70 प्रतिशत रहा। इसमें गुरमनप्रीत सिंह ने सर्वाधिक 94.4 फीसदी अंक प्राप्त किए। सात छात्र-छात्राओं के 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक आए हैं। प्रधानाचार्य राजीव कुमार व प्रबंध तंत्र ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

### इंजीनियर बनना है सपना

**रामपुर, अमृत विचार :** सेंट एंथोनी सीनियर सेकेंड्री के हाईस्कूल के छात्र अरीब अहमद ने कहा कि वह आईआईटी करके इंजीनियर बनना चाहते हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय मम्मी-पापा और ललित सर का दिया है। बताया कि उसने मोबाइल फोन को रिवार्ड की तरह यूज किया। कहा कि उन्होंने इंग्लिश, हिंदी पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। इसकी वजह से अंक कम रह गए।

### व्हाइटहॉल के 10वीं के मेधावी




अभिनव शर्मा 99.4% | गौरिका शर्मा 97.8% | जोयल गुप्ता 95.4%

### सेंटमेरी के 10वीं के मेधावी



अपूर्वा शर्मा 97.8% | मनतशा मिराज 96.2% | खुशी 96%

### ग्रीनवुड के 10वीं के मेधावी




हमराह खान 96.6% | हसन खुर्शीद 95.4% | मुस्कान बी 95.4%

### सेंट एथेनी के 10वीं के मेधावी




अरीब अहमद 98.6% | शक्ति मौर्य 95.8% | मोहम्मद इस्माइल 95%

### सनवे के 10वीं के मेधावी



आतिफ अली 94.8% | सईद तनजीर हुसैन 94.4% | प्राची सिंह 93.6%

### सेंटापॉल्स के 10वीं के मेधावी



अब्दुल वासित 98% | शुभम रस्तोगी 97.2% | शौर्य रस्तोगी 96.4%



परीक्षा का परिणाम आने के बाद खुशी से उछलते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार



हाईस्कूल में प्रथम आने वाले छात्र को मिठाई खिलाती प्रधानाचार्या। ● अमृत विचार

# रिजल्ट देख खुशी से उछले मेधावी

## सोमवार को घोषित हुआ सीबीएसई 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सीबीएसई ने सोमवार को 10वीं और 12वीं का रिजल्ट घोषित कर दिया। इसमें होली चाइल्ड की श्रुति खुराना ने इंटर में 98.4 प्रतिशत अंक पाकर जिले में पहला स्थान पाया है। डीएमए के आदविक रस्तोगी ने 98 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा स्थान पाया है। हाईस्कूल में अभिनव शर्मा ने 99.4 प्रतिशत अंक पाकर जिला टॉप किया है। इसके अलावा हाईस्कूल में दूसरे स्थान पर सेंट एंथेनी के अरीब अहमद ने 98.6 अंक पाए हैं। मेधावियों के परिजनों और स्कूलों में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रधानाचार्यों ने मेधावियों को मिठाई खिलाकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सीबीएसई 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से दो अप्रैल तक हुईं थीं। छात्र-छात्राओं ने जी तोड़ मेहनत करके जिले में स्थान बनाने की ठान ली थी। छात्र-छात्राएं रिजल्ट आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। सोमवार को करीब एक बजे रिजल्ट आने के बाद छात्र-छात्राएं स्कूलों की ओर दौड़ पड़े। रिजल्ट देखने के बाद पास होते ही खुशी से उछल पड़े। सीबीएसई की सूची के मुताबिक कक्षा 12 में बिलासपुर स्थित होली चॉइल्ड स्कूल की श्रुति खुराना ने 98.4 अंक पाकर जिला टॉप किया। जबकि डीएमए के आदविक रस्तोगी 98 प्रतिशत अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे। कक्षा 10 में 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके अभिनव शर्मा ने जिला टॉप किया। हाईस्कूल में दूसरे स्थान पर सेंट एंथेनी के अरीब अहमद ने 98.6 अंक पाए। प्रधानाचार्य ललित शर्मा ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर व्हाइट हाल स्कूल के प्रबंधक कुणाल नंदा, प्रधानाचार्य डा.बसंत गुप्ता एवं प्रबंधन समिति के अजीत सिंह समेत सभी सदस्यों ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।



रिजल्ट देखकर खुशी से उछलते छात्र। ● अमृत विचार

### लीड इंडिया स्कूल की छवि बनीं स्वार टॉपर



**स्वार, अमृत विचार :** सीबीएसई कक्षा 12 के परिणाम की घोषणा के साथ छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। लीड इंडिया इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 12 की छात्रा छवि ने 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ स्वार टॉपर बन कर विद्यालय को गौरवांवित किया है। छवि ने बताया कि इस सफलता के लिए वह अभिभावक, प्रधानाचार्या व शिक्षक को धन्यवाद करना चाहती हैं। छवि के अनुसार उत्तम अंक पाने के लिए एक मात्र पथ कठिन परिश्रम है। 97.8 प्रतिशत अंक पाकर वह विद्यालय तथा स्वार में टॉपर रही। छवि ने बताया कि वह पहली कक्षा से ही इस स्कूल में पढ़ती है। छवि के अनुसार एक छात्र की सफलता के पीछे उसकी मेहनत के साथ अभिभावक, विद्यालय तथा शिक्षक का योगदान होता है। छवि ने कक्षा 10 में भी स्वार टॉपर बनकर विद्यालय का सिर गर्व से ऊंचा किया था। छात्रा की इस सफलता पर प्रधानाचार्य एसएस संधु ने छवि तथा उनके माता-पिता को बधाई दी।

### सेंट मेरी के इंटर के मेधावी



अंशिका सक्सेना 98.6% | लाबिया मिर्जा 96.8% | अनन्या शर्मा 96.8%

### व्हाइट हॉल के इंटर के मेधावी




नंदिनी सिंह 99% | प्रतिभा चंद्रा 98% | आशुतोष पांडेय 97.2%

### सनवे के इंटर के मेधावी



अजहर अली 96% | कशिश नादिर 94% | सैम शुऐब 93.8%

### ग्रीनवुड के इंटर के मेधावी



मोहम्मद दियान 98% | मो. अम्मार सुहैल 96.6% | अतूफा 96.2%

### दयावती मोदी एकेडमी के मेधावी



हर्षिता पाल 97.2% | जपनिल कौर 97% | झांझर जिंदल 94.4%



श्रुति खुराना 98.4 हौली चाइल्ड स्कूल | पवन नीत सिंह 97.8 आरएएन पब्लिक स्कूल | सिमरत कौर औलख 97.8 सनकीर्ति स्कूल



सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण सेंट जॉन व्यानी स्कूल के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

# शत-प्रतिशत रहा 10वीं में संत व्यानी का परिणाम

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** सीबीएसई 10वीं में सेंट जॉन व्यानी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। छात्र आयुष सिंह 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रहे। प्रधानाचार्य सिस्टर थेरेसा ने बच्चों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षा का परिणाम सोमवार को जारी हो गया।

इसमें सेंट जॉन व्यानी स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के 70 छात्र-छात्राएं इस वर्ष परीक्षा में सम्मिलित हुए। सभी अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए हैं। आयुष सिंह निवासी चंदुपुरा ने 98.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रकृति सिंह ने 94.80 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय और श्वेता चौहान ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनके अतिरिक्त आदर्श सिंह ने 93.8, समर्थ सिंह ने 93.6 प्रतिशत अंक लाकर श्रेष्ठ सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रधानाचार्य और प्रबंधक सैमुएल सहित समस्त स्टॉफ ने बच्चों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।



श्रुति को मिठाई खिलाते प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

# श्रुति ने जताई सीए बनने की लालसा

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** होली चाइल्ड स्कूल की टापर श्रुति खुराना अपने कारोबारी पिता के सपनों को पूरा करते हुए सीए बनना चाहती है। टाप टेन सूची में पहला स्थान प्राप्त करने वाली श्रुति खुराना के पिता विनोद खुराना महेश गार्डन कालोनी में रहते हैं। मां गृहणी हैं जबकि पिता कारोबारी हैं।

सोमवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का इंटरमीडिएट का रिजल्ट आने पर परिजनों की खुशी का ठिकाना न रहा। होली चाइल्ड स्कूल की छात्रा श्रुति खुराना ने जनपद में पहला स्थान प्राप्त कर विद्यालय और परिजनों का नाम रोशन कर दिया। श्रुति ने 98. 4 प्रतिशत अंक हासिल किए। छात्रा ने बताया कि वह अपने पिता के सपनों को पूरा करने के लिए सीए की पढ़ाई करना चाहती हैं। बताया कि उसने 16 से 18 घंटे पढ़ाई का रूटीन बनाया। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरुजनों को दिया है।

उधर, छात्रा के घर बधाई देनें वालों का तांता लगा रहा। विद्यालय के चेयरमैन आरके बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी पूजा बत्रा और प्रधानाचार्य मिंटू दुबे ने छात्रा को मिठाई खिलाकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# शिक्षा और संस्कार की अभिनव प्रयोगशालाएं हैं विद्या मंदिर : आनंद

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** प्रधानाचार्य आनंद पाल सिंह ने छात्र संसद के पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में कहा की विद्या मंदिर योजना के तहत संचालित विद्यालय शिक्षा और संस्कार की अभिनव प्रयोगशालाएं हैं। इसमें छात्र-छात्राएं सुखद वातावरण में विषय ज्ञान के साथ जीवन निर्माण की कला भी सीखते हैं।



निर्वाचित छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि ● अमृत विचार

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में दायित्व बोध व भारतीय लोकतांत्रिक शासन प्रणाली का ज्ञान करने के लिए प्रतीकात्मक छात्र संसद व कन्या भारती का गठन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।

मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के वरिष्ठ सदस्य योगेश कुमार बंसल, बाबू राम गंगवार एवं प्रधानाचार्य आनंदपाल सिंह ने अंश पांडे को प्रधानमंत्री पद के लिए, अनुशासन प्रमुख के लिए सौरभ कुमार, संसद अध्यक्ष पद के लिए निशांत कुमार, नेता विपक्ष पद के लिए महेश कुमार को पद व कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। कन्या भारती का गठन करते हुए सलोनी पांडे को प्रधानमंत्री, अनुशासन प्रमुख के लिए कशिश, संसद अध्यक्ष पद के लिए समीक्षा तथा नेता विपक्ष पद के लिए गार्गी आर्य को पद व कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

उन्होंने बताया कि छात्र संसद के गठन का उद्देश्य विभागीय दायित्वों के माध्यम से स्वावलंबन, अभिव्यक्ति, व्यवस्थाओं, कौशल, दायित्व व संस्कारों को आत्मसात कराना है। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी व सदस्य तथा स्टाफ उपस्थित रहा। संचालन छात्र संसद विभाग प्रमुख आचार्य चन्द्रकेश ने किया।

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहते हैं अभिनव शर्मा

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** सीबीएसई के 10वीं में नगर के अभिनव शर्मा ने जिला टॉप कर मिलक का गौरव बढ़ा दिया। इससे पहले यूपी बोर्ड के दसवीं व बारहवीं के परीक्षा परिणाम में मिलक के 19 बच्चों ने जिले की टॉप टेन सूची में नाम दर्ज कर नगर का नाम रोशन किया था।

सोमवार को आए परीक्षा परिणाम में अभिनव शर्मा ने 99.4 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला टॉप किया है। अभिनव की इस सफलता से परिवार व रिश्तेदारों में खुशी है। बधाई देने वालों का फोन व घर पर तांता लगा है। अभिनव बताते हैं कि वह कक्षा तीन से रामपुर के व्हाइट हाल स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं। इस वर्ष उन्होंने दसवीं की परीक्षा दी थी। इसमें 96 प्रतिशत अंक आने की



अभिनव को मिठाई खिलाते माता-पिता।

उम्मीद थी। परीक्षा परिणाम में उन्हें उम्मीद से ज्यादा अंक हासिल हुए हैं। वह सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहते हैं। अपनी सफलता का श्रेय माता पिता, कोचिंग अध्यापक व स्कूल के टीचरों को दिया है।

अभिनव के पिता नवीन शर्मा सिमरिया न्याय पंचायत के शिव नगर के सरकारी स्कूल में इंचार्ज प्रधानाध्यापक हैं। माता आभा रानी शर्मा ठिरिया विष्णु गांव के विद्यालय में अध्यापक हैं। अभिनव को क्रिकेट खेलना और किताबें पढ़ना बहुत पसंद है।

**परीक्षाफल** परिणाम आते ही खुशी से खिले चेहरे, शिक्षिकों ने मिठाई खिलाकर दीं शुभकामनाएं

# सीबीएसई में भी बेटियों ने गाड़े सफलता के झंडे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सीबीएसई में भी बेटियों ने बाजी मार ली। 10वीं में 89.27 प्रतिशत जबकि, 12वीं में 94.08 प्रतिशत छात्राएं पास हुई हैं। 10वीं में 76.72 प्रतिशत और 12वीं में 90.42 प्रतिशत छात्र हुए उत्तीर्ण हुए हैं। बेटियों के चेहरे पर पास होने की चमक कुछ कर गुजरने का जुनून दिखाई दिया।

सीबीएसई में 10वीं का परीक्षाफल 92.04 प्रतिशत और 12वीं का 83.67 प्रतिशत रहा। 10वीं में 1517 छात्राओं ने पंजीकरण कराया था। 1503 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुई हैं। इनमें से 1428 पास हो गईं। परीक्षाफल 95.01 प्रतिशत रहा। जबकि 2245 छात्रों ने पंजीकरण



परीक्षाफल देखने के बाद खुशी के पलों को कैमरे में कैद करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

कराया था। 2214 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। 2002 उत्तीर्ण हुए। परीक्षाफल 90.42 प्रतिशत रहा।

इसी प्रकार 12वीं के लिए 1276 छात्राओं ने पंजीकरण कराया था। इसके सापेक्ष 1272 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुईं। 1129 उत्तीर्ण हुईं और परीक्षाफल 88.76 प्रतिशत रहा। जबकि छात्रों में 1826 ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था। जिसके सापेक्ष 1758 छात्र परीक्षा में शामिल हुए और 1344 पास हुए। परीक्षाफल 76.05 प्रतिशत रहा। अभिभावक अपने बच्चों की पढ़ाई पर फोकस कर रहे हैं। इसके चलते रामपुर का रिजल्ट निरंतर सुधार की ओर बढ़ रहा है। देहरादून रीजन के आठ जिलों में रामपुर 10वीं की परीक्षा में दूसरे और 12वीं में पहले पायदान पर रहा।

- **10वीं में 94.08 प्रतिशत और 12वीं में 89.27 प्रतिशत छात्राएं हुईं पास**
- **10वीं में 90.42 प्रतिशत और 12वीं में 76.72 प्रतिशत छात्र हुए उत्तीर्ण**

रामपुर जनपद सीबीएसई देहरादून रीजन के आठ जिलों में 12वीं परीक्षा में पहले और 10वीं में दूसरे स्थान पर रहा है। फिलहाल देहरादून रीजन में रेंक की दौड़ में रामपुर का रिजल्ट बहुत बेहतर है।

-नीरज तिवारी
सिटी-कोआर्डिनेटर, सीबीएसई



कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

# लायंस क्लब रामपुर एलीट ने धूमधाम से मनाया मदर्स डे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** लायंस क्लब रामपुर एलीट की ओर से मदर्स डे मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गायत्री मंत्र, ध्वज वंदना एवं राष्ट्रगान से हुई।

क्लब के अध्यक्ष मुकुल अग्रवाल, सचिव डा. अरविंद कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष गौरव जैन, जोन अध्यक्ष एडवोकेट जितेंद्र प्रधान ने मदर्स डे पर विचार व्यक्त किए। इसके बाद क्लब में तीन नए सदस्य रजनीश कुमार, अथर खान एवं राधेश्याम का फूल माला पहना कर एवं गिफ्ट देकर स्वागत किया गया। क्लब के सभी सदस्यों ने डा. अरविंद कुमार सिंह को नया अध्यक्ष चुना। इस मौके पर विनोद कुमार, शोभित गोयल, राजीव अग्रवाल, विनीत कुमार, इंजीनियर शैलेंद्र गोयल, मनीष खुराना, देवांग गुप्ता, प्रीति सिंह, पूजा जैन, नंदनी प्रधान, अर्चना कुमार, अंजली गोयल, अमिता सक्सेना, अर्चना गोयल आदि मौजूद रहे।

वैशाख शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 14 मई 2024
वर्ष 5, अंक 49, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारी बर्फबारी बन सकती है भूकंप का कारण 14

वेब सीरीज स्टारडम में नजर आएंगे शाहरुख 13

## भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील मोदी का निधन

पटना, एजेंसी



- छह माह से कैंसर से थे पीड़ित, 13 साल बिहार के डिप्टी सीएम रहे

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का सोमवार रात निधन हो गया। भाजपा की बिहार इकाई ने यह जानकारी दी। सुशील मोदी कैंसर से पीड़ित थे। भाजपा की बिहार इकाई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी के निधन से भाजपा परिवार अत्यंत दुखी है।

मोदी ने खुद 3 अप्रैल को सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर बताया था कि वह पिछले 6 माह से कैंसर से संघर्ष कर रहे हैं। मोदी के सचिव शैलेंद्र कुमार ओझा ने बताया कि मोदी का पटना में गंगा तट पर अंतिम संस्कार होगा। 5 जनवरी 1952 को पटना में जन्मे सुशील कुमार मोदी साढ़े तीन दशक से बिहार की राजनीति पर छाए रहे। वे करीब 13 वर्षों तक बिहार के उपमुख्यमंत्री भी रहे।

### 10वीं में 93.60 और 12वीं में 87.98 प्रतिशत बच्चे उत्तीर्ण, सर्वोच्च स्थान पाने वाले छात्रों को मिलेगा मेरिट प्रमाण पत्र

## सीबीएसई के नतीजे घोषित : शिखर पर फिर छात्राएं

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में लड़कियों ने परचम लहराया। सीबीएसई की ओर से सोमवार घोषित किए गए नतीजों के अनुसार 10वीं की परीक्षा में 94.75 प्रतिशत छात्राएं जबकि 12वीं की परीक्षा में 91.52 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं, जबकि 12वीं की परीक्षा में 85.12 प्रतिशत और 10वीं की परीक्षा में 92.72 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं।

बोर्ड ने पहले 12वीं के नतीजे घोषित किए और उसके करीब एक घंटे बाद अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम भी जारी कर दिए। इस बार सीबीएसई की 12वीं कक्षा की परीक्षा में जहां 87.98 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं 10वीं की परीक्षा में 93.60 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए हैं। इस बार सीबीएसई सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मेरिट प्रमाण पत्र जारी करेगा। ऐसे छात्रों को उनका सीबीएसई मेरिट सर्टिफिकेट उनके डिजिलॉकर अकाउंट में मिल जाएगा।

इस वर्ष 10वीं की परीक्षा में कुल 22,38,827 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 20,95,467 उत्तीर्ण हुए हैं। सफल विद्यार्थियों का प्रतिशत 93.60 रहा है, जो पिछले साल से 0.48 प्रतिशत अधिक है। वहीं, इस बार 12वीं में 87.98 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस साल 0.65 प्रतिशत अधिक सफल हुए हैं। लड़कों की तुलना में लड़कियों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 6.40 प्रतिशत अधिक है। सीबीएसई की 12वीं के नतीजे में 99.91 प्रतिशत के साथ त्रिवेन्द्रम एक बार फिर सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला क्षेत्र बना है। वहीं, प्रयागराज का परिणाम 78.25 प्रतिशत के साथ सबसे निचले पायदान पर रहा है।

वहीं, 10वीं कक्षा में भी त्रिवेंद्रम रीजन का नतीजा 99.75 प्रतिशत के साथ सर्वश्रेष्ठ रहा है। दूसरे नंबर पर 99.60 प्रतिशत के साथ के साथ विजयवाड़ा क्षेत्र है। तीसरे नंबर पर 99.30 प्रतिशत के साथ चेन्नई क्षेत्र है। सबसे खराब नतीजा गुवाहाटी क्षेत्र का 77.94 प्रतिशत है।

### पूरक परीक्षा 15 जुलाई से शुरू होंगी

सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की पूरक परीक्षा 15 जुलाई को शुरू होगी। बोर्ड के अधिकारियों ने सोमवार को यह घोषणा की। अधिकारियों ने बताया कि इस साल 10वीं कक्षा में 1.32 लाख विद्यार्थियों को और 12वीं कक्षा में 1.22 लाख विद्यार्थियों को पूरक परीक्षा की श्रेणी में रखा गया है।

### सीबीएसई देहरादून रीजन में 12वीं में रामपुर प्रथम

- तीसरे स्थान पर रहा मुरादाबाद जनपद
- मंडल में 10वीं में अमरोहा प्रथम और रामपुर द्वितीय

**रामपुर/ मुरादाबाद।** सीबीएसई देहरादून रीजन में 12वीं के परीक्षा परिणाम में रामपुर पहले स्थान पर रहा जबकि, मुरादाबाद जनपद तीसरे पायदान पर रहा। मुरादाबाद मंडल में 10वीं में 94 .27 प्रतिशत अंकों के साथ अमरोहा पहले स्थान पर ,92 .04 प्रतिशत अंकों के साथ रामपुर दूसरे और मुरादाबाद जनपद 91 .83 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। बिजनौर 87 .25 प्रतिशत अंक पाकर छठे स्थान पर, संभल 86 .81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सातवें स्थान पर है। 12वीं में 83 .67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रामपुर प्रथम, मुरादाबाद 78 .32 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय, अमरोहा 77 .60 अंक पाकर पांचवें और बिजनौर 77 .54 अंक प्राप्त कर छठे स्थान पर है। संभल 75 .44 अंक पाकर आठवें स्थान पर है।

### एक नजर

#### केजरीवाल को पद से हटाने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित धन शोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने का निर्देश देने की मांग वाली एक याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि ऐसी मांग करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है।

#### अप्रैल में खुदरा महंगाई घटकर 4.83 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** रसोई में इस्तेमाल होने वाली कई वस्तुओं के दाम घटने से अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति मामूली घटकर 4 .83 प्रतिशत पर आ गई। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में 4 .85 प्रतिशत के स्तर पर थी जबकि अप्रैल, 2023 में यह 4 .3 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में खाद्य वस्तुओं की खुदरा मुद्रास्फीति मामूली बढ़ोतरी के साथ 8 .70 प्रतिशत रही। एक महीने पहले मार्च में यह 8 .52 प्रतिशत के स्तर पर थी।

### प्रदेश में लोकसभा की 13 सीटों पर हुआ शांतिपूर्ण मतदान

# चौथे चरण में 58.09% वोटिंग

- खीरी में सबसे ज्यादा 64.73, कानपुर में सबसे कम 53.06 प्रतिशत वोटिंग
- शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा सीट पर 53.31 प्रतिशत मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में चौथे चरण की 13 सीटों पर शाम छह बजे तक औसत 58.09 प्रतिशत मतदान हुआ। खीरी में सबसे ज्यादा 64.73 प्रतिशत व कानपुर में सबसे कम 53.06 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा सीट पर 53.31 प्रतिशत मतदान हुआ। छिटपुट घटनाओं के बीच सभी सीटों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाम छह बजे तक शाहजहांपुर (अजा) सीट पर 53.24 प्रतिशत, धौरहरा में 64.45 प्रतिशत, सीतापुर में 61.91 प्रतिशत, हरदोई (अजा) में 57.57 प्रतिशत, मिश्रिख (अजा) में 55.79 प्रतिशत, उन्नाव में 55.44 प्रतिशत, फर्रुखाबाद में 58.97 प्रतिशत, इटावा (अजा) में 56.38 प्रतिशत, कन्नौज में 61 प्रतिशत, अकबरपुर में 57.66 प्रतिशत व बहराइच (अजा) में 57.45 प्रतिशत मतदान हुआ।

उन्होंने बताया कि मतदान की प्रक्रिया को स्वतंत्र व निष्पक्ष रखे जाने व प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए कुल 14,126 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई, जिसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तर पर किया गया। इसके अलावा 5420 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई थी।

पोस्टल बैलेट मतदान के लिए अर्ह श्रेणियों (85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता, दिव्यांग, अनिवार्य सेवाएं व मतदान कार्मिक) में 35,045 मतदाताओं ने मतदान किया।

**दिग्गजों का भाग्य ईवीएम में कैद**

इस चरण में कई दिग्गज नेताओं समेत 130 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, जबकि शाहजहांपुर की ददरौल सीट पर 10 प्रत्याशी मैदान में रहे। दिग्गज प्रत्याशियों में कन्नौज सीट से सपा प्रमुख अखिलेश यादव, खीरी से केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी, भाजपा सांसद साक्षी महाराज, सपा से अन्नू टंडन आदि शामिल हैं।

#### 10 राज्यों की 96 सीटों पर 63 प्रतिशत वोटिंग

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल में हिंसा की छिटपुट घटनाओं के बीच लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों के लिए करीब 63 प्रतिशत मतदान हुआ। तेलंगाना की सभी 17 लोकसभा सीट, आंध्र प्रदेश की 25, उत्तर प्रदेश की 13, बिहार की पांच, झारखंड की चार, मध्य प्रदेश की आठ, महाराष्ट्र की 11, ओडिशा की चार, पश्चिम बंगाल की आठ और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर मतदान हुआ।



वोट डालने के बाद प्रसन्न मुद्रा में अजय मिश्र टेनी।

#### मतदान के दौरान आईं 150 शिकायतें

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी सीटों पर 150 शिकायतें मिलीं। इनमें ईवीएम खराब होने, फर्जी मतदान होने आदि शामिल हैं। जांच कराने पर शिकायतें सही नहीं पाई गईं। सबसे ज्यादा शिकायतें कन्नौज व सबसे कम खीरी से दर्ज हुईं। मॉक पोल के दौरान कुल 131 बैलेट यूनिट, 210 कंट्रोल यूनिट व 286 वीवीपैट बदले गए व मतदान शुरू होने के बाद शाम छह बजे तक कुल 53 बैलेट यूनिट, 53 कंट्रोल यूनिट व 201 वीवीपैट बदले गए। ददरौल में मॉक पोल के दौरान दो बैलेट यूनिट, तीन कंट्रोल यूनिट व पांच वीवीपैट बदले गए। मतदान शुरू होने के बाद एक बैलेट यूनिट, एक कंट्रोल यूनिट व तीन वीवीपैट बदले गए। शिकायतें आने पर समय पर ईवीएम को बदला गया।

#### ईवीएम की सुरक्षा अर्द्ध सैनिक बलों को

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई थी। ईवीएम के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है।

## टैंकर-कार में भिड़ंत शाखा प्रबंधक समेत 3 बैंक कर्मियों की मौत

कार्यालय संवाददाता, कुंदरकी / मुरादाबाद



अमित राणा



दिव्यांशु भारद्वाज



सौरभ श्रीवास्तव

- हाइवे पर बंदर को बचाने के प्रयास में कार हुई अनियंत्रित कार काटकर शव निकाले


**अमृत विचार :** मुरादाबाद-अलीगढ़ नेशनल हाइवे पर कुंदरकी क्षेत्र में ग्राम डोमघर के निकट कार और टैंकर की भिड़ंत में बैंक शाखा प्रबंधक समेत तीन की मौत हो गई है। सभी चंदौसी में एक्सिस बैंक शाखा में कार्यरत थे और मुरादाबाद से ड्यूटी के लिए चंदौसी जा रहे थे। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को काटकर फंसे शवों को बाहर निकाला।

हादसा सुबह 8.40 बजे हुआ। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीसरे घायल को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां उसने दम तोड़ दिया। जान गंवाने वालों में शाखा प्रबंधक सौरभ श्रीवास्तव, कैशियर दिव्यांशु और अमित शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि कैमिकल से भरा टैंकर गुजरात से ठाकुरद्वारा जा रहा था। इस बीच डोमघर गांव के पास बंदर को बचाने के प्रयास में बैंक कर्मियों की कार कैंटर में जा घुसी और कैंटर भी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। हादसे में सौरभ श्रीवास्तव (30) और दिव्यांशु भारद्वाज (32) की मौके पर ही मौत हो गई थी, लेकिन अमित राणा (39) की सांसें चल रही थीं। अमित को जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में दम तोड़ दिया। सौरभ लखनऊ, दीपांशु फिरोजाबाद और अमित राणा मुरादाबाद के रहने वाले थे। कुंदरकी थानाध्यक्ष संजय कुमार पांचाल ने बताया कि टैंकर चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया।

## फूलों की बारिश के बीच निकला मोदी का भव्य रोड शो

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

- नामांकन से पहले वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में उमड़ी भीड़
- शहनाई की धुन, शंख की गूंज के बीच हर-हर महादेव का होता रहा उद्घोष



रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मानो कोई भव्य बरात हो और उसमें अधिकांश काशीवासी शामिल हों। इस दौरान बुजुर्ग, युवा, महिलाओं और बच्चों का उत्साह देखते बना। मौका था नामांकन से पहले सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भव्य रोड शो का। वाराणसी के इस रोड शो में भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। फूलों की बारिश के बीच मोदी खुले वाहन में सवार होकर वाराणसी की सड़कों पर निकले और लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

मोदी के रोड शो का संचालन महिलाएं करतीं दिखीं। लगभग पांच हजार से ज्यादा महिलाएं उनके स्वागत के लिए आगे आगे चल रही थीं। मुस्लिम महिलाएं भी मोदी के स्वागत को आगे आईं। महिला, पुरुष दोनों नरेन्द्र मोदी के स्वागत के लिए फूल माला लेकर उनका इंतजार करते रहे। प्रधानमंत्री के साथ वाहन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी रहे।

रोड शो के रास्तों पर हर तरफ शंख और शहनाई गूंज रही थी। हर-हर महादेव का उद्घोष भी हो रहा था। रोड शो को देखने के लिए छोटे-छोटे बच्चे भी सड़क किनारे खड़े दिखे। हर तरफ दृश्य भगवामय था। गोदौलिया चौराहे पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। यादव समाज की ओर से कलाकारों ने मयूर नृत्य की प्रस्तुति दी। मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ने का दावा करने वाली हिमांगी सखी भी रोड शो में पहुंचीं।

#### प्रधानमंत्री आज करेंगे नामांकन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को वाराणसी संसदीय सीट से तीसरी बार नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भाजपा शासित और गठबंधन वाले 12 राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। एनडीए के प्रमुख घटक रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी, लोजपा प्रमुख चिराग पासवान, अपना दल एस की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल, सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर समेत अन्य केंद्रीय मंत्री और भाजपा के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। सुबह करीब 9 बजे मोदी दशास्वमेध घाट पर गंगा को नमन करेंगे फिर उनका क्रूज़ से नमो घाट तक जाना भी प्रस्तावित है। यहां से काल भैरव मंदिर जाएंगे फिर वहां से नामांकन करने कलेक्ट्रेट जाएंगे।

## दिल्ली सीएम हाउस में स्वाति मालीवाल से अभद्रता, केजरीवाल के स्टॉफ पर आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी



- फोन पर सूचना के बाद थाने पर की मौखिक शिकायत

दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी स्टाफ के एक सदस्य द्वारा उन पर हमला किए जाने का आरोप लगाया। मालीवाल सोमवार को सिविल लाइंस थाने पहुंचीं और यह आरोप लगाया। पुलिस को अब तक इस मामले में कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास और (आप) की ओर से भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर) एमके. मीणा ने बताया कि सुबह 9:34 बजे पुलिस को पीसीआर कॉल आया जिसमें महिला ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास में उनपर हमला हुआ है। उन्होंने बताया कि कुछ समय बाद सांसद थाने आईं।

**जांच टीम भेजेगा महिला आयोग :** राष्ट्रीय महिला आयोग स्वाति मालीवाल पर कथित हमले की जांच के लिए एक टीम भेजेगा। आयोग ने कहा कि वह इस मामले में कार्रवाई रिपोर्ट भेजने के लिए दिल्ली पुलिस को औपचारिक पत्र भी भेजेगा।

#### भाजपा ने की प्रकरण की जांच की मांग

भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि अगर ऐसी घटना किसी भी महिला के साथ होती है तो उसे न्याय मिलना चाहिए।

## छत्तीसगढ़ में 14 इनामी नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर, एजेंसी

- इनमें से 11 के सिर पर था 41 लाख रुपये का इनाम

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने छह महिला नक्सलियों समेत 14 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए नक्सलियों में से 11 के सिर पर कुल 41 लाख रुपये का इनाम है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुतवेंडी-पीड़िया गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने गिरफ्तारियां कीं। बताया कि नक्सल विरोधी अभियान के तहत रविवार को डीआरजी बीजापुर और गंगालूर थाना के दल के गश्त के लिए रवाना किया गया था। पीड़िया-मुतवेंडी के मध्य जंगल में घेराबंदी कर 14 नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया।

**गढ़चिरौली में तीन नक्सली मारे गए :** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए जिनमें दो महिलाएं हैं। पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने कहा कि भामरागढ़ तालुका के कटरांगट्टा गांव के पास एक जंगल में हुई मुठभेड़ में एक पुरुष और दो महिला नक्सली मारे गए। मौके से एक एके-47 राइफल, एक कार्बाइन, एक इंसास राइफल मिले।

## भाजपा प्रत्याशी माधवी लता के खिलाफ एफआईआर


- मुस्लिम महिलाओं का नकाब हटाकर चेहरा दिखाने का आरोप

**हैदराबाद।** हैदराबाद लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार माधवी लता का सोमवार को एक वीडियो सामने आया जिसमें वह बुर्का पहनी महिला मतदाताओं से कथित रूप से नकाब हटाने और चेहरा दिखाने को कहती दिख रही हैं ताकि पहचान पत्र से उनके चेहरे का मिलान किया जा सके। यह वीडियो सामने आने के बाद निर्वाचन अधिकारियों ने लता के खिलाफ एक मामला दर्ज किया।

## राहुल वोट मांगते हैं रायबरेली से, समर्थन पाते हैं पाकिस्तान से

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### मुख्यमंत्री ने बाराबंकी, रायबरेली और बांदा में की जनसभा



- योगी ने पूछा- आखिर राहुल गांधी के पाकिस्तान से क्या संबंध हैं
- गाय हमारी माता है, इसे काटोगे तो हो जाएगा दो-दो हाथ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को भाजपा प्रत्याशियों के लिए बाराबंकी, रायबरेली और बांदा लोकसभा सीटों के लिए जनसभाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चौथे चरण के मतदान के साथ ही मोदी लहर अब सुनामी बन चुकी है। कांग्रेस और सपा पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि राहुल भले ही वोट रायबरेली से मांगते हैं मगर उन्हें समर्थन पाकिस्तान से मिल रहा है। योगी ने सवाल उठाया कि आखिर राहुल गांधी के पाकिस्तान से क्या संबंध हैं।

कांग्रेस को चेतावनी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गाय हमारी माता है, अगर इसे काटोगे तो दो-दो हाथ तय है। उन्होंने यह भी कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर के लोग भारत में शामिल होना चाहते हैं, क्योंकि उन्हें मोदी की गारंटी पर भरोसा है। बाराबंकी के हैदरगढ़ में योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा का इतिहास घोटालों का रहा है। उन्होंने यहां पार्टी प्रत्याशी राजरानी रावत के लिए वोट की अपील की। यह भी कहा कि हमारे राम भी यही चाहते हैं कि उनका परम भक्त मोदी एक बार फिर देश की सत्ता संभाले।

रायबरेली के सरेनी में मुख्यमंत्री ने पार्टी प्रत्याशी और मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के पक्ष में मतदान की अपील की। यहां मुख्यमंत्री ने पुलवामा घटना का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान का मंत्री उस घटना का समर्थन कर रहा था। वह मंत्री आज रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी का समर्थन कर रहा है। आखिर राहुल गांधी के पाकिस्तान से क्या संबंध हैं। वे रहेंगे हिंदुस्तान में, वोट मांगेंगे रायबरेली से और समर्थन मिल रहा है पाकिस्तान से।

#### पाकिस्तान में एक किलो आटे को मारामारी

बांदा लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी आरके सिंह पटेल के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते योगी ने कहा कि देश में 80 करोड़ जरुरतमंदों को फ्री में राशन दिया जा रहा है। वहीं, आज एक अखबार में छपा है कि पाकिस्तान में एक किलो आटे के लिए मारपीट हो रही है। वहां दंगे हो रहे हैं। बोले कि पीओके में लोग भारत का हिस्सा बनने को आंदोलित हैं क्योंकि उनका मोदी की गारंटी पर विश्वास है। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में लोगों से वोट देने की अपील की।

एक नजर

## महिलाओं को कानून के प्रति किया जागरूक

मसवासी, अमृत विचार : महिला सशक्तिकरण के तहत पुलिस ने कई गांवों का भ्रमण कर महिलाओं को जागरूक किया। घरेलू हिंसा समेत अन्य विवादों के लिए उन्हें सहायता नंबर भी उपलब्ध कराए। चौकी क्षेत्र के गांव अलीगंज और सीतारामपुर में महिला सशक्तिकरण के तहत उपनिरीक्षक नीलम द्विवेदी व कांस्टेबल दीपक कुमार, शमशाद मलिक ने महिलाओं को सशक्तिकरण के तहत घरेलू हिंसा और अन्य विवादों में सहायता के लिए डायल 1090 और डायल 112 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि किसी भी परेशानी में इन नंबरों पर फोन करके सहायता ले सकती हैं। महिलाओं को किसी भी परेशानी से बचने के लिए आत्मनिर्भर बनना होगा। एसआई नीलम द्विवेदी ने ग्रामीण क्षेत्र में होने वाले विवादों के लिए स्थानीय पुलिस की मदद लेने का भी आह्वान किया। कहा की मामूली विवादों को स्थानीय स्तर पर बैठकर निपटारा कर लेना चाहिए। ताकि समय की बर्बादी न हो। इस मौके पर नसीम जहां, आयशा खातून, सुल्तान जहां, इशरत जहां, राबिया खातून, फरहा, नाजिया आदि मौजूद रहीं।

# जिले में दौड़ रहे 10 हजार ई-रिक्शा

## पांच हजार ई-रिक्शा ही हैं पंजीकृत, बेतरतीब संचालन से लगता है जाम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- अपंजीकृत ई-रिक्शाओं के खिलाफ नहीं होती कार्रवाई
- अधिकांश चालकों को नहीं है यातायात के नियमों का ज्ञान

अमृत विचार : जिले में मात्र पांच हजार ई-रिक्शा का ही पंजीकरण है। जबकि जिले में दस हजार से ज्यादा ई-रिक्शा धड़ल्ले से दौड़ रही हैं। इसके कारण ई-रिक्शा चालक जहां जगह मिलती है वहीं खड़े हो जाते हैं। इस वजह से जाम लगता है। जाम लगने पर पुलिसकर्मी ई-रिक्शा चालकों को पीटते हैं।

शहर में करीब 10 हजार ई-रिक्शा का संचालन होता है। ई-रिक्शा चालकों पर वाहनों का पंजीकरण कराने का दबाव भी बनाया जा रहा है। इन गरीबों के चालान भी काटे जा रहे हैं। नगर पालिका परिषद के अधिकारी भी पंजीकरण कराने का फरमान जारी कर चुके हैं। इसके बाद भी ई-रिक्शा चालक सुधर नहीं रहे हैं। रोजी-रोटी के जुगाड़ में दस-बीस रुपये की सवारी की तलाश में ई-रिक्शा चालक बिना ट्रैफिक सेंस के इधर-उधर दौड़ते रहते हैं। जहां जगह मिल जाती है वहीं ई-रिक्शा लेकर खड़े हो जाते हैं। बाजारों में जहां कहीं चार-छह ई-रिक्शा खड़ी हो जाती हैं, जाम की स्थिति बन जाती है। इसके कारण पुलिसवाले उन पर डंडा बरसाना शुरू कर देते हैं। कोई फटकार देता है तो कोई उनके वाहन में लात मारकर आगे बढ़ाने को कहता है। पूरे दिन ई-रिक्शा चालक पुलिस की पिटाई और गालियां सहकर अपने बच्चों के लिए दो वक्त की रोटी की फिक्र में दौड़ते रहते हैं। ई रिक्शा चालकों में ट्रेफिक सेंस नहीं होने के कारण अक्सर सड़क हादसे भी हो जाते हैं।


बेतरतीब तरीके से ई-रिक्शा चलाते चालक। ● अमृत विचार

### यहां बनाए जाएं ई-रिक्शा स्टैंड

रोडवेज, रेलवे स्टेशन, सिविल लाइन थाने के सामने, बरेली गेट, बिलासपुर गेट, मिस्टन गंज, पुराना गंज, हामिद गेट, किला पूर्वी गेट, बापू माल, गुइया तालाब, शुतरखाना, राजकीय रजा डिग्री कालेज, राजकीय महिला डिग्री कालेज।

### मिस्टन गंज में ई रिक्शाओं से लग जाता है जाम

शहर के व्यस्तम बाजार मिस्टन गंज में पार्क के निकट ई-रिक्शा खड़ी होने से जाम की स्थिति बनी रहती है। ई-रिक्शा चालक रफीक अहमद बताते हैं कि चार-छह ई-रिक्शा खड़ी होने पर मिस्टन गंज चौराहे पर जाम की स्थित बन बन जाती है। होमगार्ड और पुलिस वाले ई-रिक्शा चालकों पर डंडा चलाना शुरू कर देते हैं। बताते हैं कि उनके हाथ में पुलिस वाले ने डंडा मार दिया। दो दिन तक हाथ पर सूजन रही। वह मजदूरी नहीं कर सके। इसके कारण एक दिन रात को बच्चे भूखे रहे। अगले दिन सूजे हुए हाथ से ही उन्होंने ई-रिक्शा चलाई। मजदूरी होने के बाद उनके घर में चूल्हा जला।

## 20 लाख रुपये से हुई 15 नालों की सफाई

रामपुर, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद 20 में से 15 नालों की सफाई करा चुकी है। इसमें 20 लाख रुपये की लागत आई है।

सफाई एवं खाद्य निरीक्षक डा. अविनाश कुमार ने बताया कि नालों की सफाई के लिए 200 ठेका सफाई कर्मी, दो जेसीबी, एक पॉकलेन मशीन तथा नालों से निकली स्लिट के लिए चार ट्राली लगाई गई है। अब तक 15 नालों में से निकले मलबे को 500 ट्रालियों में भरवाया गया है। तीन साल पहले इन नालों की सफाई पर 80 लाख रुपये की लागत से आई थी। इस हिसाब से 55 लाख रुपये की पालिका को बचत हुई है। शहर में अजीतपुर से रेलवे की पुलिया, रेलवे की पुलिया से चीनी मिल, चीनी मिल से शाहबाद गेट, शाहबाद गेट से शिवि टाकिज, शिविर टाकिज से बाबा दीप सिंह नगर, शाहबाद गेट से गांधी समाधि, गांधी स्टेडियम से अल्लाह हू दादा का मजार, बेगम वाली बगिया से तहसील के पीछे धोबी घाट आदि नाले हैं।

ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि 20 में से 15 नालों की सफाई पॉकलेन, जेसीबी की सहायता से कराई गई है। शेष नालों की सफाई भी जल्द ही पूरी हो जाएगी।

# अधर में लटका एलएमयू यूनिट का निर्माण कार्य

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिला महिला चिकित्सालय में एसएनसीयू वार्ड के पास लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट (एलएमयू) का निर्माण कई माह से अधर में लटका है। इसके बनवाने का आदेश नवंबर 2023 में आया था।

एसएनसीयू वार्ड में एक माह तक के गंभीर रूप से बीमार बच्चों को भर्ती किया जाता है। इसमें भर्ती बच्चों को दूध पीने में काफी कठिनाई होती है। उन्हें दूध नली या चम्मच से पिलाया जाता है। यूनिट बनने से बीमार बच्चे को दूध पिलाने के लिए बाहर नहीं लाना पड़ेगा। न ही मां को अंदर जाने की नौबत आएगी। नौनिहालों के लिए मिल्क यूनिट में स्टोर किया जाएगा। इससे संक्रमण की आशंका कम होगी। मां की यूनिक आईडी, नवजात की आयु, दूध की एक्सपायरी, वित्तीय वर्ष का रिकार्ड, आडिट एवं फीडबैक रिकॉर्ड के लिए रजिस्टर बनाना होगा। यह यूनिट राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत बननी है। इसके बनवाने के लिए 9.61 लाख रुपये की लागत आएगी।



महिला चिकित्सालय में बना एसएनसीयू वार्ड।

### यूनिट में यह कराए जाएंगे प्रबंध

लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट में फ्रिज, डीप फ्रीजर, दो इलेक्ट्रिक ब्रेस्ट पंप, किचन बकेट, हॉट एयर ओवन, बेंच टॉप आटोक्लेव, बकेट ट्राली, फोल्डिंग लाउंड्री बाल्टी, मल्टी फंक्शन जनरेटर, पांच डस्टबिन, छह कप बोर्ड, दो टेबल, दो एयरकंडीशन, प्रिंटर, चार सीलिंग फैन, दो गीजर, म्यूजिक सिस्टम व पानी पीने की मशीन आदि आधुनिकरण उपकरण लगाए जाएंगे।

चिकित्सालय में एलएमयू यूनिट बननी है। इसके बनने से नौनिहालों को काफी सहूलियतें मिलेंगी। यूनिट की स्थिति के बारे में जानकारी की जाएगी।
-डा .एसपी सिंह
मुख्य चिकित्साधिकारी

# लघु नाटिका के माध्यम से समझाया मां का महत्व

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सेंट पॉल्स स्कूल के जूनियर विंग की प्रधानाचार्य कमिला दयाल ने कहा कि मां ईश्वर का साक्षात रूप होती है। उसके आशीर्वाद से हम जटिल से जटिल आयामों को अत्यंत सुगमता से प्राप्त कर लेते हैं। दूसरी ओर विद्यालय की मुख्य शाखा में भी मातृ दिवस का आयोजन किया गया।

सेंट पॉल्स स्कूल के जूनियर विंग में मातृ दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जूनियर विंग के विद्यार्थियों एवं उनकी माताओं ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने माता की ममता को प्रदर्शित करने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कक्षा नौ के छात्र-छात्राओ ने लघु नाटिका के माध्यम से मां का महत्व समझाया। अध्यापिका रीना अग्रवाल ने स्वरचित कविता के माध्यम से एवं अमिता रवि ने उद्बोधन के माध्यम से मां की महिमा बताई। कार्यक्रम का संयोजन शाजली खान ने किया। संचालन शर्मिला मैसी ने किया।


मातृ दिवस पर कार्यक्रम पेश करते बच्चे। ● अमृत विचार


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


किसानों को संबोधित करते जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार। ● अमृत विचार

# भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ की जाए कार्रवाई

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन भानू गुट ने जल निगम के ठेकेदारों व भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सोमवार को जिलाध्यक्ष आकिल खां की अगुआई में किसान तहसील पहुंचे। उन्होंने किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को नामित ज्ञापन एसडीएम सुनील कुमार को सौंपा।

इसमें बताया कि जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत काम कर रहे ठेकेदार बेलगाम हो गए हैं। अधिकारियों की मिलीभगत से गांवों में घटिया पाइप डाल रहे हैं। पाइपलाइन डालने के लिए खोदे गए गड्ढों को भी नहीं पाट रहे हैं। इससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संगठन से जुड़े लोग विद्युत विभाग के खिलाफ भी जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति का बुरा हाल है। किसानों को समय से बिजली नहीं मिल रही है। अधिकारियों का कहना है कि सरकार ने नलकूप का बिल माफ किया है, इसलिए बिजली इसी तरह मिलेगी। ज्ञापन देने वालों में रामौतार, गुलाम रसूल, विद्याराम, नंदकिशोर सागर, इशरत अली, हासिम, आराम सिंह आदि शामिल रहे।

### किसानों की समस्याओं को कराएंगे दूर : अजय

रामपुर, अमृत विचार : भाकियू अराजनीतिक के जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार ने कहा कि किसानों की समस्याओं को दूर कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि 15 मई को भाकियू अराजनीतिक का स्थापना दिवस और बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि के मौके पर आंबेडकर पार्क में पंचायत होगी। इसमें किसानों की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। सोमवार को भाकियू अराजनीतिक के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एक होटल में पंचायत हुई। उन्होंने पदाधिकारियों से आह्वान किया कि जिले के किसान पंचायत में अवश्य उपस्थित हों। बैठक में सुरेंद्र खन्ना, नासिर घोषी, महेश बाबू गंगवार, जुबैर खान, सरफराज खान, आफताब, समीर रजा, आलम, जकी अहमद, सुहैल खान, बाबूराम, फरमान अली आदि मौजूद रहे।

# मेधावियों को कायस्थ चेतना मंच 17 अगस्त को करेगा सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : कायस्थ चेतना मंच की बैठक नगर के ब्रिज विहार कॉलोनी में मंच के पूर्व महासचिव पंकज राय के निवास पर हुई। बैठक में सर्व सम्मति से सीबीएससी, आईसीएससी और यूपी बोर्ड से कक्षा 10 व 12 में उत्तीर्ण होने वाले मेधावियों को पुरस्कृत करने की सहमति बनी है। मेधावियों को 17 अगस्त को सम्मानित किया जाएगा।

मंच से जुड़े उद्योगपति व समाज सेवी सुभाष नंदा ने कहा कि मंच स्व-समाज के चित्रांश बच्चों को पुरस्कृत करेगा। मीडिया प्रभारी शोभित किशोर सक्सेना ने कहा कि जैसे-जैसे परिणाम आते जाएंगे बच्चों की अंकतालिका के आधार पर मेरिट बना कर 17 अगस्त को मंच स्थापना दिवस पर इन मेधावियों को पुरस्कृत करेगा।

बैठक में अशोक कुमार करोरी, महासचिव, असीम सक्सेना, दिनेश सक्सेना, केके सक्सेना, ललित सक्सेना, पंकज भटनागर, अखिलेश, जीके श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# देश को शक्तिशाली बनाने में योगदान दें युवा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मुख्य अतिथि मुनीश चंद्र शर्मा ने कहा कि परशुराम भगवान ने मानवता की रक्षा और मानव मूल्यों की स्थापना के लिए शस्त्र उठाये। सुख, शांति, समृद्धि, शौर्य और बल के दाता भगवान परशुराम अक्षय तृतीया को पृथ्वी पर अवतरित हुए और वह चिरंजीवी हैं। ब्राह्मणों को एकता का मंत्र देते हुए उन्होंने कहा कि एकता के बल पर बड़ी से बड़ी समस्याएं हल हो जाती हैं।

अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा की टांडा इकाई ने ग्राम जटपुरा में भगवान परशुराम जयंती मनाई। जिलाध्यक्ष मुनीश चंद्र शर्मा, राजेश कुमार शर्मा, गौरव शर्मा और सुशील कुमार शर्मा ने दीप जलाकर समारोह की शुरूआत की। पंडित विकास शर्मा ने वैदिक मंत्रों द्वारा पूजन कराया। कहा कि समाज ब्राह्मणों को अपना आदर्श मानता है। इसलिए जन कल्याण के लिये ब्राह्मण समाज को अपनी ज़िम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने युवा शक्ति का आह्वान करते हुए कहा कि वह देश व समाज को शक्तिशाली बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज को अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करके समाज में आध्यात्मिक और सामाजिक चेतना का विकास करना चाहिए। स्वयं सक्षम बनकर असहाय और निर्बल वर्ग की सहायता करें। जिलाध्यक्ष मुनीश चंद्र शर्मा ने गौरव शर्मा को टांडा तहसील के युवा प्रकोष्ठ का संयोजक नियुक्त किया। इस अवसर पर सुशील शर्मा, पुनीत शर्मा, अंकित शर्मा, पंकज शर्मा, आदित्य शर्मा, सुमित शर्मा, नवीन शर्मा, विकास शर्मा, अनुराग शर्मा, संजीव शर्मा, अंबर वशिष्ठ ने भी विचार व्यक्त किए।


परशुराम जयंती मनाते अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी।

## खराब हैंडपंपों को ठीक कराने की मांग

बिलासपुर, अमृत विचार : तपती गर्मी में लंबे समय से खराब पड़े एक धार्मिक स्थल सहित अन्य स्थानों पर लगे हैंडपंप ठीक न कराने से नाराज ग्राम पंचायत कोठा जागीर के ग्रामीणों ने विरोध जताया।

सोमवार को कोठा जागीर के ग्रामीण पुजारी बाबा तेज गिरि के नेतृत्व में शिव मंदिर में एकत्र हुए। पेयजल आपूर्ति में आ रही दिक्कतों का हवाला देते हुए विरोध जताया। ग्रामीणों ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते गांव में आधे से ज्यादा हैंडपंप सूख चुके हैं। बाकि हैंडपंप खराब होने कारण शोपीस बनें हैं। ग्रामीणों ने बताया मंदिर में लगा हैंडपंप आठ माह से खराब है। इससे मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। महेश यादव, खेमपाल यादव, अरविंद कुमार, विनय यादव, राकेश यादव, जितेन्द्र यादव, किशनपाल, विरेन्द्र यादव, सुनीता, मिथलेश आदि मौजूद रहे।


नव नियुक्त कमेटी के साथ नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य। ● अमृत विचार

# नवनियुक्त कमेटी का शपथ ग्रहण समारोह

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : बाजपुर में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की नवनियुक्त कमेटी के शपथ ग्रहण समारोह में नगर के पत्रकारों को भी उत्तराखंड विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता यशपाल आर्य ने शॉल ओढ़ाकर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

रविवार देर रात बाजपुर के एक होटल में कार्यक्रम हुआ। इसमें उत्तराखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नेता यशपाल आर्य, उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव सिंह नामधारी, कांग्रेस नेता हरेंद्र सिंह लाडी ने मसवासी के पत्रकार महेश चंद्र वर्मा, संतोष वर्मा, शकील मलिक, राहुल वर्मा को सम्मानित किया। इस मौके पर यूनियन के जिला अध्यक्ष राजीव चावला, सोनू नागी, मोहम्मद आसिफ आदि शामिल रहे।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, बिलासपुर

- रूद्र-बिलास चीनी मिल का नवीनीकरण, बाइपास में अधिग्रहित जमीनों का मुआवजा आदि पांच सूत्रीय मांगें शामिल

अमृत विचार : रूद्र-बिलास चीनी मिल का पूरी तरह नवीनीकरण कराने, बाइपास की जद में आने वाली जमीनों का मुआवजा व सामान्य योजना के तहत नलकूप कनेक्शन देने आदि पांच सूत्रीय मांगों को लेकर भाकियू भानु गुट के कार्यकर्ताओं ने तहसील में प्रदर्शन किया। इसके बाद नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को भानु-गुट के कार्यकर्ता वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी के नेतृत्व में एकत्र हुए। इसके बाद जोरदार नारेबाजी करते हुए तहसील भवन पहुंचे। उपजिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय की गैर-मौजूदगी में नायब तहसीलदार सचिन कुमार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रूद्र-बिलास सहकारी चीनी मिल को नए सत्र की शुरूआत से पहले नवीनीकरण कराने, दिबदिबा-रूद्रपुर बाइपास में अधिग्रहीत की जा रही जमीनों का सर्किल रेट के मुताबिक मुआवजा दिलाने, सामान्य योजना के तहत पूर्व की भांति किसानों को नलकूप कनेक्शन देने की मांग की। कहा कि मजदूरों व किसानों को सरकारी आवास दिए जाएं। इस मौके पर रईस अहमद, मोहम्मद आसिम रजा, अहकाम मिर्जा, गीता, वाहिद अली, इमरान खान, सलमान मिर्जा, गुफरान अली, शफीक अहमद, सफदर, सद्दीक, रेखा, ऊषा, ममता, मोहम्मद गफ्फार आदि मौजूद रहे।

## जाम की समस्या से दुकानदार परेशान

मसवासी, अमृत विचार : नगर में आए दिन जाम की समस्या बनी रहने से क्षेत्र वासियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जाम को लेकर पुलिस-प्रशासन गंभीर नहीं है।

सोमवार की दोपहर काशीपुर मार्ग पर जाम लग गया। भीषण गर्मी में वाहन चालकों को जाम से जूझना पड़ा। आए दिन जाम की वजह से दुकानदार भी परेशान हैं। लगभग आधे घंटे तक वाहनों का आवागमन बाधित रहा। शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। सड़क किनारे साप्ताहिक बाजार लगने से जाम लग जाता है।

जाम की समस्या को लेकर पुलिस-प्रशासन सजग नहीं है। जब तक पुलिस जाम खुलवाने पहुंचती है तब वाहनों की लंबी लाइन लग जाती है। चौकी प्रभारी रोहित कुमार ने बताया की जाम को लेकर पुलिस-प्रशासन गंभीर है। सिपाहियों को निर्देशित किया गया है।

रणनीति | जनपद में 6,38,120 के सापेक्ष बने हैं 5,51,650 आयुष्मान कार्ड

# फोन पर दिया जा रहा आयुष्मान का लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने के लिए अब कॉलिंग की सुविधा शुरू की गई है। अधिक से अधिक पात्रों के कार्ड बनाने के लिए नगरीय क्षेत्रों से लेकर ब्लॉक स्तर तक योजना सीएचओ को फोन पर लक्ष्य दिया जा रहा है। लक्ष्य के हिसाब से ही सीएचओ स्वास्थ्य कर्मियों को जिम्मेदारी सौंपी है।

जिले के पांच ब्लॉकों में यह सुविधा शुरू की गई है। इसमें रोजाना शाम को डाटा भी अपडेट कराना होता है। जनपद में अब तक 6,38,120 के सापेक्ष 5,51,650 लोगों के आयुष्मान कार्ड बने हैं। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के लिए सरकार आयुष्मान कार्ड उपलब्ध करा रही है। इसके लिए स्वास्थ्यकर्मियों को जिम्मेदारी दी गई है। कुछ दिन से कार्ड बनाने की प्रक्रिया काफी धीमी हो गई थी। प्रतिदिन निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले कम कार्ड बन रहे थे।

आयुष्मान योजना के नोडल अधिकारी डा. ओपी आर्या ने बताया कि जनपद में 6,38,120 आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य मिला है। इसमें 5,51,660 कार्ड बन चुके हैं। पंचायत सहायक, सीएचओ, एएनएम और आशा आरोग्य मित्र घर-घर जाकर कार्ड बनवा रहे हैं। लक्ष्य के प्राप्ति के लिए ब्लॉक से कॉलिंग की सुविधा कराई गई है। ब्लॉक के अधिकारियों की ओर से रोजाना सीएचओ को लक्ष्य दिया जा रहा है। इसके बाद सीएचओ, एएनएम और आशा से पात्रों के कार्ड बनवाने के निर्देश दे रहे हैं। रोजाना शाम को अपडेड भी लिया जा रहा है। ताकि कार्ड बनाने के मामले में जिले की रैंक बरकरार बनी रहे।

### 86,470 कार्डों को कार्य किया जाए पूरा

नोडल अधिकारी के अनुसार लक्ष्य के अनुसार 86,470 कार्डों को जल्द पूरा कराने की हिदायत दी गई है। लापरवाही बरतने पर सीएमओ ने नगरीय क्षेत्र की एएनएम सरिता, अखिलेश, लक्ष्मी, आरती, सोनाली, नीरु को तीन दिन पहले नोटिस दिए थे। उन्हें चेतावनी दी गई है कि अंत्योदय राशन धारकों और श्रम विभाग में जिन लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है उन लोगों के भी आयुष्मान कार्ड बनवाए जाए।

जिन पात्रों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, वह तत्काल पंचायत सहायक, सीएचओ, एएनएम, आशा से संपर्क कर बनवाएं। योजना के तहत पांच लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा मिल रही है।
-डा . एसपी सिंह
मुख्य चिकित्साधिकारी

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### डीएम से की मिलावटी दूध बेचने की शिकायत

**मसवासी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बिजारखाता निवासी भारतीय अटल सेवा के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार दिवाकर ने डीएम को पत्र भेजकर मांग की है कि डेयरियों पर मिलावटी दूध बेचा रहा है। मिलावटी खोया, पनीर बेचने की शिकायत करते हुए जांचकर कार्रवाई की मांग की है। आरोप लगाया है कि डेयरी संचालक मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री कर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। आरोप है कि खाद्य पदार्थों में मिलावट होने की शिकायत करने पर डेयरी संचालक मारपीट पर उतारु हो जाते हैं।

### अवैध खनन में दो जेसीबी और दो डंपर सीज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** अवैध खनन व ओवरलोडिंग के विरुद्ध चल रहे प्रशासनिक अभियान के तहत बीती रात दो जेसीबी तथा दो डंपरों को सीज किया गया। तहसीलदार निश्चय कुमार ने पईपुरा गांव में मिट्टी का अवैध खनन कर रहीं दो जेसीबी तथा एक डंपर को कब्जे में लेकर सीज कर दिया। वहीं, नायब तहसीलदार सचिन कुमार ने रामनगर गांव के पास से गुजर रहे ओवरलोडिंग डंपर को सीज करने की कार्रवाई की। चारों वाहनों को कोतवाली पुलिस को सौंप दिया गया है। मामले से जिलाधिकारी व खनन अधिकारी को भी अवगत कराया गया है।

### शादी वाले घर समेत दो स्थानों से चोरी

**शाहबाद, अमृत विचार :** ढकिया चौकी क्षेत्र में शादी वाले घर समेत दो स्थानों से चोरों ने हजारों का सामान साफ कर दिया। दोनों चोरियों की पुलिस को सूचना दे दी गई है। मधुकर गांव निवासी टीटू के लड़के की लगुन आई थी। इसके चलते दावत का आयोजन किया गया था। बताया जाता है कि दावत के दौरान चोर कमरे में घुस गया। उसने टीटू की भतीजी के पर्स से चांदी का जेवर और मोबाइल फोन चुरा लिया। महिलाओं ने कमरे से निकलता देख चोर का पीछा किया। लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर वह भाग गया। दूसरी ओर, शकील के घर से चोर चार्जिंग पर लगा मोबाइल फोन और उसके पर्स से दो हजार रुपए चुराकर ले गया। सोमवार सुबह जानकारी होने पर उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# निजी अस्पताल में जच्चा की मौत, हंगामा

## परिजनों ने चिकित्सकों पर लगाया इलाज में लापरवाही का आरोप

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मोदी ग्लोबल हॉस्पिटल में जच्चा की मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और अस्पताल को सील कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

केमरी थाना क्षेत्र के ग्राम जिवाई जदीद निवासी रमेश की पत्नी विद्या सात माह की गर्भवती थी। 11 मई की रात उसकी हालत बिगड़ गई। विद्या की हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में उसे सिविल लाइन स्थित मोदी ग्लोबल हॉस्पिटल ले आए। चिकित्सक ने उसका आपरेशन कर दिया। महिला ने बच्ची को जन्म दिया। कमजोर होने के कारण डाक्टरों की सलाह पर परिजन बच्ची मुरादाबाद के एक अस्पताल ले गए। जहां उसे मशीन में रखा गया। देर रात जच्चा की हालत बिगड़ गई। इससे स्टाफ घबरा गया। आनन-फानन में विद्या को एबुलेंस से मुरादाबाद भेज दिया गया। सोमवार की सुबह परिजन महिला को टीएमयू ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन महिला का शव लेकर ग्लोबल हास्पिटल पहुंचे। मगर तब तक स्टॉफ जा वहां से चुका था। परिजनों ने डाक्टर पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए हंगामा दिया। सूचना के बाद पुलिस आ गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम आ गई और अस्पताल को सील कर दिया। माना जा रहा है कि इस अस्पताल को कुछ कमियों के चलते नोटिस भेजा गया था। इसके बावजूद अस्पताल का संचालन हो रहा था।



सील किया गया मोदी ग्लोबल हॉस्पिटल।



- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल को किया सील
- सोमवार की सुबह टीएमयू में महिला को किया मृत घोषित

### बिना डॉक्टरों के ही हो रहा इलाज

जिले में तमाम ऐसे अस्पताल हैं जिनमें डाक्टर ही नहीं है। यहां बिना चिकित्सकों के ही मरीजों का इलाज किया जा रहा है। कहीं डॉक्टर ने अपने नाम से रजिस्ट्रेशन तो करा लिया है मगर यहां बैठते ही नहीं हैं। ऐसे अस्पताल लोगों को मौत बांट रहे हैं। विद्या के मामले में भी ऐसा ही हुआ। दो दिन पेट में दर्द की शिकायत होने पर परिजन उसे मोदी ग्लोबल हॉस्पिटल ले गए थे। वहां उसे भर्ती करने के बाद आपरेशन कर दिया गया। परिजन महिला की मौत का जिम्मेदार अस्पताल के चिकित्सकों को मान रहे हैं। हालांकि, इस मामले में अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है।

### तीन बच्चों के सिर से छिना मां का आंचल

डाक्टरों की लापरवाही से महिला की मौत हो गई। इससे उसके तीन बच्चों के सिर से मां का आंचल हमेशा के लिए छिन गया है। विद्या की एक बच्ची तो मां का मुंह भी नहीं देख पाई। उसके चार और दो वर्ष के दोनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## अब्दुल्ला के दो पैन कार्ड मामले में नहीं हुई सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड मामले में सोमवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 17 मई को सुनवाई होगी।

दो पैन कार्ड होने के आरोप में अब्दुल्ला आजम खां के खिलाफ भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। इस मामले में सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में पूर्व मंत्री आजम खां सीतापुर और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम हरदोई की जेल में सजा काट रहे हैं। दो पैन कार्ड मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। सोमवार को बचाव पक्ष की ओर से स्थगन प्रार्थना पत्र दिया गया।

इसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि दो पैन कार्ड मामले में 17 मई को सुनवाई होगी।

# तस्करों ने वन विभाग की टीम को दौड़ा कर पीटा

संवाददाता, स्वार

### सख्ती

- ट्रैक्टर-ट्राली में तस्करी कर लाई जा रही सागौन का पीछा करते हुए पहुंची उत्तराखंड की टीम
- स्थानीय पुलिस व वन विभाग की टीम को नहीं दी सूचना

**अमृत विचार :** सागौन से लदी ट्रैक्टर-ट्राली का पीछा करते हुए पहुंची उत्तराखंड के वन विभाग की टीम को तस्करों ने दौड़ा कर पीटा। इसके वन विभाग की टीम में भगदड़ मच गई। बाद में वन कर्मियों ने उत्तराखंड की गदरपुर पुलिस को बुलाकर लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ लिया। जबकि वन तस्कर फरार हो गए।

उत्तराखंड की वन विभाग की टीम को स्थानीय पुलिस व वन कर्मियों को साथ में न लेना भारी पड़ गया। सोमवार को उत्तराखंड के वन विभाग की टीम उत्तराखंड से तस्करी कर लाई जा रही सागौन की लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्राली का पीछा करते हुए स्वार के गांव रायपुर चुन्नावाला पहुंची और ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में ले लिया। इस पर तस्कर एकत्र हो गए। उन्होंने वन विभाग की टीम पर लाठी-डंडों से हमलाकर कर दिया। तस्करों ने वन विभाग की टीम को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। अचानक हुए हमले से वन कर्मी घबरा गए और भाग खड़े हुए। वन कर्मियों ने उत्तराखंड की पुलिस को बुला लिया। लेकिन पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही तस्कर फरार हो गए। इसके बाद उत्तराखंड के वन विभाग की ट्रैक्टर-ट्राली को अपने साथ ले गई।

उत्तराखंड के वन विभाग व पुलिस ने इस मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस और वन विभाग को नहीं दी। उत्तराखंड के वन विभाग की टीम को पीटने का मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है।

वन रेंजर मुजाहिद हुसैन बताया कि मामले की जानकारी है, लेकिन किसी ने संपर्क नहीं किया। अगर उत्तराखंड के वन विभाग की टीम मदद मांगती तो हरसंभव मदद की जाती।

# गला घोंटकर पत्नी की हत्या करने वाले को भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/धमोरा

**अमृत विचार :** घरेलू विवाद में पत्नी की दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या करने के आरोपी पति को शहजादनगर पुलिस ने सोमवार को मगरमऊ पुल के पास गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम फैजनगर निवासी संजीव कुमार ने शहजादनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें उसने कहा था कि करीब 17 वर्ष पूर्व उसने अपनी बहन 35 वर्षीया मंजू की शादी शहजादनगर थाना क्षेत्र के ग्राम मेघा नगला निवासी रोहन सिंह से की थी। आरोप था कि रोहन सिंह मंजू को आए दिन मारता-पीटता रहता था। जब भी वह मायके आती थी तो वह मां बृजेश कुमारी तथा चाचा महेशपाल को आपबीती बताती थी। रविवार को करीब 11 बजे पति ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। सूचना पर मायके वाले और पुलिस मौके पर पहुंच गए थे। रविवार की रात शहजादनगर प्रभारी अमरनाथ वर्मा ने रोहन सिंह को मगरमऊ पुल के पास गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी अपनी पत्नी पर शक करता था।



पुलिस की गिरफ्त में रोहन सिंह।

## चाचा-भतीजे पर जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** रंजिश के चलते परचून की दुकान में घुसकर चाचा-भतीजे से मारपीट करने व जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर करने के एक आरोपी को खजुरिया पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

थाना खजुरिया के गांव उधमपुर निवासी भूपराम ने पांच मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसका कहना था कि रंजिश के चलते गांव के ही सुरेश पाल व उसके बेटे सत्यम ने उसके भाई श्यामलाल की परचून की दुकान में घुसकर उसके भाई व पुत्र के साथ गाली-गलौज की। विरोध पर आरोपियों लाठी-डंडों से मारपीट की ओर जान से मारने की नियत से फायरिंग भी की। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि पुलिस ने सुरेश पाल को सोमवार की दोपहर गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का तमंचा भी बरामद किया गया है।

# पैथॉलॉजी का स्टॉफ गायब, भटके मरीज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जनपद में डायरिया का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। लोगों में बुखार की शिकायत मिल रही है। प्राइवेट व सरकारी अस्पतालों में रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसके बाद भी जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं लड़खड़ा रही हैं। यहां रोगियों को उपचार नहीं मिल रहा है। पैरामेडिकल स्टॉफ समय से ड्यूटी पर नहीं पहुंच रहा है। इससे रोगियों को काफी इंतजार करना पड़ रहा है।

जिला अस्पताल की पहली मंजिल पर सीटी स्कैन के बराबर से पैथॉलॉजी लैब है। लैब के पास स्थित रूम में ब्लड सैंपल लिए जाते हैं। ओपीडी में बैठे ज्यादातर चिकित्सक खून, ब्लड प्रेशर, ईसीजी आदि की जांच लिखते हैं। यहां से मरीज सीधा पैथालॉजी लैब पहुंचता है। लेकिन यहां स्टाफ ही नहीं मिलता। सोमवार को पैथालॉजी लैब में कुछ ऐसा ही माजरा देखने को मिला। सुबह 11 बजे तक लैब कर्मियों की कुर्सी खाली मिली। जबकि जांच कराने के लिए रोगी लैब के बाहर इंतजार करते रहे।



पैथॉलॉजी लैब में पड़ी खाली कुर्सी और बाहर खड़े मरीज। ● अमृत विचार

- समय से ड्यूटी पर नहीं पहुंच रहा पैरामेडिकल स्टॉफ

पैथालॉजी लैब का चार्ज डा. शमीम और डा. प्रद्ययुत सिंह के पास है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एचके मित्रा का कहना है कि समय से ड्यूटी पर नहीं पहुंचने वाले पैथालॉजिस्ट को नोटिस दिया गया है। उनसे स्टॉफ की देरी से आने का कारण पूछा गया है। अस्पताल प्रशासन की ओर से नोटिस जारी होने पर पैरामेडिकल स्टॉफ में खलबली मची है।

## अंगूरी बाग क्षेत्र में आज नौ घंटे नहीं मिलेगी बिजली

**रामपुर, अमृत विचार :** अंगूरी बाग क्षेत्र में रहने वाले उपभोक्ताओं को आज नौ घंटे बिजली नहीं मिलेगी। बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार 11 हजार केवीए लाइन के जर्जर तारों को बदलवाने का कार्य कराया जाएगा।

सोमवार को भी दोमहला रोड की बिजली सुबह दस से शाम सात बजे तक गायब रही। शाम सात बजे कार्य पूर्ण होने पर आपूर्ति को सुचारु करा दिया गया। एसडीओ प्रद्योमन्न सिंह ने बताया कि मंगलवार को अंगूरी बाग फीडर का सुबह नौ से शाम छह बजे तक शटडाउन लिया जाएगा। बताया कि दोमहला व अंगूरी बाग में 11 हजार केवीए की लाइनों के तार काफी जर्जर हैं। दोमहला के तारों को सही करा दिया गया है। अंगूरी बाग के तारों को सही कराने के लिए बिजली सुबह नौ से शाम छह बजे तक बंद रहेगी। क्षेत्र में 1100 उपभोक्ता हैं।



दुकान का निरीक्षण करते सीओ कीर्ति आनंद। ● अमृत विचार

# चाय की दुकान में लगाई आग

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** मामूली कहासुनी पर युवक ने रविवार की रात चाय की दुकान में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से हजारों रुपये का नुकसान हो गया।

दढ़ियाल मार्ग पर मंडी समिति के सामने कस्बे के मोहल्ला भब्बलपुरी निवासी मोहम्मद सालिम की चाय की दुकान है। सालिम ने बताया कि रविवार की रात करीब 11 बजे मोहल्ला नवाबपुरा निवासी युवक शराब पीकर उनकी दुकान पर आया। उसने पानी की बोतल व छह गुटखे खरीदे।

पैसे मांगने पर गालियां देते हुए कहने लगा कि वह किसी भी दुकान पर सामान के पैसे नहीं देता है। इसके बाद वह दुकान में आग लगाने की धमकी देकर चला गया। कुछ देर बाद आरोपी पेट्रोल लेकर आया और दुकान में आग लगा दी। शोर-शराबा सुनकर सीओ कीर्तिनिधि आनंद भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आरोपी को पकड़वाकर पुलिस के हवाले कर दिया।

# कम नंबर आने पर गश खाकर छत से गिरी छात्रा, मौत

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** सीबीएसई का रिजल्ट सोमवार की दोपहर घोषित हुआ। 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राएं रिजल्ट देखने के लिए दौड़ पड़े। पुराने रामलीला रोड निवासी होटल व्यवसायी की 18 वर्षीय बेटी ने भी अपना 12वीं का रिजल्ट देखा। लेकिन नंबर कम आने पर वह गुमसुम हो गई। इसके बाद वह अपने मकान की तीन मंजिल इमारत की छत पर पहुंच गई और गश खाकर छत से नीचे गिर गई। गंभीर रूप घायल छात्रा को लेकर परिजन रुद्रपुर (उत्तराखंड) स्थित एक अस्पताल में पहुंचे। वहां इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गई। छात्रा की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

मोहल्ला साहूकारा के पुराने रामलीला मैदान को जाने वाले रोड पर रहने वाले इम्तियाज हुसैन की मिठाई की दुकान है। वह मूल रूप से भोट थाना क्षेत्र के गांव तालकपुर के रहने वाले हैं। वर्तमान में उनका परिवार दुकान के ऊपर बनी तीन मंजिल इमारत में रह रहा है।

बताया जाता है कि देर शाम उनकी 18 वर्षीया पुत्री साइना इमारत की करीब 57 फुट ऊंची छत से पड़ोसी जावेद के घर में पैरों के बल जा गिरी। इसमें वह गंभीर रूप घायल हो गई। छात्रा के गिरने से मौके पर हड़कंप मच गया। आसपास के तमाम लोग मौके पर एकत्र हो गए। जानकारी पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद वह छात्रा को आनन-फानन में रुद्रपुर (उत्तराखंड) के एक अस्पताल में लिए गए। डाक्टरों ने उसे भर्ती करके उपचार शुरू कर दिया। लेकिन इलाज के दौरान छात्रा ने दम तोड़ दिया। इससे व्यवसायी के परिवार में कोहराम मच गया। रात में भी दुकान के बाहर संवेदना व्यक्त करने वालों की भीड़ लगी रही।

छात्रा के छोटे भाई ने बताया कि उसकी बहन हाईवे स्थित मिल्टन एकेडमी में सीबीएसई बोर्ड की बारहवीं कक्षा की छात्रा थी। उसका आज ही रिजल्ट आया था। स्कूल के सूत्रों ने बताया कि मृतका के परीक्षा में लगभग 64 प्रतिशत नंबर आए थे। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि साइना मेधावी छात्रा थी। रिजल्ट आने के बाद वह कोटा जाकर नीट की तैयारी करने का सपना देख रही थी।

### हड़बड़ी में घायल हुए छात्रा के चाचा, बरेली रेफर

साइना के घायल होने की सूचना पाकर उसे देखने बाइक से अस्पताल जा रहे व्यवसायी के छोटे भाई एजाज हुसैन हाईवे पर सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें बरेली रेफर किया गया है। बताया जाता है कि भाई एजाज को जैसे ही घटना पता चली। वह अपनी बाइक से हड़बड़ी में भागे, रास्ते में हाईवे पर सामने कुत्ता आ गया, बाइक उससे टकराई तथा हादसा हो गया। सड़क हादसे के बाद लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सकों ने घायल को बरेली के लिए रेफर कर दिया है।

## धार्मिक स्थल को लेकर फिर गर्माया विवाद

**बिलासपुर, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव पसियापुरा स्थित धार्मिक स्थल को लेकर एक बार फिर विवाद गर्मा गया है। प्रशासन ने दोनों पक्षों से गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

गांव स्थित एक धार्मिक स्थल को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। इस धार्मिक स्थल को लेकर दो पक्षों में पहले कई बार मारपीट हो चुकी हैं। रविवार की रात धार्मिक स्थल पर दोनों पक्षों में एक बार फिर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। उधर, विवाद की सूचना पाकर उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय और सीओ रवि खोखर पुलिस बल के साथ गांव पहुंच गए। उन्होंने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत किया। विवाद कानूनी रूप से निपटाए जाने की अपील की। अधिकारियों के सुझाव और अपील पर लोग शांत हुए।



मेडल प्राप्त करने के बाद प्रतिभागी। ● अमृत विचार

# निशानेबाजी प्रतियोगिता में 20 ने किया प्रतिभाग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्तर की निशानेबाजी प्रतियोगिता फतेहपुर रेंज रामनगर उत्तराखंड में आयोजित हुई है। इसमें शूटिंग स्पोर्टस एकडेमी के 20 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। सात प्रतिभागियों ने अच्छा प्रदर्शन करके जनपद का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। मेडल पाकर प्रतिभागियों के चेहरे खिल उठे।

शूटिंग स्पोटर्स एकेडमी के संस्थापक फहद खां ने बताया कि मास्टर कैटेगरी अंडर 50 में शाकिर अली ने गोल्ड व कांस्य, अंडर 30 में जुहैब खां व मोहम्मद खालिद ने गोल्ड, अंडर 18 में मुस्तफा खान ने सिल्वर पदक, अंडर 14 में अयान खां ने गोल्ड, अंडर 14 गर्ल्स विंग में रितिशा सिंह ने सिल्वर पदक पाकर जनपद का नाम रोशन किया।

फहद खां ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर गोल्ड पदक जीता। अच्छा प्रदर्शन करने पर प्रतिभागियों को बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**बैठक** 38,88,918 मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य किया गया निर्धारित, 2024-25 का तैयार हुआ खाका

# ग्राम पंचायतों में हो बेहतर संसाधनों का विकास : डीएम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायतों में बेहतर संसाधनों का विकास कराया जाए। ग्राम पंचायत में कराए जाने वाले विकास कार्यों के अंतर्गत कोई भी ऐसा निर्माण कार्य न कराया जाए, जो जन उपयोग के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण न हो। ग्राम पंचायत में बेहतर संसाधनों का विकास होना चाहिए ताकि ग्रामीणों को उनका लाभ मिल सके।

कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को हुई बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों की कृषि सुविधाओं के दृष्टिगत चकमार्ग और गूलों के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। इससे किसान को अपने खेतों तक पहुंचने और सिंचाई करने में सहूलियत मिलती है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों के विकास में खंड विकास अधिकारियों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। इसलिए खंड विकास अधिकारी हर ग्राम पंचायत की जरूरत को ध्यान में रखते हुए कार्य योजना तैयार कराएं। एसडीएम और खंड विकास अधिकारी संयुक्त रूप से बैठकर करके सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध कब्जे की समस्याओं का समाधान करेंगे।

खंड विकास अधिकारी ग्राम पंचायतों में चल रहे मनरेगा सहित विभिन्न कार्यों का औचक निरीक्षण करें। सभी सचिवों को भी निर्देशित करें कि वह अपनी देखरेख में ग्राम पंचायत में लक्ष्य के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराएं। ग्राम पंचायतों में बने ग्राम पंचायत सचिवालय सक्रिय हों। ताकि ग्रामीणों को इनसे लाभ मिल सके। सचिव प्रतिदिन ग्राम पंचायत सचिवालय पर उपस्थित हों। वहां से दी जाने वाली सेवाओं और सुविधाओं का गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन कराएं।

डीसी मनरेगा मंशाराम यादव ने विभिन्न विभागों से प्राप्त कार्ययोजना के अनुसार जिलाधिकारी के समक्ष विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में तैयार श्रम बजट के अनुसार 66123 परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। 38,88,918 मानव दिवस सृजित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है।



अधिकारियों की बैठक में बोलते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह। ● अमृत विचार

### जिले में बनेंगे 50 अंत्येष्टि स्थल

बजट प्रस्तुतीकरण के अंतर्गत इस वित्तीय वर्ष में 50 अंत्येष्टि स्थल, 32 विद्यालयों की चारदीवारी, 343 तालाबों की डिसिल्टिंग, खोदाई, 343 रिचार्ज सॉफ्ट, सैजनी नदी पर तटबंध, डिसिल्टिंग एवं पौधरोपण, रेवती नदी पर तटबंध, डिसिल्टिंग, चेकडैम एवं पौधरोपण, 659 नाला और खारजा पर निर्माण, 246 गूलों का निर्माण, 12,35,000 पौधरोपण, 98 रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, 27 खेल के मैदान, आठ सरस हाट का निर्माण, 28 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण सहित विभिन्न कार्य प्रस्तावित हैं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक कार्य की उपयोगिता, गुणवता एवं रखरखाव के संबंध में अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की। इस दौरान डीएफओ राजीव कुमार, डीपीआरओ जाहिद हुसैन, बीएसए संजीव कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र जायसवाल, सभी खंड विकास अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जिले में धड़ल्ले से दौड़ रहे ओवरलोड वाहन

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** शहर में ओवरलोड वाहनों का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है। इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस अभियान चलाकर 10 वाहनों के चालान काटे। इससे वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया है। सड़कों पर दौड़ते ओवर लोड वाहनों से हादसे हो रहे हैं। इसके बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं है।

शहर में धड़ल्ले से ओवरलोड वाहन दौड़ते हैं। इनके कारण हर समय हादसे की आशंका बनी हुई है। हाईवे से लेकर गली-मोहल्ले तक ओवरलोड वाहन दौड़ते रहते हैं। जिसको देखते हुए कई बार लोगों ने इन वाहनों के खिलाफ अभियान चलाने की मांग उठाई है। ताकि चेकिंग के दौरान इन वाहनों पर कार्रवाई हो सके। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए हैं। पिछले दिनों सड़क सुरक्षा पखवाड़ा भी चलाया गया। लोगों को जागरूक करने के लिए स्कूलों में गोष्ठियां हुईं।

टीआई बिजेंद्र सिंह ने कहा कि ओवरलोड वाहन अनियंत्रित हो जाता है और अनियंत्रित होकर सड़क हादसे का कारण बनता है। सड़क हादसे में लोगों की जान चली जाती है इसके बावजूद वाहन चालकों पर कोई असर नहीं है। इतना ही नहीं पिछले दिनों अभियान चलाकर करीब 100 वाहनों का चालान भी किया गया। सोमवार को भी पुलिस ने 10 वाहनों के चालान काटे। ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सोमवार को ट्रैफिक पुलिस द्वारा हाईवे पर अभियान चलाया गया। पुलिस की कार्रवाई से वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया।



सोमवार को ओवरलोड वाहन का चालान काटते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

# क्रेन में बांधकर खींची कार, शव निकालने में लगे 40 मिनट

## आगे की सीट पर थे सौरभ व दीपांशु, डेढ़ घंटे तक बाधित रहा यातायात, हादसे के बाद टैंकर चालक मौके से फरार

**कुंदरकी सड़क हादसा**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/कुंदरकी

**अमृत विचार :** मुरादाबाद-अलीगढ़ नेशनल हाईवे पर डोमघर गांव के पास हुए हादसे में टैंकर के नीचे घुसी कार और उसमें फंसे दो शवों को निकालने में पुलिस को 40 मिनट तक का समय लग गया। कार के आगे वाली सीट पर सौरभ श्रीवास्तव और उनकी बगल में दीपांशु बैठे थे। पीछे की सीट पर अमित राणा थे। मौके पर जब पुलिस पहुंची तो कार की पीछे वाली खड़की खुली थी और अमित जीवित थे तो सबसे पहले इन्हें बाहर निकाला और जिला अस्पताल भेजा था।

उधर, कार में फंसे अन्य लोगों के शरीर में कोई हलचल नहीं थी और दोनों खून से लथपथ थे। इनको आसानी से कार से बाहर न निकाल पाने पर पुलिस ने क्रेन की व्यवस्था की। क्रेन के पहुंचने पर उसमें कार को रस्सी से बांधकर जब खींचा गया तो सौरभ व दीपांशु के शवों को बाहर निकाला जा सका। बड़ी घटना होने से राह में जो निकल रहा था, वह भी एक पल रुक कर मामले की जानकारी कर रहा था। ऐसे में करीब डेढ़ घंटे तक हाईवे पर यातायात बाधित रहा।

चूंकि, हाईवे के बीच में डिवाइडर न होने से मार्ग पर विपरीत दिशा से आने वाले वाहन भी जाम में फंस रहे थे। ऐसे में वाहनों का यातायात बहाल कराने में भी पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। मौके की स्थिति देखकर सीओ बिलारी राजेश कुमार ने मैनाठेर थानाध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार शर्मा को भी बुला लिया था। फिर पूरे दिन घटनास्थल पर हलचल बनी रही। टैंकर में ज्वलनशील पदार्थ भरा होने से पुलिस उसे अधिक दूर तक खिसका नहीं पाई है। टैंकर पूरे दिन मौके पर ही खड़ा रहा है। कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी।



मुरादाबाद-अलीगढ़ नेशनल हाईवे पर डोमघर गांव के पास हुए हादसे में क्षतिग्रस्त कार व मौके पर मौजूद लोग व पुलिसकर्मी।



हादसे के बाद नेशनल हाईवे पर लगा जाम। ● अमृत विचार



अपने पिता सौरभ श्रीवास्तव के शव को देखकर गमगीन बेटी। ● अमृत विचार

### मोर्चरी पर जुटी भीड़, स्कूल से सीधे पहुंची बेटी

एक्सिस बैंक कर्मियों की मौत की खबर पाकर साथी कर्मी हतप्रभ थे। कुछ ही देर में मोर्चरी पर काफी लोगों की भीड़ जुट गई थी। यहां जिला अस्पताल की मोर्चरी में ही तीनों शवों को रखा गया था। मोर्चरी के बाहर साथी कर्मियों के अलावा अन्य कई बैंकों के भी अधिकारी-कर्मचारी पहुंचे थे। मृतक शाखा प्रबंधक सौरभ श्रीवास्तव की पत्नी भी सीधे मोर्चरी पहुंचे थी। दोपहर 12 बजे के दौरान उनकी आठ साल की बेटी भी स्कूल ड्रेस में बैग लिए मोर्चरी पहुंची थी। इसी तरह अमित राणा के परिजन भी मोर्चरी में थे। अस्पताल की मोर्चरी से दोपहर करीब एक-डेढ़ बजे के समय तीनों शवों को एंबुलेंस से पोस्टमार्टम हाउस ले जाया गया था।

### लखनऊ के रहने वाले थे सौरभ, दीपांशु फिरोजाबाद के

मृतकों में एक्सिस बैंक शाखा प्रबंधक सौरभ श्रीवास्तव (30) पुत्र धीरेंद्र श्रीवास्तव लखनऊ में सिंधु नगर-24डी कानपुर रोड कृष्णा नगर के रहने वाले थे, जबकि कैशियर दीपांशु भारद्वाज (32) पुत्र मुनेश भारद्वाज फिरोजाबाद जिले के थाना हरिया के गदौरा कनवारा के रहने वाले थे। बजाज एलियांज कंपनी के प्रतिनिधि अमित राणा (39) पुत्र हरिओम राणा मझोला थाना क्षेत्र के चामुंडा मंदिर खुशहालपुर बुद्धि विहार में च्वाइस बैंक्वेट हॉल के पास के रहने वाले थे।



जिला अस्पताल की मोर्चरी पर गमगीन बैठे परिजन। ● अमृत विचार

### अविवाहित थे दिव्यांशु, कुछ समय पहले चल बसी थीं मां

फिरोजाबाद निवासी दीपांशु चंदौसी एक्सिस बैंक में कैशियर थे। वह अपने दो भाइयों में बड़े थे। वह अभी अविवाहित थे। साथी कर्मियों ने बताया कि कुछ समय पहले इनकी मां भी चल बसी थीं। घर पर पिता और छोटा भाई है। इस परिवार में दिव्यांशु ही कमाने वाले थे।

### हरथला शाखा से चंदौसी हो गया था स्थानांतरण

एक्सिस बैंक शाखा प्रबंधक सौरभ श्रीवास्तव और दीपांशु चंदौसी से पहले हरथला बैंक शाखा में तैनात थे। वह परिवार के साथ मुरादाबाद में रामगंगा विहार कॉलोनी में आकाश ग्रीन में किराए के फ्लैट में निवास कर रहे थे। इनके साथ ही दीपांशु भी एक फ्लैट में रहते थे। बीमाकर्मी अमित राणा के साथ सौरभ व दीपांशु प्रत्येक कार्य दिवस में चंदौसी बैंक शाखा के लिए अप-डाउन करते थे। कार सौरभ की ही थी। करीब 10 महीने पहले सौरभ और आठ महीने पहले दीपांशु का स्थानांतरण हरथला से चंदौसी ब्रांच के लिए हो गया था। बताया जा रहा है कि मृतक अमित राणा की पत्नी प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक हैं। इनके परिवार में एक बेटा है।

---

**एक नजर**

### शिवपुरी कॉलोनी के दो घरों में चोरी, एफआईआर दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में शिवपुरी कॉलोनी के दो घरों में रविवार रात चोरी होने का मामला सामने आया है। कॉलोनी निवासी मोहित रस्तोगी ने बताया कि रविवार रात ढाई से तीन बजे के बीच उनके घर छत के रास्ते चोर घुस आए। कमरे में रखा सोने का पैडल वजन करीब पांच ग्राम, चांदी का पैडल और अंगूठी, चार मोबाइल फोन के साथ ही 8,000 रुपये चोरी कर ले गए हैं। यही नहीं, उनके पड़ोसी सार्थक सेठी का लैपटॉप भी चोरी कर ले गए हैं। इस मामले में उन्होंने कटघर थाने में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मामला भी दर्ज कराया है।

### 25 सितंबर से होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में होने जा रहा है। जिसमें मुरादाबाद के निर्यातक अपने हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन कर सकेंगे। इंडिया एक्सपो मार्ट लिमिटेड के चेयरमैन डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन 25 से 29 सितंबर के बीच होगा।

### दुकान के ताले तोड़कर सामान चोरी किया

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** चोरों ने दुकान के ताले तोड़कर दो जेनरेटरों के अल्टीनेटर चोरी कर लिए। चोरी का पता सोमवार की सवेरे उस समय चला जब दुकान स्वामी दुकान पर पहुंचा। कोतवाली क्षेत्र के गांव लोगी कला निवासी शकील अहमद हाईवे के निकट गांव रघुनाथपुर में वेल्डिंग व टूट-फूट का सामान ठीक करने का काम करते हैं। पीड़ित ने बताया कि रविवार की शाम दुकान बंद कर घर चला गया था। उसकी दुकान में दो जनरेटर रखे हैं। बीती रात किसी समय चोरों ने उसकी दुकान के ताले तोड़कर दोनों जेनरेटरों के अल्टीनेटर चोरी कर लिए।

---

# फैक्ट्री मालिक ने घर में घुसकर श्रमिक दंपती को पीटा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**आरोप**
- पीड़िता का आरोप बहू का छीन ले गए मोबाइल
- जिला अस्पताल में भर्ती है घायल मजदूरी मांगने पर हुआ विवाद

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में फैक्ट्री मालिक ने अपने बेटे व अन्य साथियों के साथ घर में घुसकर श्रमिक और उसकी मां-पत्नी को जमकर पीटा। जान बचाकर जब थाने की ओर भागे तो पीछा कर रास्ते में पकड़कर पूरे मुहल्ले वालों के सामने उन्हें पीटा। श्रमिक की पत्नी का मोबाइल भी छीन ले गए हैं।

घटना मुहल्ले के सीसीटीवी कैमरे में कैद है। इस प्रकरण में पीड़ित श्रमिक की मां शिमला ने आठ लोगों के विरुद्ध कटघर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें फैक्ट्री मालिक गुड्डू पुत्र कैलाश और इसके बेटे नन्हू व छोटू, करन पुत्र कल्लू, ओमकार और ओमकार के तीन पुत्र नामजद हैं।

देहरी गांव अनुपम नगर निवासी शिमला ने पुलिस को बताया है कि उनके पति महेश की मौत हो चुकी है। उनका बेटा कार्तिक आरोपी गुड्डू के कारखाने में ई-रिक्शा से माल ढोने का कार्य करता है। शुक्रवार को कार्तिक ने गुड्डू से मजदूरी मांगी तो वह आग बबूला हो गया और गालियां देने लगा। जिससे कार्तिक बिना मजदूरी लिए घर लौट आया था। कुछ देर बाद गुड्डू व उसके साथ आठ लोग उसके घर में घुस आए और मारपीट करने लगे। इसमें गुड्डू व इसके बेटे नन्हू व छोटू और करन व ओमकार एवं ओमकार के भी तीनों बेटे थे। इन लोगों ने कार्तिक और उसकी मां शिमला व पत्नी मोनी को लात-घूसों से पीटा। इनके हाथ में डंडे व चाकू भी थे। शोरगुल सुनकर पड़ोस की रामबेटी पत्नी सतवीर सिंह, जगतपाल आदि ने आकर बीच-बचाव करने लगे थे तो भी आरोपी मान नहीं रहे थे और गाली-गलौज के साथ मारपीट कर रहे थे। ऐसे में जब शिमला व उनके बेटे व बहू घर से निकलकर थाने की ओर भागने लगे तो आरोपियों ने उनका पीछा कर पकड़ लिया। फिर मुहल्ले की सड़क पर भी आरोपियों ने उन तीनों को पीटा। बहू का मोबाइल भी आरोपी छीन ले गए हैं। पीड़िता का कहना है कि यह घटनाक्रम मुहल्ले के सीसीटीवी कैमरे में कैद है। पीड़िता का कहना है कि कार्तिक उसका इकलौता बेटा है, जो पति के न होने पर अब वही उनका सहारा है। उनका बेटा ई-रिक्शा चलाकर घर परिवार के खर्चे पूरा करता है। घायल कार्तिक जिला अस्पताल में भर्ती है। इस मामले में कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर फैक्ट्री मालिक समेत आठ लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

### बाइक सवार ने युवक को मारी टक्कर, घायल

**अगवानपुर, अमृत विचार:** सड़क पार कर रहे युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के आशियाना स्थित काली का मंदिर के निकट अगवानपुर के मोहल्ला सराय फारूख निवासी फैजी पुत्र अली अब्बास डेटिंग का कार्य करता है। सोमवार को वह किसी कार्य से सड़क पार कर रहा था। उसी समय तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। जानकारी जब परिजनों को हुई तो युवक के चचेरे भाई ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

# अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** दो दिन की छुट्टी के बाद सोमवार को जिला अस्पताल खुला तो सुबह से ही ओपीडी में मरीजों की भीड़ रही। जिसमें डायरिया व वायरल बुखार के मरीज ज्यादा रहे।

सोमवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी। ओपीडी की शुरुआत होते ही मरीजों का पंजीकरण एक हजार का आंकड़ा पार हो गया। वायरल बुखार, डायरिया व संक्रामक रोगों के बढ़ने की वजह से मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर कुलदीप सिंह ने बताया कि सोमवार दोपहर में गर्मी अधिक होने के चलते अस्पतालों में सुबह के समय मरीजों की भीड़ दिखाई दी। अधिकतर मरीजों की कोशिश चिकित्सकों को दिखाने और दवा लेकर मध्यान्ह तक घर वापस लौट जाने की हो रही है। कुछ मरीजों को भर्ती भी किया गया।



जिला अस्पताल की ओपीडी में पर्चा बनवाने के लिए लगी लाइन। ● अमृत विचार

- डायरिया और वायरल बुखार के मरीजों की संख्या अधिक

---

# ट्रक चालक का झरने से मिला शव, परिजनों में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/मैनाठेर

**अमृत विचार:** मैनाठेर थाना क्षेत्र निवासी ट्रक चालक का झरने पर फोटो लेते समय पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। जिसका शव सोमवार को गोताखोरों ने निकाल लिया। घटना मध्य प्रदेश में हुई है। हादसे की सूचना के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

कूरी बरेटा निवासी गोशे आलम (20) अपने दूसरे साथी चालक बिन्यामीन के साथ घर से ट्रक लेकर भिंड (मध्य प्रदेश) गया था। वहां वह लोग रविवार को झरने पर घूमने गए थे। सुबह करीब 10 बजे दोनों फोटो खींच रहे थे। फोटो खिंचवाने के दौरान गोशे आलम का पैर फिसल गया और वह 15 फिट ऊंचाई से नीचे पानी में जा गिरा। हादसा देख दूसरा साथी भी घबरा गया। साथी ने शोर मचाया और बचाव के लिए गुहार लगाई थी। जिस पर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। बाद में गोताखोरों की टीम ने गोशे आलम की तलाश की। सोमवार को गोशे आलम का शव गोताखोरों को मिल गया। परिजन गोशे आलम का शव लेने के लिए रवाना हो गए हैं।

### जिगर कॉलोनी से टीम ने हटवाया कब्जा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** प्रवर्तन दल की टीम दोपहर में निर्माण विभाग के अभियंता रईस अहमद के निर्देश पर जिगर कॉलोनी में निगम की जमीन पर बने धोबीघाट पर भूमाफिया द्वारा कब्जा कर अपनी प्राइवेट जेसीबी से कार्य कराने की सूचना पर पहुंची। टीम व अधिकारियों को देखकर भूमाफिया मौके से भाग निकला। टीम ने जेसीबी व उसके चालक को पकड़ लिया। इसी क्रम में सीएम ग्रिड्स के अन्तर्गत चौधरी चरण सिंह चौक से चिड़िया टोला पुलिया तक मझोला रोड के विकास के कार्य के संबंध में पैमाइश कराई।

# कूड़ा उठान में लापरवाही पर कार्यदायी संस्था का अनुबंध निरस्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कूड़ा उठान में लापरवाही करना कंपनी को भारी पड़ा। नगर आयुक्त ने कंपनी का अनुबंध निरस्त कर उसकी जमानत धनराशि जब्त करने का आदेश दिया। साथ ही दूसरे फर्म से अनुबंध करने के लिए प्रक्रिया शुरू करने के लिए कहा। वहीं निगम की टीम ने महानगर के वार्डों में पेयजल की पाइपलाइन में लीकेज ठीक कराया। सीवर लाइन की भी मरम्मत कराई।

नगर निगम क्षेत्र के 50 वार्डों में घर-घर कूड़ा एकत्र करने का कार्य लॉजीकूफ टेक्नोलाजी प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा किया जा रहा था। निगम से अनुबंधित इस फर्म की लापरवाह कार्यशैली की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। नगर आयुक्त के निरीक्षण में भी कई बार वार्डों में घरों से कूड़ा उठान की स्थिति ठीक नहीं मिली थी। जिस पर नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने स्थाई समिति की समक्ष कंपनी की ओर से दिए गए उत्तर को संतोषजनक न मानते हुए फर्म का अनुबंध निरस्त करने और उसके द्वारा जमा जमानत धनराशि को जब्त करने का आदेश दिया। नगर आयुक्त ने जल्द ही दूसरी फर्म से अनुबंध की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया। कहा कि इसके लिए निविदा जल्द जारी करें। उन्होंने प्रक्रिया पूरी होने तक निगम के वाहनों या किराया के वाहनों से इन वार्डों में घरों से कूड़ा उठाने का प्रबंध करने के लिए निर्देश दिया।



सीवर की सफाई करते नगर निगम के कर्मचारी। ● अमृत विचार

### पाइप लाइन की लीकेज की मरम्मत कराई

नगर निगम की टीम ने मंडी समिति में मोबाइल टायलेट की सफाई का कार्य सक्शन मशीन से कराया। वार्ड नंबर 1, 2, 3, 11, 17, 18, 23, 31, 36, 39, 40, 43,45 में एक-एक और वार्ड 11,40,41,46 में दो-दो स्थान पर पेयजल की पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत कराया। वार्ड नंबर 51, 61 में पानी की न आने की शिकायत का निस्तारण टीम ने कराया। वार्ड 37, 17, 41, 12, 62, वार्ड 16 व 4 में सीवर व सेप्टिक टैंक की सफाई सक्शन मशीन से कराई गई।

---

**कार्रवाई** इम्पीरियल तिराहे से लेकर बुध बाजार, ताड़ीखाना क्षेत्र में पहुंची निगम की टीम

# व्यापारियों से खुद ही अतिक्रमण हटाने को कहा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर विधायक के व्यापारियों का उत्पीड़न बंद करने को लेकर नगर आयुक्त से मुलाकात का असर सोमवार को भी दिखा। निगम प्रशासन ने पहले से निर्धारित अतिक्रमण हटाओ अभियान में सख्ती न करते हुए व्यापारियों को समझाया। सड़क की पटरियों पर सामान न रखने, नाले पर रखे स्लैब व दुकान के आगे छज्जा स्वयं हटाने के लिए कहा।

नगर निगम के कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार, उप नगर आयुक्त निशा मिश्रा आदि के नेतृत्व में निगम की टीम सोमवार को इम्पीरियल तिराहे से लेकर बुध बाजार, ताड़ीखाना क्षेत्र में पहुंची। टीम में शामिल अधिकारियों ने व्यापारियों व रेहड़ी पटरी वालों से भी सड़क के दोनों तरफ की पटरियों पर सामान रखकर या स्थायी व अस्थायी निर्माण कर किए गए अतिक्रमण को स्वयं हटाने के लिए कहा। उन्हें समझाया कि व्यापारी निगम के कार्य में सहयोग करें। महानगर में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने में दोनों की भूमिका अहम है। व्यापारी अतिक्रमण यदि स्वयं हटा लेंगे तो नगर निगम की ओर से जेसीबी से उसे तोड़ा नहीं जाएगा। अन्यथा निगम प्रशासन सख्ती करने को विवश होगा। निगम के अधिकारियों से कई जगह व्यापारियों ने उलझने की भी कोशिश की। लेकिन, अधिकारियों ने कोई सख्ती नहीं की। कहा कि दो तीन दिन में खुद ही अपना अतिक्रमण हटाने वाले व्यापारियों के साथ कोई सख्ती नहीं होगी। कर निर्धारण अधिकारी ने बताया कि जिन व्यापारियों ने दुकान के बाहर स्थायी या अस्थायी निर्माण जैसे नाले पर स्लैब, दुकान के आगे छज्जा, रेलिंग आदि लगाकर कब्जा किया है उन्हें समझाया गया है कि वह स्वयं इसे हटा लें। इस दौरान नगर निगम की प्रवर्तन टीम के सदस्य, कर अधीक्षक आदि मौजूद रहे।



व्यापारियों को समझाते नगर निगम के कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार व अन्य।

### रेलवे कर्मियों ने घेरा डीआरएम कार्यालय

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रेल मंडल में दूरसंचार और सिग्नल विभाग में हुए रेल कर्मियों के तबादले का मुद्दा गरम है। सोमवार को नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन ने तबादले पर विरोध जताया और सीधे डीआरएम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। भोजन अवकाश के समय रेलकर्मियों ने डीआएम चेंबर पर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। इस दौरान डीआरएम देहरादून दौरे पर थे। मंडल मंत्री राजेश चौबे और अध्यक्ष मनोज शर्मा के फैसले के बाद कर्मचारी डीआरएम कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि डीआरएम इन कर्मियों के तबादले को रद करें। इस दौरान कुंवर सुहैल खालिद, शिवराज सिंह, मोहित गुप्ता, राकेश बलोदी, विनेश ठाकुर, मृत्युंजय पांडे, जगन्नाथ सिंह, देवेंद्र विनय पाल, शुभम भंडारी, निर्भय शर्मा, सीता राम रवि, आलोक, पंकज शामिल रहे।

# खेत में पतंग गिरने पर विवाद दंपती व उसकी बेटी को पीटा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गांव सीकमपुर का मामला, पीड़ित ने पिता-पुत्र को किया नामजद
- आरोपियों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियार से किया हमला

**अमृत विचार:** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव सीकमपुर में खेत में पतंग कटकर गिरने के मामले में हमलावरों ने दंपती व उसकी बेटी को पीट दिया। इस मामले में पीड़ित पक्ष ने पिता-पुत्र समेत चार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें गांव के ही जुम्मा व इसके बेटे बिलाल और मुजम्मिल एवं इनके बेटे इबरान नामजद हैं।

सीकमपुर के बदर ने पुलिस को बताया है कि उनकी बेटी निशा खेत पर गई थी। उनके खेत में पतंग टूटकर गिरी थी। इसी बात को लेकर निशा के साथ जुम्मा का बेटा बिलाल गाली-गलौज करने लगा और थोड़ी देर बाद आरोपी अपने पिता व अन्य लोगों को बुला लाया। आरोपी बिलाल और उसके पिता जुम्मा व मुजम्मिल व इसका बेटा इबरान भी उनके खेत पर आ गए थे। इन लोगों के पास लाठी-डंडे और धारदार हथियार भी थे।

आरोप है कि इन आरोपियों ने बदर पर हमला बोल दिया। शोरगुल सुनकर बदर की पत्नी सलीम जहां भी मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो आरोपियों ने इन्हें भी मारापीटा। ऐसे में पीड़ित पक्ष ने यूपी डॉयल-112 पर कॉल कर पुलिस बुला ली। पुलिस के पहुंचने पर आरोपी मौके से भाग निकले थे।

### खिड़की तोड़ कर घर से जेवरात व नकदी चोरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नंद कॉलोनी नाले वाली गली में रमेश के घर से चोरों ने हाथ साफ कर दिया है। वह बेटी का निजी क्लीनिक पर इलाज करा रहे थे। इसी बीच चोरों ने उनके घर की खिड़की को तोड़ दिया और 90,000 रुपये की नकदी व जेवर चोरी कर ले गए। रमेश कुमार ने बताया है कि उनकी बेटी परी का स्वास्थ्य खराब है। एक मई की रात में उसे निजी क्लीनिक में भर्ती कराया था। दूसरे दिन रात 10 बजे वह खाना खाकर अस्पताल गए थे। सुबह आकर देखा तो घर की खिड़की टूटी मिली। चोर खिड़की से ही प्रवेश कर घर में रखे सोने-चांदी के गहने और 90,000 रुपये चोरी कर ले गए। इस मामले में कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आया है। एफआईआर दर्ज कर ली है। घटनास्थल का भी निरीक्षण किया गया है।

## एक नजर

### पुलिस ने दो ई-रिक्शा चोरों को किया गिरफ्तार

**सैदनगली, अमृत विचार :** पुलिस ने सोमवार को दो ई–रिक्शा चोरों को गिरफ्तार कर ई रिक्शा, तमंचा, कारतूस और चाकू बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस सोमवार को चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने आरोपी शुएब निवासी मोहल्ला मन्सूरपुर कस्बा उझारी व आसिफ को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किया गया एक ई–रिक्शा बरामद हुआ।

### वाईखेड़ा के पास बाइक गिरने से युवक घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव देहरी खादर निवासी फतेह सिंह सोमवार को बाइक से अपनी बहन के घर गांव वाईखेड़ा आ रहा था। जैसे ही वह वाईखेड़ा के निकट स्थित भट्ठे के बराबर में पहुंचा, तो उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इससे फतेह सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने घायल के जीजा सुमेरा को सूचना दी तो वह मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिए नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। उपचार के दौरान घायल की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घायल के जीजा सुमेरा का कहना है कि शराब के नशे में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई थी।

### बाइकों की भिड़ंत में दो युवक जख्मी, भर्ती

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव सतेड़ा निवासी होशियार व खूबचंद सोमवार को गांव के निकट स्थित गंगा तट बांध पूठ धाम के ढाल पर बने मंदिर के निकट खड़े थे। तभी अचानक एक बाइक आई और दोनों में टक्कर मार दी जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी तो पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए नगर स्थित सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर दोनों घायलों को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। हलका दरोगा सतीश कुमार ने बताया कि बाइक की टक्कर से दो युवक घायल हो गए हैं। तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को किया गिरफ्तार

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** पुलिस ने सोमवार को दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दो वाहन चोरों को पकड़ा गया है। इसके पास से चोरी की बाइक, 12 बोर का तमंचा, कारतूस और चाकू बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ के दौरान युवकों ने अपना नाम रोहित उर्फ अभिषेक व विनशु निवासी ग्राम नबाबपुरा बताए।

### सामाजिक एकता में ही है शक्ति : डॉ. पुनीत

**सैदनगली, अमृत विचार :** कस्बे की धर्मशाला वाले मंदिर में सोमवार को वैश्य समाज की बैठक में अध्यक्ष उमाशंकर गर्ग ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए कार्य करना है। समाज के आपसी विवादों को सहमति से निपटाने का प्रयास करें। उपाध्यक्ष डॉ. पुनीत गुप्ता ने कहा कि समाज के सभी लोग संगठित रहें, एकता में ही शक्ति है। महामंत्री अंकित गुप्ता ने कहा कि समिति वैश्य समाज के हितों की रक्षा, सुरक्षा और सम्मान दिलाने का काम करेगी। इस दौरान पदमेश गुप्ता, विजय चौधरी, महेश गुप्ता, सचिन गुप्ता, ब्रजेश अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, नवनीत अग्रवाल, निशित गुप्ता, शरद गुप्ता, करुण गुप्ता, अमन गुप्ता, अनिल गुप्ता, सत्यम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# सीबीएसई 12वीं में बेटियों ने मारी बाजी

## हंसी अग्रवाल 98 प्रतिशत अंकों के साथ जिला टॉपर, शगुन द्वितीय, अल्फी तीसरे स्थान पर

कार्यालय संवादाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** सीबीएसई ने सोमवार को 10वीं और 12वीं के नतीजे घोषित कर दिए। इसमें जिले में इंटर में छात्राओं ने बाजी मारी है। प्रथम तीन स्थानों पर छात्राएं अव्वल रहीं हैं। गजरौला के सेंट मेरीज कॉनवेंट स्कूल की छात्रा हंसी अग्रवाल ने 490 अंक पाकर जिले में टॉप किया है। ब्लू बडर्स इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा शगुन शर्मा ने 487 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया।

सोमवार को सीबीएसई के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम का इंतजार खत्म हो गया। सुबह करीब 11:30 बजे रिजल्ट की घोषणा की। इंटरमीडिएट में जिले में इस बार छात्राओं ने छात्रों को पछाड़ दिया। जिला टॉपर हंसी अग्रवाल के परिजनों व स्कूल में खुशी का इजहार किया गया। उन्हें मिठाई खिलाई। स्कूल के संचालकों ने छात्र-छात्राओं को कैंपस बुलाया और खुशी का इजहार किया। उधर, एचएसएस स्कूल हसनपुर की छात्रा अल्फी शाहिद ने से 486 अंक पाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। पाइनवुड स्कूल के वंश सैनी ने चौथा व ब्लू बर्डस इंटरनेशन स्कूल की आरोही चौधरी ने जिले में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। इनके अलावा कई छात्र-छात्राओं ने भी जिले में नाम रोशन किया है।



कैलसा के जीडी टंडन विद्या मंदिर विद्यालय में खुशी का इजहार करते छात्र–छात्राएं, साथ में शिक्षक–शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार



हंसी अग्रवाल को मिठाई खिलाते परिजन। ● अमृत विचार

### सीए बनना चाहतीं हैं हंसी और अवीशी

**हसनपुर, अमृत विचार :** हसनपुर क्षेत्र निवासी हंसी अग्रवाल ने सेंटमेरी स्कूल गजरौला के साथ ही जिले में भी कीर्तिमान रचा है। 98 प्रतिशत अंक के साथ हंसी ने जिला टॉप किया। उनका कहना है कि वह सीए बनना चाहतीं है। छात्रा की सफलता पर उनके परिजनों की खुशी है। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी है। नगर निवासी विशाल अग्रवाल की पुत्री हंसी अग्रवाल ने सीबीएसई इंटर में किया है। उनके पिता विशाल अग्रवाल व माता पल्लवी अग्रवाल सीए हैं और उनका भाई भी सीए की तैयारी कर रहा है। इसलिए हंसी अग्रवाल भी सीए बनना चाहती हैं। वहीं नगर की ही निवासी अधिवक्ता मुकुल गुप्ता की पुत्री अवीशी ने भी 97 प्रतिशत अंक प्राप्त पाकर सेंट मेरी स्कूल में सेकंड स्थान प्राप्त किया है। उनकी माता अर्चना गुप्ता सरकारी शिक्षिका हैं और उनका भाई बीकॉम की पढ़ाई कर रहे हैं। अवीशी भी सीए बनना चाहती है। दोनों छात्राओं के परिजनों में खुशी की लहर है और उन्होंने मिठाई खिलाकर बधाई दी है।

### 12वीं के टॉपर



1 प्रतिशत-98.00% हंसी अग्रवाल। 2 प्रतिशत-97.40 % शगुन शर्मा। 3 प्रतिशत-97.20 % अल्फी शाहिद। 4 प्रतिशत-96.80 % वंश सैनी।



5 प्रतिशत-96.60 % आरोही चौधरी। 6 प्रतिशत-96.06 % रोजी सिंह। प्रतिशत- 96.0 % अक्शा सैफी। प्रतिशत- 96.00% अभिनव जौहर।

### लिटिल स्कॉलर्स अकादमी अमरोहा



1 प्रतिशत- 95.2 % तुषार सैनी। 2 प्रतिशत-95.00 % सराह बतूल नकवी। 3 प्रतिशत- 93.5 % मोहम्मद लकी। 4 प्रतिशत- 92.4% महक चौहान।

### एएसएम मॉडर्न अकादमी जोया



1 प्रतिशत-89.00 % वैभवी। 2 प्रतिशत-87.00% राधिका। 3 प्रतिशत-86.00 % दिप्ती। 4 प्रतिशत-86.00 % फातिमा जेहरा।

### जीडी टंडन सरस्वती विद्या मंदिर कैलसा



1 प्रतिशत- 92.2 % अनुष्का औलख। 2 प्रतिशत-91.04% माधव कुमार। 3 प्रतिशत-84.08% अल–शिफा। 4 प्रतिशत-83.04 % मयंक सिद्धू।

# गोया स्कूल का सौ प्रतिशत रहा रिजल्ट

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** गोया वर्ल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूली में 12वीं की छात्रा फाल्गुनी और 10वीं के शिवम ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। स्कूल का परिणाम सौ प्रतिशत रहा।

परीक्षा परिणाम आते मेधावियों के चेहरे खिल गए। उनके साथ अभिभावक स्कूल पहुंचे और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। प्रधानाचार्या स्वाति गुप्ता ने स्कूल को गौरान्वित करने वाले छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। मैनेजर आकाश गर्ग ने कहा कि छात्र छात्राओं ने इस बार स्कूल का नाम रोशन किया है।



स्कूल में खुशी का इजहार करते छात्र छात्राएं। ● अमृत विचार

**कार्मेल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन : गजरौला :** सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में कार्मेल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने प्रदर्शन किया है। प्रबंधक बिक्रम सिंह चौहान व प्रधानाचार्य सुधांशु शर्मा ने बच्चों के प्रयास की सराहना की। प्रधानाचार्य ने बताया कि 12वीं में देवकरन सिंह ने 91.60 प्रतिशत अंकर प्राप्त कर प्रथम स्थान, ज्योति 90 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान व विजेता ने 89 प्रतिशत प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया।



देवकरन सिंह।



ज्योति।

कक्षा 10 में अंशिका ने 96.8, सलोनी चाहल ने 96.2 व मानवी चौधरी ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

# एचएसएस पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं ने मनाया जश्न

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** एचएसएस पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने खुशी जताई। 10वीं में सिराज अहमद ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। अनन्या अग्रवाल ने 94.8 व वैष्णवी त्यागी ने भी 94.5 अंक प्राप्त किए। गौरी शर्मा ने 93.8, ईकांक्षा गोयल 93.6, पियू अग्रवाल ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 12वीं में अल्फी ने 97.2, जिया अरशद 94.5, कोमल ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रबंधक राजीव अग्रवाल, प्रिंसिपल वरुण मोहन गुप्ता, उप प्रधानाचार्य अंकुश कौशिक व शिक्षकों ने छात्रों के शानदार प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की।




एचएसएस स्कूल में खुशी मनाते छात्र छात्राएं व स्कूल प्रबंधन।

### मेधावियों को मिठाई खिलाकर जताई खुशी

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** हीरा इंटरनेशनल स्कूल में 12वीं के लक्की चौहान ने 96 .2 प्रतिशत अंक, 10वीं में समीक्षा गोदारा ने 96 .8 प्रतिशत, वैष्णवी चौधरी ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। एमएस सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के इंटरमीडिएट के सत्यम ने 87 प्रतिशत, हर्ष सैनी ने 84 प्रतिशत, इशिका चौहान ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। हाईस्कूल में सत्यम ने 98 .6, श्रद्धा यादव ने 93 .6 व तिलक अग्रवाल ने 93 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। ग्लोबल पब्लिक स्कूल व शांति देवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भी हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में अच्छे अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया।




हीरा इंटरनेशनल स्कूल में छात्र को मिठाई खिलाते प्रबंधक कपिल अग्रवाल। ● अमृत विचार

# जिलाधिकारी ने किया नर्सरी और गोशाला का निरीक्षण

गजरौला/मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** अमृत विचारः जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने विकासखंड गजरौला के अहरौला तेजवान कृषि विज्ञान केंद्र के निकट तैयार की जा रही हाईटेक नर्सरी का मौके पर जाकर निरीक्षण किया।

जिला अधिकारी ने हाईटेक नर्सरी के संरक्षण का कार्य स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दिए जाने के दृष्टिगत उपस्थित समूह की संगठन की महिलाओं द्वारा किस प्रकार पौधारोपण किया जाएगा। प्रथम तौर पर कौन सी प्रक्रिया की जाएगी। जिला अधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा के साथ संयुक्त रूप से पूरी हाईटेक नर्सरी का भ्रमण कर निरीक्षण किया। निरीक्षण से पूर्व जिला अधिकारी ने कृषि विज्ञान केंद्र गजरौला के सभागार में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ बैठक भी की। जिलाधिकारी ने संगठन की महिलाओं से बातचीत करते कहा कि वैसे पौध तैयार करें या वैसी सब्जी की खेती के पौध तैयार करें, जिनकी डिमांड हो। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा, अमरेंद्र प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी रहे। उधर, जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने सोमवार को मंडी धनौरा क्षेत्र के गांव चुचैला कला में गोशाला का निरीक्षण किया। खली चोकर, हरा चारा भूसा की उपलब्धता के संबंध में खंड विकास अधिकारी विजय सक्सेना से जानकारी ली। उन्होंने गोवंशों को हरा चारा व गुड़ भी खिलाया। उन्होंने कहा कि गर्मी में पशुओं को पानी का विशेष ध्यान दिया जाए। दिन में तीन बार पानी पिलाया जाएं।

# 10वीं का 94.27 प्रतिशत व 12वीं का 77.60 रहा जिले का परिणाम

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा में एलएसए के सार्थक सिंह टॉपर बने हैं। उन्होंने 500 में से 495 अंक हासिल किए हैं। रिजल्ट घोषित होने के बाद छात्र छात्राओं में खुशी की लहर है।

जिले में सीबीएसई 10वीं में 3148 छात्र छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें से 3126 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी थी। इसमें 2947 छात्र छात्रा पास हुए। जिले में 10वीं का रिजल्ट 94.27 प्रतिशत रहा। परीक्षा में बेहतर अंक की जानकारी मिलने के बाद छात्र-छात्राएं उत्साहित हो गए। कॉलेज प्रबंधन ने भी छात्रों को बुला कर हौसला बढ़ाया। जिले में लिटिल स्कॉलर्स एकेडमी के छात्र सार्थक सिंह ने 495 अंक हालिस किए। विक्टोरिया पब्लिक स्कूल के कुनाल चौहान, ब्लू बर्डस की काव्य अग्रवाल, राधा कृष्णा पब्लिक स्कूल के मयंक चौधरी, राना इंटरनेशनल स्कूल के वंश चौहान ने 493 अंक पाकर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। एचएसएस पब्लिक स्कूल के सीराज अहमद, द आर्यंस स्कूल की अक्षी सिंह, राना इंटरनेशनल स्कूल के अश्विन भारद्वाज ने 492 अंक पाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। छात्र छात्राओं को परिजनों और स्कूल प्रबंधन ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। उधर, इंटरमीडिएट में 2462 छात्र छात्राएं पंजीकृत थे, जिनमें से 2433 छात्र छात्राओं ने ही परीक्षा दी थी। जिसमें 968 छत्राएं व 1468 छात्र शामिल थे। इनमें 1888 छात्र छात्राएं ही पास हुए है। जिले में इंटरमीडिएट का रिजल्ट 77.60 प्रतिशत रहा।



सार्थक सिंह।



काव्या अग्रवाल।

### एसआरएस स्कूल के बच्चों ने किया नाम रोशन

**गजरौला, अमृत विचार :** एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल चैयरमेन गुरुबचन सिंह व प्रधानाचार्य धर्मेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि कक्षा 10 में दिव्य दर्पण ने 94 .60 प्रतिशत अंक, अदिति श्रीवास्तव ने 91 .80 व हर्षदीप औलख ने 91 .60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। कहा कि 10वीं में विद्यालय का परिणाम शानदार रहा। बच्चों ने लगन और निष्ठा के साथ मेहनत की।

## सार-संक्षेप

### नदी से रेत निकालने से मना किया तो युवक को पीटा

**रहरा, अमृत विचार :** आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव में नदी से रेत निकालन से मना किया तो युवक ने किसान को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। बीच बचाव करने आए पत्नी व बच्चों को भी पीटा। पीड़ित किसान ने आरोपी के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव ओगपुरा गांव निवासी होरीलाल रविवार को अपने खेत में सिंचाई कर रहा था। खेत के बराबर में स्थित नदी से एक युवक अवैध रूप से बालू रेत का खनन कर रहा था। होरीलाल ने खेत की मिट्टी बहकर नदी में जाने की बात कही और खनन रोकने के लिए कहा। इस पर वह आग बबूला हो गया। उसने किसान को मारा पीटा। इस दौरान किसान की पत्नी नेमवती एवं भाई हरबंश मौके पर पहुंचे तो आरोपी ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर उनकी लाठी डंडों से पिटाई कर दी। इससे वह घायल हो गए। घायल होने के बाद पीड़ित थाना पहुंचा और पुलिस को तहरीर दी। थाना अध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर कानूनी कारवाई की जाएगी।

### अधिवक्ता के निधन पर हुई शोकसभा

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन की ओर से अधिवक्ता नेमचंद सिंह के निधन पर शोकसभा आयोजित की गई। बार महासचिव सुरमित कुमार गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि बार इन दुखद पलों में नेमचंद सिंह के परिजनों के साथ है। अधिवक्ताओं ने आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस मौके पर बार अध्यक्ष गंगासरन, शिवचरन सिंह, दिनेश गुप्ता, ऋषिपाल सिंह चौहान, डॉ. इसरार खां, नरेशपाल सिंह, आफताब आलम, रामचंद्र सिंह, धीरेन्द्र सिंह, केशव प्रजापति, रमेश चंद्र, नईम अहमद, अरविंद शर्मा, विनोद त्यागी, संजीव कुमार, सुनील भटनागर, सुबोध शर्मा, रामेश्वर राणा, विरेन्द्र सिंह, हितेश त्यागी, नंदराम सिंह आदि मौजूद रहे।

### मोटर चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गजरौला, अमृत विचार :** किसान की मोटर चोरी करते दो आरोपियों को ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़कर पिटाई की। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों का चालान किया। क्षेत्र के गांव कुमराला में ट्यूबवेल से मोटर चोरी के बाद तांबे का तार निकालने की कोशिश कर रहे दो आरोपियों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। दो आरोपियों की पीटाई करने बाद पुलिस को सौंप दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में पकड़े गए आरोपी मोहल्ला मायापुरी निवासी सुनील पुत्र सौनाथ व रविंद्र पुत्र ताराचंद से चोरी मोटर व चाकू बरामद हुआ है। दोनों आरोपियों का चालान कर दिया गया है।



एसडीएम कार्यालय के बाहर मौजूद जैन समाज के लोग।

### भूमि से कब्जा हटाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगर के गंज बाजार स्थित खाली पड़ी भूमि का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को जैन समाज के लोगों ने उपजिलाधिकारी कार्यलय पर एक शिकायती पत्र दिया। इसमें लोगों ने कहा कि गंज बाजार स्थित भूमि पर भाजपा नेता कब्जा कर बेचना चाहते है। भूमि को लेकर मामला न्यायालय में विचाराधीन है। लेकिन भाजपा नेता ने भूमि पर खाली टैंक डाल दिए हैं। इसे लेकर जैन समाज के लोगों ने उपजिलाधिकारी कार्यलय पर एक शिकायती पत्र देकर भाजपा नेता से कब्जे को हटाए जाने की मांग की है। शिकायती पत्र देने वालों मे विकास जैन, प्रेम कुमार जैन, पुष्पेंद्र जैन, विवेक जैन, अनमोल जैन, यश जैन आदि मौजूद रहे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग हुए घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने एक की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

शहर के मोहल्ला मायापुरी निवासी प्रेमपाल अपने पड़ोसी रोहित के साथ सोमवार सुबह बाइक से हापुड़ जा रहा था। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर गांव शहवाजपुर डोर के निकट उनकी बाइक में पीछे से कार ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सक एक की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**मांग** गजरौला में हुई भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की पंचायत

# भाकियू की पंचायत में उठा छुट्टा पशुओं का मुद्दा

संवाददाता, रहरा/गजरौला

**अमृत विचार :** गंगेश्वरी विकास खंड परिसर में सोमवार को भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत में किसानों ने छुट्टा गोवंश का मुद्दा उठा। पशु फसलों को बर्बाद कर रहे हैं और लोगों पर हमला भी कर रहे हैं। इन पशुओं को गोशाला में संरक्षित कराया जाए।

नव नियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ. चंद्रपाल सिंह ने कहा कि किसानों की फसलों की सुरक्षा के लिए छुट्टा पशुओं को पकड़ना जरूरी है। फसलों की सिंचाई के लिए बिजली व्यवस्था शीघ्र सुचारू की जाए। ब्लॉक क्षेत्र के सभी उपकेंद्रों का अधिभार अधिक होने से बिजली मिलने में दिक्कत हो रही है। चकबंदी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी किसानों का शोषण कर रहे हैं। इन समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया तो भाकियू आंदोलन करेगी। इस मौके पर ब्लॉक क्षेत्र अध्यक्ष काले सिंह, महेश ठाकुर, रणवीर सिंह, इमत्याज, टीटू त्यागी, हरदयाल, सुरेंद्र सिंह, फूल सिंह, विजेंद्र सिंह, महेश पहलवान आदि रहे। उधर गजरौला में भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की पंचायत सोमवार को शहर के मंडी रोड के पास अरविंद सभासद के आवास पर हुई। इसमें नगर के आठ सभासदों सहित 80 लोगों को सदस्य बनाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि भाकियू संयुक्त मोर्चा किसानों, मजदूरों, व्यापारियों व छात्रों का भी मोर्चा बनाकर सभी वर्गों की मदद करेगा। किसानों का शोषण सहन नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सभी लोग अपने ब्लॉक व जिले के गांव-गांव जाकर चौपाल लगाए और किसानों के झगड़े निपटने का काम करें। जिले के सभी गांवों में जाकर ग्राम कार्यकारिणी बनाई जाए। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह मंगत ने कहा कि किसानों को संयुक्त मोर्चा से जोड़ा जाएगा। केंद्र सरकार बनने के बाद उन मांगों को बात करके पूरा कराया जाएगा। किसानों की लड़ाई रोड पर आकर लड़ी जाएगी। इस दौरान अरविंद सभासद को नगर अध्यक्ष गजरौला बनाया गया। गुड्डू मेंबर को नग र उपाध्यक्ष, चरण सिंह को संगठन मंत्री, होराम सिंह को सचिव व विजेंद्र पाल को महासचिव, राहुल गुर्जर को नगर प्रभारी गजरौला बनाया गया। रवि चौधरी, जोगिंदर सिंह, संजीव चौधरी, ऋषि पाल सिंह आदि रहे।



भाकियू की पंचायत में बोलते जिला अध्यक्ष डॉ. चंद्रपाल सिंह। ● अमृत विचार

### प्रेमी के साथ गई युवती माता-पिता को सौंपें

**हसनपुर, अमृत विचार :** प्रेमी युवक के साथ गई युवती को परिजनों को सौंपने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कोतवाली के गेट पर हंगामा किया। घंटों तक ग्रामीण कोतवाली के बाहर डटे रहे।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने गांव के युवक पर अश्लील हरकत करने के साथ छेड़खानी के आरोप में पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने दोनों पक्षों को कोतवाली बुला लिया था। वहां युवती ने युवक से प्रेम करने की बात कहते हुए उसके साथ जाने की जिद की ली थी। युवती के बालिग होने के कारण वह युवक के साथ चली गई थी। इसे लेकर ग्रामीण सत्ता पक्ष के एक नेता के पास पहुंच गए थे। उनका कहना था कि युवती को उसके परिजनों को सौंप दिया जाए। इस दौरान युवक युवती भी कोतवाली पहुंच गए। ग्रामीणों ने कोतवाली के बाहर हंगामा किया। ग्रामीणों का कहना था कि युवती को उसके माता-पिता के पास भेजा जाए।

## एक नजर

### गर्भवती ने लगाया जेठ पर मारपीट का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव अबूनगर निवासी रोहित का सोमवार को अपने बड़े भाई संजय से जमीन बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों भाई आपस में गाली गलौज करने लगे। उस समय आसपास के लोगों ने दोनों भाइयों को समझा-बुझाकर मामले को शांत करा दिया। आरोप है कि थोड़ी देर बाद संजय रोहित के घर पहुंचा और दरवाजे पर खड़ी रोहित की नौ माह की गर्भवती पत्नी प्रेमवती के साथ मारपीट करने लगा। जिससे प्रेमवती की हालत बिगड़ गई। जिसके बाद रोहित पत्नी को लेकर थाने पहुंचा। तहरीर मिलने पर पुलिस ने जिला अस्पताल में प्रेमवती की मेडिकल जांच कराई।

### सड़क हादसे में दो बाइक सवार घायल

**संभल,अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर उतमा निवासी इमरान सोमवार को तीन बजे बाइक पर सवार होकर अमरोहा जिले की तहसील हसनपुर से घर आ रहा था। नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर गांव ककरौआ मिलक व फतेहपुर के बीच बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे माइल स्टोन से टकरा गई। जिससे इमरान गंभीर रूप से घायल हो गया। दूसरा हादसा भी ककरौआ मिलक व फतेहपुर गांव के ही बीच चार बजे हुआ। थाना क्षेत्र के गांव बेरामपुर की मढैया निवासी मजदूर रजनीश की बाइक में कार ने टक्कर मार दी। जिसमें रजनीश घायल हो गया।

### स्वास्थ्य कार्यकत्री का दिल का दौरा पड़ने से निधन



**बबराला अमृत विचार :** नगर निवासी स्वास्थ्य कार्यकत्री प्रेम कुमारी (59) का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर में कार्यरत थीं और कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। राजघाट गंगा तट स्थित शांति उपवन में अंतिम संस्कार किया गया।

# झांसा देकर महिला के जेवर और नगदी भरा बैग ले उड़े उचक्के

## लिफ्ट देकर महिला को बाइक पर बैठाया और एक लाख का माल ले गए

कार्यलय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

**अमृत विचारः** थाना बनियाठेर क्षेत्र में लिफ्ट देकर बाइक पर महिला को बैठाया और झांसा देकर दो उचक्के महिला का बैग उड़ा ले उड़े। बैग में जेवर व नगदी समेत एक लाख का माल बताया जा रहा है। सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जानकारी की और सीसीटीवी कैमरे खंगाले हैं। महिला को बाइक पर बिठा कर ले जाते समय और वारदात को अंजाम देकर लौटते समय लुटेरे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। पुलिस लुटेरों की तलाश में जुट गई है।



पीड़ित महिला सरोज।

घटना सोमवार की सुबह साढ़े नौ से 10 बजे के बीच की है। जनपद रामपुर के थाना शाहबाद क्षेत्र के गांव बैरुआ निवासी सरोज देवी ने पुलिस को बताया कि थाना बनियाठेर के गांव खासेपुर में उसका मायका है। सोमवार की सुबह वह मायके जाने के लिए घर से निकली थी। सवारी गाड़ी से वह मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाइवे पर थाना बनियाठेर के गांव अकरौली बस अड्डे पर उतर गई और गांव खासेपुर जाने के लिए ई-रिक्शा का इंतजार करने लगी।



बनियाठेर क्षेत्र में महिला को बाइक पर बैठा कर ले जाते लुटेरे। • अमृत विचार



बनियाठेर क्षेत्र में महिला का बैग लेकर बाइक से जाते उच्चके। • अमृत विचार

उसी समय बाइक सवार एक युवक उसके पास आया और उसे बातों में उलझा कर झांसे में ले लिया। उचक्के ने महिला को गांव खासेपुर छोड़ने की बात कहते हुए बाइक पर बैठा लिया।

महिला ने बताया कि कुछ दूर चलने के बाद एक व्यक्ति और मिला जो अकरौली गांव तक जाने की बात कह कर बाइक पर बैठ गया। तीनों बाइक से अकरौली होते हुए पीपली गांव के रास्ते पर पहुंच गए। जहां

• गांव बैरुआ थाना शाहबाद जिला रामपुर की सरोज संग हुई घटना

एक पीपल के पेड़ के नीचे बाइक रोक दी गई और कहा कि उनके पास ऐसी मशीन है जो जेवर व सिक्कों से खराब हो जाती है। ये कह कर लुटेरों ने महिला के कानों से सोने के कुंडल व गले की चेन उतरवा

ली और महिला के बैग में रखवा दी। इसी दौरान मौका पाकर उचक्के महिला का बैग लेकर कर फरार हो गए। महिला के चिल्लाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई और घटना की जानकारी ली। सीसीटीवी कैमरे खंगाले। फुटेज में बाइक सवार दोनों उचक्के कैद हो गए हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है। वहीं महिला ने बताया कि बैग में मोबाइल, 15 हजार रुपये, सोने की चेन व एक जोड़ी कुंडल समेत कपड़े थे।

### छेड़छाड़ के विरोध पर रिश्तेदार को किया घायल

**संभल, अमृत विचारः** हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र में युवक ने साइकिल से स्कूल जा रही कक्षा छह की छात्रा के साथ रास्ते में रोककर छेड़छाड़ की। युवक हाथ पकड़कर छात्रा को युवक खेत में खींचने लगा। अचानक पहुंचे छात्रा के फूफा ने विरोध किया तो युवक ने उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। बिलारी निवासी 14 वर्षीय किशोरी हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अपने फूफा के घर रहती है। वह पास के गांव में स्थित निजी स्कूल में कक्षा 6 की छात्रा है।

सोमवार को छात्रा साइकिल पर सवार होकर स्कूल जा रही थी। रास्ते में पहले से ही खड़े युवक ने छात्रा को रोक लिया।

आरोप है कि छेड़छाड़ करते हुए युवक ने छात्रा का हाथ पकड़ लिया और छात्रा को खेत की ओर खींचने लगा। खेत पर जा रहे छात्रा के फूफा अचानक मौके पर आ गए। विरोध किया तो युवक ने अपने परिजनों को बुलाकर ग्रामीण के साथ मारपीट की और किसी लोहे की चीज से हमला कर ग्रामीण को घायल कर दिया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने छात्रा व ग्रामीण का मेडिकल कराया है।

# घरेलू विवाद में कमरे में फंदे पर लटककर दी जान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

• पत्नी से विवाद के बाद युवक ने उठाया आत्मघाती कदम

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के हनुमानगढ़ी में मायके से पत्नी के नहीं आने पर युवक ने कमरे में फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली।

घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

हनुमानगढ़ी निवासी अमित 32 वर्ष की शादी छह माह पहले बिलारी कोतवाली क्षेत्र के गांव धनुपुरा कुढ़खेड़ा निवासी युवती से हुई थी। दस दिन पहले अमित की पत्नी मायके चली गई। तभी से मायके में है। परिजनों ने बताया कि अमित की रविवार रात अपनी पत्नी से मोबाइल पर बात करते-करते कुछ कहासुनी हो गई। इसके बाद अमित ने परिजनों से कुछ नहीं बताया और अपना कमरा अंदर से बंद कर लिया। काफी देर तक कोई हलचल नहीं होने पर परिजनों ने आवाज लगाई। कोई प्रतिक्रिया नहीं होने पर कमरे का दरवाजा तोड़ा, तो अंदर का मंजर देख सभी सन्न रह गए। क्योंकि अमित पंखे पर साड़ी के फंदे पर लटका था।

परिजनों ने आनन-फानन में अमित को नीचे उतारा, मगर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित करने में दोषी को 10 वर्ष की सजा, एक बरी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

• अदालत ने 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचारः** अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित करने में दोषी को 10 वर्ष के कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। एक आरोपी को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है।

कोतवाली संभल के तत्कालीन उपनिरीक्षक प्रबोध कुमार ने तहरीर में बयान किया 27 अगस्त 2020 की रात नौ बजे वह अपनी टीम के साथ गश्त करते हुए चौधरी सराय चौराहा पर पहुंचे तो सूचना मिली कि अशोक आर्या के आम के बाग में ट्यूबवेल के पीछे कुछ लोग अवैध शस्त्र बनाने का धंधा करते हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर देखा तो एक व्यक्ति ड्रिल मशीन से अधबने तमंचों की बाडी में छेद कर रहा था तो दूसरा व्यक्ति तमंचों को रेती से साफ कर रहा था। घेराबंदी कर एक को पकड़ लिया और मौके पर मिले बने व अधबने तमंचे व बनाने के उपकरण कब्जे में ले लिए । जबकि एक साथी अंधेरे का फायदा उठा कर भागने में सफल हो गया। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम दानिश उर्फ मुन्ना बताया। पुलिस ने दानिश उर्फ मुन्ना पुत्र सफीक कुरैशी निवासी बदायूं दरवाजा मोहल्ला चौधरी सराय व अनस पुत्र लईक अहमद उर्फ भूरा उर्फ टैम्पू निवासी मोहल्ला नाला कोतवाली संभल के खिलाफ 5/25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया और साक्ष्यों को जुटा कर दानिश उर्फ मुन्ना के विरुद्ध अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। न्यायालय रेप एण्ड पॉक्सो कोर्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय जनपद संभल स्थित चन्दौसी की अदालत में अभियोजन पक्ष से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी हरिओम प्रकाश उर्फ हरीश सैनी ने साक्ष्यों के आधार पर दलीलें पेश कीं। सोमवार को फैसला सुनाते हुए न्यायाधीश निर्भय नारायण राय ने दानिश उर्फ मुन्ना को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष का कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। दूसरे आरोपी अनस को साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया।

## सार-संक्षेप



नर्सिंग स्टाफ को सम्मानित करती सोसायटी की पदाधिकारी व सदस्य।

### उत्कृष्ट सेवा के लिए नर्सिंग स्टाफ को किया सम्मानित

**चन्दौसी, अमृत विचार :** आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से सोमवार को संयुक्त चिकित्सालय में उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाली नर्सिंग स्टाफ को पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समिति की सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने बताया कि सेवा कार्यों में सदैव तत्पर रहने वाली नर्स को सम्मानित करना हमारे लिए सम्मान की बात है। किसी भी मरीज को जीवन दान देने में नर्स का बहुत अहम योगदान होता है। अध्यक्ष पूनम अरोड़ा ने बताया इस कार्यक्रम का उद्देश्य नर्स के कार्यों को सराहना है। कार्यक्रम में दीप्ति भटनागर, इंदू सक्सेना, गीता यादव, अनु चौहान, प्रिया को उत्कृष्ट नर्सिंग सेवा कार्य हेतु सम्मानित किया गया। सभी ने अपने अनुभवों को साझा किया और बताया कि किस प्रकार दिन और रात देखे बिना वह मरीज की सेवा करती हैं एवं मरीज के जीवन को बचाने के लिए कितना अथक प्रयास करती हैं। इस अवसर पर अनु गांधी, रेखा रस्तोगी, मोक्षिका शर्मा, प्रीति, रिया आदि समिति सदस्य उपस्थित रहीं।

### इंसान को करनी चाहिए मां बाप की इज्जत

**संभल/सिरसी अमृत विचार :** सिरसी में रविवार को देर रात आखिरी मजलिस हुई। जिसमें बाकर मेहंदी और उनके हमनवां मर्सिया ख़्वानी पढ़ी। मौलाना मौलवी अख्तर अब्बास जोन सुलतानपुरी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि मां बाप की दुआओं के बिना न तो कुछ दुनिया में मिल सकता है और न ही आखिरत में। इसलिए हर इंसान को अपने मां बाप की इज्जत करनी चाहिए। दुनिया में भी सुकून से रहे और आखिरत भी संवर जाए। मजलिस के बाद अंजुमने जुल्फकारे हैदरी ने कदीमी जुलूस निकाला। जुलूस दरगाह हजरत पर जाकर संपन्न हुआ। इस दौरान मुहम्मद हुसैन, इरशाद हुसैन, मेहताब हुसैन आदि मौजूद रहे।

### कल चार घंटे ठप रहेगी विद्युत आपूर्ति

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मौलागढ़ विद्युत उपकेंद्र से जुड़ी विद्युत लाइन पर बुधवार को जर्जर खम्भों के स्थान पर नए पोल लगाने व ढीले तारों को दुरुस्त करने का कार्य किया जाएगा। जिससे उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्र में सुबह 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। यह जानकारी एसडीओ प्रथम अजय कुमार शुक्ला ने दी। बुधवार को कार्य के चलते मौलागढ़ उपकेंद्र के आवास विकास, अंबे पुरम, वैष्णो विहार, वैशाली नगर, शक्ति नगर, प्रेम नगर, विकास नगर, मौजमपुर, मौलागढ़, मोहम्मदगंज, पंचशील कॉलोनी, संगम विहार, मिलक, बहजोई आदि क्षेत्रों के विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। वहीं दूसरी ओर हनुमानगढ़ी विद्युत उपकेंद्र पर बुधवार को ही जर्जर एलटी लाइन का तार बदलने का कार्य किया जाएगा। जिससे उपकेंद्र से जुड़े मोहल्ला हनुमान गढ़ी, गांव मई, गणेश कॉलोनी, आरआरके स्कूल, सीता रोड आदि क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक पूरी तरह बंद रहेगी।

### किशोरी के साथ दुष्कर्म का दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना में किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पुलिस एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नसीम ने अपने साथी गुलहसन के साथ मिलकर घर में अकेली देखकर 14 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। जानकारी होने पर ग्रामीण ने नसीम व गुलहसन के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें पुलिस ने गुलहसन को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया था।

### मृतकों के परिजनों को 25 लाख मुआवजा दे सरकार

**संभल, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी से विधानसभा असमोली विधायक पिंकी यादव सोमवार को जिला अस्पताल पहुंची और यहां रजपुरा थाना क्षेत्र में रविवार की रात हुए सड़क हादसे में भर्ती घायलों का हालचाल जाना। विधायक ने दुख जताते हुए कहा कि यह बहुत दर्दनाक हादसा है। सपा विधायक ने सरकार से पालन पोषण के लिए मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख व घायलों को इलाज के लिए 5-5 लाख रुपये देने की सरकार से मांग की। लोकसभा चुनाव के बारे में सवाल पूछने पर विधायक ने कहा कि बीते तीन चरणों में जनता ने खुद से चुनाव लड़ा है। तीन चरणों के चुनाव में समाजवादी पार्टी की जो परफॉर्मेंस रही है वह बहुत बेहतरीन है।

### फार्मासिस्ट ने विधायक को किया गुमराह,लगी फटकार

**संभल।** असमोली विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी विधायक पिंकी यादव सोमवार को जिला अस्पताल में घायलों को देखने पहुंची थी। इमरजेंसी में फार्मासिस्ट से विधायक ने सीएमएस अनूप अग्रवाल के बारे में पूछताछ की। इस पर फार्मासिस्ट ने विधायक से सीएमएस के अस्पताल से बाहर होने की बात कही। जब विधायक घायलों का हालचाल पूछ रही थीं तभी सीएमएस भी मौके पर पहुंच गए। फार्मासिस्ट के द्वारा कही बात का पता चलने पर सीएमएस का पारा चढ़ गया और इमरजेंसी कक्ष में पहुंचकर विधायक के सामने ही सीएमएस ने फार्मासिस्ट को जमकर फटकार लगाई।

### तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** बहजोई थाना क्षेत्र के गांव बंजरपुरी निवासी प्रमोद सोमवार को किसी वारदात को अंजाम देने के लिए हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव ओढो की मढैया के पास तमंचा लेकर घूम रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तमंचा बरामद कर प्रमोद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कानूनी कार्रवाई कर पुलिस ने प्रमोद का चालान कर दिया।

# तीन लोगों की मौत से लधनपुर में पसरा मातम, सांत्वना देने पहुंचे कई नेता

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

**अमृत विचार :** संभल जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र में संभल-अनूपशहर मार्ग पर गांव दीपपुर डांडा के पास रविवार को देररात कंटेनर द्वारा ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मारने से तीन लोगों की मौत के बाद गांव लधनपुर में मातम पसर गया। पोस्टमार्टम के लिए जब तीनों शव गांव लाए गए तो परिवारों में कोहराम मच गया। हरेक आंख नम हो गई तो गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। दूसरी तरफ हादसे में घायल हुए 19 लोगों का उपचार चल रहा है। कई की हालत गंभीर बनी है। सपा की क्षेत्रीय विधायक समेत कई नेताओं ने पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी।

कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव लधनपुर निवासी 95 वर्षीय शीशपाल सिंह का अंतिम संस्कार करने के बाद रविवार को देर रात ट्रैक्टर ट्रालियों से ग्रामीण वापस लौट रहे थे कि रजपुरा थाना क्षेत्र में गांव दीपपुर डांडा के पास सामने से आए कंटेनर ने एक ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी और दूसरी ट्रैक्टर ट्राली पर पलट गया। इस हादसे में घासीराम (60) पुत्र भूप सिंह (40) पुत्र गंगासहाय और महीलाल उर्फ महीपाल (45) पुत्र गंगाराम की मौत हो गई थी जबकि 19 घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी रजपुरा भेजा गया था। डीएम मनीष बंसल और एसपी कुलदीप सिंह गुनावत भी मौके पर पहुंचे। सीएचसी से गंभीर घायलों को रात में ही अलीगढ़ रेफर किया गया जबकि बाकी घायलों को जिला अस्पताल संभल में भर्ती कराया गया। सड़क हादसे में तीन की मौत से परिवारों में कोहराम मच गया। सोमवार को सुबह गांव लधनपुर में हर तरफ मातम का माहौल बना रहा। महिलाओं के रोने-बिलखने की आवाज के बीच ग्रामीणों की आंखें भी नम हो गईं। दोपहर के वक्त जब पोस्टमार्टम के बाद तीनों शव गांव लाए गए तो ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। परिजन शवों से लिपटकर दहाड़े मारकर विलाप करने लगे। इस बीच तमाम ग्रामीण पीड़ित परिवार के लोगों को ढांढस बंधाते रहे। गमगीन माहौल में तीनों शवों का गांव में ही स्थित शमशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। महीलाल को बेटे संजीव, घासीराम को बेटे विजेंद्र और गुमानी को बेटे प्रमोद ने मुखाग्नि दी।



हादसे में तीन लोगों की मौत के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं। • अमृत विचार

• रविवार को देर रात रजपुरा थाना क्षेत्र में एक ट्रैक्टर ट्राली को टक्कर मारकर दूसरी पर पलट गया था कंटेनर

• हादसे में तीन लोगों की हुई थी मौत जबकि 19 लोग हुए घायल, घायलों में कई की हालत गंभीर



गांव में सपा विधायक पिंकी यादव के गले लगकर रोती मृतक के परिवार की महिला।

### विधायक समेत कई नेताओं ने दी सांत्वना

**संभल अमृत विचार :** सपा की क्षेत्रीय विधायक पिंकी यादव, प्रमोद यादव, सुरेन्द्र यादव, लोकसभा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क, ममलूकुर्रहमान बर्क, जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी गांव लधनपुर पहुंचे। पीड़ित परिवारों से मिलकर हादसे के प्रति दुख जताया और सांत्वना दी। वहीं भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी, उदयवीर यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.अनामिका यादव, नीलेश यादव, विरलेश यादव भी मृतकों के घरों पर पहुंचे। पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी।

### यह हैं हादसे के मृतक

घासीराम पुत्र भूप सिंह, गुमानी पुत्र गंगादास, मिहीलाल पुत्र गंगाराम निवासी गण ग्राम लधनपुर थाना कैलादेवी जनपद संभल

### हादसे में घायल लोग

संभल में उपचाराधीन-प्रवेश पुत्र सुल्तान उम्र करीब 32 वर्ष, धीरेन्द्र सिंह पुत्र जागन उम्र करीब 25 वर्ष, पप्पू पुत्र झाजन उम्र करीब 35 वर्ष, चन्द्र पाल पुत्र शंकर सिंह उम्र करीब 30 वर्ष, फूल सिंह पुत्र किरोरी उम्र करीब 50 वर्ष (मुरादबाद रेफर), कुवंरसेन पुत्र जागन उम्र करीब 50 वर्ष, नरेश पुत्र आरामसिंह उम्र करीब 45 वर्ष ,अजयपाल पुत्र जागन उम्र करीब 25 वर्ष, राधेश्याम पुत्र लायक सिंह उम्र करीब 60 वर्ष, कुवंर पाल रोशन उम्र करीब 35 वर्ष, तुलाराम पुत्र राजबहादुर उम्र करीब 42 वर्ष।

### हायर सेंटर रेफर किए

बेनीराम पुत्र सिहायराम उम्र करीब 40 वर्ष ,रतिराम उर्फ रत्तु पुत्र, शिशुपाल उम्र करीब 40 वर्ष, जगमोहन पुत्र मुन्नी उम्र करीब 60 वर्ष , भूरे पुत्र किरोरी उम्र करीब 58 वर्ष, ख्याली पुत्र केदारी उम्र करीब 40 वर्ष, पप्पू उर्फ छोटे पुत्र भूपसिंह उम्र करीब 35 वर्ष



चन्दौसी में रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चेकिंग करते जीआरपी सीओ देवीदयाल।

# रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** मुरादाबाद जीआरपी सीओ ने रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था जांची। सीओ ने प्लेटफार्म, ट्रेनों के अंदर यात्रियों से बातचीत की। साथ ही जीआरपी स्टाफ को सतर्क रहने के निर्देश दिए।

सोमवार की शाम छह बजे मुरादाबाद जीआरपी सीओ देवीदयाल रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां जीआरपी प्रभारी राजदेव पूनिया से वार्ता की। इसके उपरांत जीआरपी स्टाफ के साथ रेलवे स्टेशन परिसर, सर्कुलेटिंग एरिया का निरीक्षण किया। प्लेटफार्म नंबर एक पर खड़ी ट्रेन की बोगी में चढ़कर यात्रियों से जानकारी की। इसके बाद थाने पहुंच सिपाहियों से संवाद किया और ड्यूटी पर तैनात सिपाहियों से सतर्कता बरतने की बात कही। कहा कि रेलवे स्टेशन पर अक्सर असामाजिक तत्व घूमने पहुंचते हैं, जो यात्रियों के सामान की चोरी आदि कर सकते हैं।

### सांप के काटने से महिला की तबीयत बिगड़ी

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचारः** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव चाचूनागल निवासी निरोती की पत्नी जग्गो 25 वर्ष सोमवार की सुबह घर के अंदर कमरे में साफ सफाई कर रही थी। जग्गो सफाई करते हुए कमरे के अंदर रखी गेहूं से भरी टीन की कोठी के पास पहुंची। जग्गो को सांप ने काट लिया। जिससे जग्गो की चीख निकल गई। चीख पुकार को सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। परिजन जग्गो का उपचार कराने के लिए सरकारी अस्पताल में लेकर नहीं पहुंचे। बल्कि सांप का जहर उतरवाने के लिए दिन-भर जगह जगह झाड़-फूंक करने वालों के पास लेकर जग्गो को दौड़ते रहे। परिजन जहां भी जाते हालत गंभीर होने पर झाड़-फूंक करने वाले जग्गो को किसी दूसरे डॉक्टर के पास भेज देते। जिसके बाद शाम को परिजन जग्गो को लेकर घर आ गए।

# तेंदुए को तलाश करने वन विभाग की टीम पहुंची, फोटो पर जताया संदेह

संवाददाता, संभल/सिरसी

**अमृत विचारः** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में तेंदुआ होने की सूचना मिलने पर वन क्षेत्राधिकारी टीम के साथ गांव मोहम्मदपुर मालिनी पहुंचीं। फसल में सोते हुए तेंदुए का खींचे जाने को लेकर फोटो पर संदेह जाहिर किया। तेंदुए को पकड़ने के लिए सीसीटीवी कैमरा व पिंजरा लगाने की बात कही।

गांव मोहम्मदपुर मालिनी निवासी साकिब ने रविवार की सुबह हरे चारे की फसल में सो रहे तेंदुए का फोटो मोबाइल से खींचने का दावा किया था। सोमवार को क्षेत्र में तेंदुआ होने की सूचना मिलने पर वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर टीम के साथ गांव पहुंचीं और ग्रामीणों के साथ उस जगह का निरीक्षण किया जहां सोते हुए तेंदुए का फोटो खींचने का दावा किया गया था। वन क्षेत्राधिकारी ने कहा कि फोटो वाली घटना में सच्चाई नहीं दिख रही है। कहा कि तेंदुए की पुष्टि होने पर सीसीटीवी कैमरा व पिंजरा लगाया जाएगा। ग्रामीण समूह बनाकर खेतों पर जाए और काम करने के बाद शाम से पहले ही वापस लौट आए। क्योंकि शाम का समय तेंदुआ शिकार के लिए बाहर निकलता है।



गांव में तेंदुए की लोकेशन जानने का प्रयास करतीं वन क्षेत्राधिकारी व अन्य वन कर्मी।

### प्राचीन संस्कृति है सत्य सनातन वैदिक धर्म

**गुन्नौर, अमृत विचार :** आर्य समाज गोठना के 45वें वार्षिकोत्सव का समापन किया गया। तीन दिवसीय उत्सव के आखिरी दिन हवन यज्ञ हुआ। जिसमें यजमान के रूप में दिल्ली हाईकोर्ट के अधिवक्ता ओमपाल सिंह यादव सपत्नीक रहे। कार्यक्रम में आर्य जगत के सन्यासी, विद्वान और भजन उपदेशकों ने हिस्सा लिया। यज्ञ, प्रवचन, सत्संग के कार्यक्रम हुए।

उपदेशकों ने माता पिता व पुत्र का एक दूसरे के प्रति दायित्व निर्वहन, आदर्श दाम्पत्य जीवन, सुखी परिवार के सूत्र और नारी शक्ति के सामाजिक उत्थान विषयों पर विचार रखे। कहा कि सत्य सनातन वैदिक धर्म हमारी प्राचीन संस्कृति है। जिसमें होली, दशहरा, दीपावली, रक्षाबंधन मुख्य पर्व हैं। सुनहरी लाल आर्य ने भजनों के माध्यम से मातृ शक्ति को भ्रूण हत्या को रोकने के लिए जागरूक किया। उन्होंने वेद अमृत वर्षा के साथ, स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन उपदेशों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान रामपाल सिंह, भगवान सिंह शास्त्री, गीत कुमार यादव एडवोकेट, योगेश कुमार एडवोकेट, हरिओम यादव, सतीश कुमार, महेंद्र पाल आदि रहे।

**सूचना**

मेरा नाम सन्तोष यादव है जबकि मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरा नाम सन्तोष देवी अंकित है। अतः सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दोनो नाम मेरे ही हैं। सन्तोष यादव उर्फ सन्तोष देवी पत्नि श्री सत्यवीर सिंह निवासी सुभाष रोड, चन्दौसी जिला सम्भल (उ0प्र0)।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मैं अनवर उर्रहमान पुत्र श्री मुजीब उर्रहमान निवासी- शहिदाबाद संभल रोड थाना कटघर जिला मुरादाबाद ने श्रीमति सायमा खान पुत्री मरहूम सरवर उर्फ अजीज जान निवासी- गली नं. 01 युसुफ कलौनी रहमत नगर करूला थाना कटघर जिला मुरादाबाद को शरियत के अनुसार पहला तलाक दिनांक-20.12.2023 दूसरा तलाक दिनांक- 12.02.2024 व अन्तिम रूप से तीसरा तलाक दिनांक- 16.03.2024 को दे दिया है तीसरे तलाक के बाद तलाक पूर्ण हो गया है। प्रत्येक तलाक की सूचना रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से श्रीमति सायमा खान को भेजी गयी और वॉट्सऐप से भी सूचना भेजी गई है अब श्रीमति सायमा खान मेरी पत्नी नही है वह तलाकशुदा है। इसके किसी फैल की जिम्मेदारी मेरी नही होगी।

# धर्म दर्शन

## सृजन के देवता ब्रह्मा



ब्रह्म शब्द से ही ब्रह्मा शब्द बना है। ब्राह्मण शब्द,ब्रह्मराक्षस शब्द और ब्रह्मपुत्र नद और हरियाणा का ब्रह्मसरोवर आदि भी ब्रह्म शब्द से जुड़े हैं। ब्रह्मा को विधाता अथवा सृजन का देवता माना जाता है। उसके चार मुख बतलाए जाते हैं और इन चारों मुखों की एक कहानी यह भी है कि ब्रह्मा शतरूपा को निहारते रहते थे। एक बार वह इनकी परिक्रमा कर रही थी,उसे चारो ओर से देखने के लिए इन्होंने चार मुख धारण कर लिए।

किसी कथा में इनके पांच मुखों का वर्णन है जिसमें से एक मुख रुद्र देवता ने तोड़ दिया था। बहुत सी कथाओं में एक यह भी कथा है कि इन्होंने चार मुखों से चार वेदों का गायन किया था।अंगिरस,पुलस्त्य,मरीचि,अत्रि,दक्ष,भृगु,वशिष्ठ आदि इसके मानसपुत्र माने गए हैं। सावित्री की ओर रति-भाव से आकृष्ट होने के कारण ब्रह्मा को अपूज्य माना गया है। ब्रह्मा और शिव के उपासकों के संघर्ष की भी अनेक कथाएं कही-सुनी जाती हैं। उपनिषदों में वे ब्रह्मविद्या के आचार्य हैं। अजमेर में पुष्कर में ब्रह्मा का मंदिर है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

तीर्थराज पुष्कर में एक पहाड़ी के ऊपर ब्रह्मा की पत्नी सावित्री का मंदिर बना हुआ है। इसमें अकेली सावित्री को मूर्ति है,ब्रह्मा की नहीं। दूर पहाड़ी पर सावित्री अकेली क्यों बैठी हैं,इसे लेकर बड़ी प्रसिद्ध अनुश्रुति चली आ रही है। एक बार ब्रह्मा ने तीर्थराज पुष्कर में यज्ञ रचा। यज्ञ में आहुति देने का समय निकट आ गया,पर सावित्री अपने घर में श्रृंगार करने में लगी हुई थी। बार-बार सावित्री को बुलावा भेजा गया। उनका श्रृंगार ही समाप्त ही नहीं हो रहा था। लगा कि अब यज्ञ का शुभ मुहूर्त ही टल जाएगा,ब्रह्मा चिंतित हो उठे। उधर से उन्हें एक गूजर स्त्री जाती दिखी। ब्रह्मा ने उस गुजरिया स्त्री के साथ गठजोड़ा बांधकर यज्ञ में आहुति देते अपने साथ बैठने की विनती की। गूजरी ने स्वीकार कर लिया। जब सावित्री आई तो ब्रह्मा के वामांग में एक स्त्री को देखकर क्रोधित हो गई। रूठ कर वहां से चली गई और पास की एक पहाड़ी पर अकेली जाकर रहने लगी। इसीलिए वहां रूठी हुई सावित्री का मंदिर बना हुआ है।


श्रीमद्भागवत में वैदिकदेवता इन्द्र के पराभव की तरह ही वैदिक देवता ब्रह्मा के मोह का प्रसंग है। ब्रह्मा ने वन में गोचारण कर रहे श्रीकृष्ण के ग्वाल-बाल और गाय-बछड़ों को चुरा लिया था। बाद में उसे अपनी भूल का अहसास हुआ और इन्द्र की तरह ही उसने श्रीकृष्ण की वंदना की।

अनेक दैत्यों-दानवों को ब्रह्मा ने अजेय होने का वरदान दिया था। वे ब्रह्मा के उपासक थे। सरस्वती ब्रह्मा की मानस कन्या मानी जाती है ।

कुरुक्षेत्र में ब्रह्मा का नाभिकमल तीर्थ है,पिहोवा में प्राचीन ब्रह्मा मंदिर तथा ब्रह्म योनी तीर्थ है,चौमुहां गांव में ब्रह्मा का मंदिर है और कानपुर के पास भी एक ब्रह्म का मंदिर बतलाया जाता है। ब्रह्मा के संदर्भ को लेकर शत-सहस्त्र कथाएं पुराणों में हैं,किंतु ब्रह्मा को पूज्य नहीं माना गया।

## वैशाख महीने में जलदान का महत्व

शास्त्रों में तो हर माह और तिथियों की महत्ता वर्णित है। इसके पीछे ऋषियों-मुनियों का मनुष्य को श्रेष्ठ जीवन जीने की कला से अवगत कराना प्रमुख उद्देश्य था। लोग हर दिन और हर पल सदाचार का पालन करें ताकि समाज में प्रेम, सौहार्द्र का भाव रहे। इसी क्रम में गर्मी के इस मौसम में अशक्त और असहाय लोगों की मदद और भूख-प्यास से पीड़ित लोगों खासकर समाज के वे सदाचारी लोग जो लोकहित के लिए शास्त्र आदि के अध्ययन में लगे रहते हैं, उन्हें जलकुंभ, गर्मी से बचाव के लिए वस्त्र, शीतल हवाओं के लिए पंखा, जूता-चप्पल, खाद्य-पदार्थ आदि देने का विधान बनाया। समाज में जो लोग सामर्थ्यवान हैं वे अपने से नीचे का जीवन जीने वाले लोगों की मदद जब करेंगे तो वक्त-जरूरत पर इन लोगों की मदद प्राप्त कर सकेंगे।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर


इस स्थिति में पूरा गांव या इलाका कुटुंब बन जाएगा और भाईचारा का वातावरण बनेगा। गांव या इलाके में किसी पर दैवी, प्राकृतिक या जंगली हिंसक जीव-जंतुओं से कोई विपत्ति आती है तो उसका मुकाबला सामूहिक भावना से पूरा इलाका करने में लग जाएगा।

इसी के मद्देनजर विभिन्न पुराणों में व्रत-उपवास के साथ दान का विधान किया गया। स्कंदपुराण के वैष्णवखंड में वैशाख माह की श्रेष्ठता के लिए 13 अध्यायों में राजा कीर्तिमान को वशिष्ठ के उपदेश,नारद का अपने सभासदों के उपदेश तथा ऋषि श्रुतदेव का जनक से संवाद का उल्लेख अत्यंत रोचक ढंग से वर्णित है। इसमें विभिन्न तिथियों में नदी-सरोवर में स्नान, भगवान विष्णु का पूजन तथा ग्रीष्म से बचाव की वस्तुओं के दान की बात कही गई। इस माह की महत्ता के संदर्भ में स्कंद पुराण में कहा गया है कि 'न माधवसमो मासो न कृतेन युगं समम्, न च वेदसमम् शास्त्रं न तीर्थं गंगया समम्'। वैशाख माह में सूर्योदय में नदी-सरोवर स्नान करने से भगवान मधुसूदन प्रसन्न होते है। इस महीने में प्याऊ लगाना, छाते, जूते, सत्तू, चटाई का दान सामाजिक समरसता की दृष्टि से भी जरूरी है। इसके अलावा भगवान शंकर के मंदिर पर जलधारा (जलहरी) की व्यवस्था भी सूक्ष्म जीव-जंतुओं के लिए आवश्यक बताया गया है। ये जीव-जंतु पर्यावरण संरक्षण में योगदान करते हैं।

अतः श्रद्धालुजन इन तिथियों में आध्यात्मिक विधानों का पालन कर समाज में भाईचारा का संदेश देते हुए ग्रीष्म ऋतु की जटिलताओं से मुकाबला करने के लिए शारीरिक एवं मानसिक स्तर पर अपनी तैयारी भी करें, क्योंकि इन तौर-तरीकों में ब्रह्म-मुहूर्त में स्नान पहली अनिवार्यता है। यह मुहूर्त स्वास्थ्य की दृष्टि से अति लाभप्रद है। मेडिकल साइंस के साथ देश के कोने-कोने में एक लोकोक्ति प्रचलित है कि 'जो सोवत है सो खोवत है,जो जागत है सो पावत है'। इस लोकोक्ति में 'सो' का आशय 'सौ' से है। यानि सौ प्रतिशत खोना या 'सौ' प्रतिशत पाना इसका आशय लेना चाहिए। पूरे विश्व के चिकित्सक तक अब यही कहने लगे है कि ब्रह्म-मुहूर्त में शरीर के हार्मोन्स स्वास्थ्य के अनुकूल शरीर को बनाते हैं।

## कल्याणकारी अग्निदेव

सब पदार्थों को प्रकाशित करने वाले तेजस्वी सूर्यदेव इस लोक में सहज दर्शनीय हैं तथा विभिन्न प्रकार से धन-ऐश्वर्य को बढ़ाते हुए शोभायमान होते हैं। उसी प्रकार ये अग्निदेव श्रेष्ठ शक्ति-संपन्न, अमृत स्वरूप, दुःखनाशक आयुष्य के संवर्धक हैं। वरणीय, त्रिकालदर्शी सवितादेव उषा काल के बाद विशेष प्रकाश बिखेरते हैं जिससे सभी पदार्थ अपने स्वस्थ स्वरूपों को धारण करते हैं। मनुष्यों के साथ सभी प्राणियों को कल्याणकारी मार्ग में प्रयुक्त करते हैं। हे अग्ने! आप आकाश में मेघों के मध्य विद्युत के रूप में चमकते एवं गर्जना करते हुए पृथ्वी को गुंजायमान करते हैं। प्राण पर्जन्य के रूप में वृक्ष-वनस्पतियों को अंकुरित करते हैं। शीघ्र उत्पन्न और प्रज्वलित होकर सभी को प्रकाशित करते हैं।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

हे वरुणदेव! आप तीनों ताप रूपी बंधन से हमें मुक्त करें। आधिदैविक, आधि भौतिक और आध्यात्मिक पाश हमसे दूर हों तथा मध्य एवं नीचे के बंधन हमसे अलग करें। हे सूर्यपुत्र! पापों से रहित होकर आपके कर्मफल-सिद्धांत में अनुशासित हम दयनीय स्थिति में न रहें। सबमें चैतन्य स्वरूप, पवित्रता में विद्यमान रहने वाले, अंतरिक्ष में वायु के रूप में, यज्ञवेदी में देवताओं के वाहक, सबके पूज्य, प्राणाग्नि के रूप में सभी मनुष्यों में, आकाश में विद्युत रूप में स्थित, जल में बड़वानल रूप में, भूमि में ज्वालामुखी फूटने के रूप में,पत्थरों में चिंनगारी रूप से उत्पन्न होने वाले ऐसे सर्वव्यापक अग्निदेव की महिमा प्रशंसनीय है। आपके जो सूर्य, अग्नि और बड़वा तीन तेज हैं, उन्हें हम जानते हैं। आपका जो मंत्र-स्थित गुप्त नाम है, उसके भी हम ज्ञाता हैं और आपके विद्युत रूप में चमकने वाले जलस्रोत से उत्पन्न स्थान को भी हम जानते हैं। हे अग्निदेव! आप यजमान को श्रेष्ठ यज्ञकर्म में प्रतिष्ठित करें। उपासक यजमान सूर्यदेव एवं आपके प्रीति पात्र हों तथा पुत्र पौत्रादि सभी संतानों के सुख से समृद्ध हों। हे ऋत्विजों! आप समिधाओं द्वारा अग्निदेव को प्रसन्न करें। अतिथि रूप अग्निदेव को घृत आहुतियों से प्रदीप्त करें तथा इस प्रदीप्त अग्नि में हवन सामग्री की आहुतियां प्रदान करें। हे भस्मरूप अग्निदेव! आप जल में बड़वाग्नि रूप में स्थित हैं। शमी आदि औषधियों में विद्यमान रहते हैं और अरणि मंथन से बार-बार आप प्रकट होते हैं। आप अपनी सामर्थ्य शक्ति के साथ यज्ञ स्थल पर पुनः पधारें। इच्छायुक्त इंद्रदेव ने सहस्त्रों के उपयोग में आने योग्य आनंददायक और तृप्तिप्रद सोमरस को जिस माध्यम से उदर में धारण किया, वह माध्यम, ये अग्निदेव ही हैं।

## मानवीय दिव्यता और सुग्राह्यता

अनेक पुराणों एवं परवर्ती साहित्य में देवों के प्रति अनन्य भक्ति या सम्मान के कारण ही उनके विरोधी असुरों को घृणित और निंदनीयमान,'असुर'(दैत्य,दानव,राक्षस) शब्द दुष्टात्मा, आततायी, परपीड़क, दस्यु, आदि का सूचक/प्रतीक बन गया। यही नहीं भूत, प्रेत, पिशाच आदि हीन कोटि के समूह इनके साथ जुड़ गए। निशाचर, निश्चर, रजनीचर, नरभक्षक, श्मशानवासी, दैत्य, दैतेय, दनुज, सुरारि, इन्द्रारि, देवारि, शुक्रशिष्य, देवरिपु आदि शब्द असुर के बहुप्रयुक्त पर्याय बन गए। स्पष्ट है कि श्रीहरि विष्णु के सोलह कलाओं के पूर्णावतार भगवान श्रीकृष्ण ने पार्थ अर्जुन के माध्यम से मानव मात्र के लिए सुग्राह्यमार्ग दर्शन का निर्देश दिया है। विषय का प्रारंभ वह निम्नलिखित श्लोक से करते हैं: "द्वौ भूतसर्गौ लोकेऽस्मिन् दैव आसुर एव च। दैवो विस्तरशः प्रोक्त आसुरं पार्थ मे श्रृणु।।"



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

अर्थात् इस लोक में देव गुण संपन्न एवं राक्षस गुण संपन्न दो प्रकार के मनुष्य रहते हैं। असुर गुण संपन्न लोगों के विषय में आगे कहता हूं। बाद के परवर्ती श्लोकों मे भगवान, असुर मनुष्य के लक्षणों एवं दुर्गुणों का विस्तृत उल्लेख करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि आसुरी स्वभाव वाले ईर्ष्यालु, क्रूर तथा मनुष्यों में अधम होता हैं। ऐसे अधम मनुष्यों को मैं संसार रूपी सागर में निरंतर गिराता रहता हूं। हे कुंतीपुत्र! आसुरी योनि को प्राप्त हुए मूर्ख मनुष्य अनेक जन्मों तक आसुरी योनि को ही प्राप्त होते रहते हैं। ऐसे आसुरी स्वभाव वाले मनुष्य मुझे न प्राप्त होकर अत्यंत अधमगति (निम्नतम योनि) को ही प्राप्त होते हैं। भगवान श्रीकृष्ण के देव और असुर संबंधी मंतव्यों के प्रकाश में गहराई से विचार करने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि पूर्ववर्ती असुर और परवर्ती देव, दैत्य, दानव, राक्षस, नाग, गंधर्व, किन्नर, नाग, गरुड़, वानर, मानव आदि सभी विभिन्न मनुक प्रजाति समूह के ही उच्चतम-उच्चतर समाज के लोग थे। उनके दिव्य तेज, अति मानवीय गुणों और क्रिया कलापों के अतिरंजित आलंकारिक वर्णन ने कभी उनके स्वरूप को अतिमानवीय दिव्यता और सुग्राह्यता प्रदान किया तो कभी भयावनी विरूपता। वाल्मीकि रामायण के अनुसार ही हनुमान जी द्वारा अपने शयनकक्ष में दिखा, निद्रारत अति रूपवान तेजधारी अति आकर्षक देहयष्टिधारी पौलस्त्य रावण को, भयावह 'दशानन' बना दिया गया। बंदर को मनुष्य के मूल पूर्वज होने का श्रेय देने तथा विकासवाद के सिद्धांत की स्थापना का श्रेय लेने वाले 18 वीं-उन्नीसवीं सदी के पाश्चात्य यह भूल जाते हैं कि भारतीय मनीषी हजारों वर्षों पूर्व इस सिद्धांत की वास्तविकता से परिचित थे। श्रीहरि विष्णु के विभिन्न अवतारों में इसकी जानकारी होने का सुस्पष्ट संकेत मिलता है।

# आसपास-उत्तराखंड- चंदौसी

### एक नजर

#### हादसे में बाइक सवार डॉक्टर की मौत

बरेली/फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : शाहजहांपुर के रहने वाले डॉक्टर की फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में शंखा पुल के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ, जब वह घर से मुरादाबाद बुलेट से ड्यूटी के लिए निकले थे। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। जिससे वाहन की पहचान कर चालक को गिरफ्तार किया जा सके। शाहजहांपुर के पुवायां रतनकूंडा निवासी अमन कुमार शर्मा (28) मुरादाबाद के एक अस्पताल में चिकित्सक थे। वह रविवार रात घर से मुरादाबाद ड्यूटी पर जाने की बात कहकर निकले थे। जब वह बुलेट से फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में शंखा पुल के पास पहुंचे, तभी किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेब की तलाश ली तो आईडी से उनकी पहचान हुई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए परिजनों को सूचना दी। थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि परिजनों की तरफ से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

## युवक का मुंह काला कर जूतों की माला पहनाकर घुमाया

### पांच महीने पहले युवक के पास चली गई थी महिला

संवाददाता, ओरछी(बदायूं)

**तालिबानी सजा**

- युवक ने लगाया खंभे से बांधने और पेशाब पिलाने का आरोप
- घटना का वीडियो हो रहा है वायरल

**अमृत विचार :** प्रेम प्रसंग में महिला को दिल्ली और हिमाचल प्रदेश ले गए युवक को महिला के पति और परिजनों ने जमकर पीटा फिर मुंह काला कर और जूतों की माला पहनाकर गांव में घुमाया। युवक ने पेशाब पिलाने का भी आरोप लगाया। पुलिस पहले से दर्ज रिपोर्ट में धाराएं बढ़ाने की बात कह रही है। बहरहाल पुलिस ने पेशाब पिलाने की बात को गलत बताया। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है।

फैजगंज क्षेत्र के एक गांव का युवक दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था। वह पांच महीने पहले एक ग्रामीण की पत्नी को दिल्ली ले गया। इसके बाद दोनों हिमाचल प्रदेश जाकर रहने लगे। 4 मई को महिला का पति और कुछ ग्रामीण उसके पास गए। कहा कि गांव चलो कोई कुछ नहीं कहेगा। झांसे में आकर युवक और महिला उनके साथ गांव आ गए। गांव लाकर महिला के पति ने युवक को अपने घर पर बंद करके पीटा। इसके बाद एक खंभे से बांधकर मुंह काला किया और पेशाब पिलाई। उसके गले में जूतों की माला डालकर गांव में घुमाया। लोग उसके सिर पर चप्पल मारते रहे। इसके बाद युवक को जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया।

फैजगंज बेहटा थानाध्यक्ष वेदपाल सिंह ने बताया कि युवक पांच मई को पुलिस चौकी आया था। उसने गाली-गलौज, मारपीट और धमकाने का आरोप लगाया था।

युवक का मेडिकल परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। सोमवार को युवक को गांव में घुमाने का वीडियो सामने आया है। युवक ने दोबारा तहरीर दी है। पहले से दर्ज रिपोर्ट में धाराएं बढ़ाई जाएंगी। उन्होंने पेशाब पिलाने की बात को झूठा ठहराया। कहा कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## हल्द्वानी के लोगों की जेब काट रहे मेरठ के जेबकतरे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- अंतरराज्यीय जेबकतरे गिरफ्तार, रोडवेज की बस में बनाते थे शिकार

**अमृत विचार :** हल्द्वानी में जेब काट रहे मेरठ के अंतरराज्यीय जेबकतरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इन चार शातिरों ने बीते रविवार को एक व्यक्ति की रोडवेज की बस में जेब काटी थी।

पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसपी सिटी नितिन लोहनी ने बताया, 12 मई को आदर्शनगर तल्ली बमौरी निवासी मुकेश कुमार सक्सेना पिता पुत्र मुन्ना लाल ने कोतवाली हल्द्वानी में मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया, वह बस के जरिये मुरादाबाद से हल्द्वानी बस में सफर कर रहे थे। कालूसिद्ध मंदिर के पास बस से उतरते समय उनकी जेब कट गई। जेबकतरों की तलाश में जुटी पुलिस

टीम ने घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। रविवार को चार अंतरराज्यीय जेबकतरों को एफटीआई बाईपास के पास से गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से पुलिस ने चोरी किया गया पर्स, आठ हजार रुपये, आधार कार्ड और पैन कार्ड बरामद किया है। आरोपियों में अटौडा मवाना मेरठ निवासी अरशद पुत्र जमील अहमद, साउथ खालापार मदीना मस्जिद दरोगा कोठी मुजफ्फरनगर निवासी फैजल अहमद पुत्र मुन्ना, कल्याण सिंह अटौडा मवाना मेरठ निवासी अरशद पुत्र बाबू व मुमताजनगर गुलइस्ता गार्डन गली नंबर पांच लीसाड़ी गेट मेरठ निवासी शकील पुत्र रहीस अहमद है।

**मेरठ, मुज्जफरनगर के बाद पहुंचे उत्तराखंड :** सीओ नितिन लोहनी ने बताया, आरोपी पेशेवर जेबकतरे हैं पूर्व में इन्होंने मेरठ और मुज्जफरनगर में कई घटनाओं को अंजाम दिया है। यह लोग बसों में और भीड-भाड़ वाले स्थानों पर जेब काटते थे और भीड़ में गुम हो जाते थे।

### सार-संक्षेप



कथा वाचक आचार्य शिवशंकर भारद्वाज। ● अमृत विचार

#### हनुमान जी सभी अमंगलों को समूल नष्ट करते हैं

**चन्दौसी, अमृत विचार :** हनुमान कथा का वाचन खुर्जा गेट स्थित शिव पंचायत मंदिर में किया जा रहा है। सोमवार को कथा वाचक आचार्य शिव शंकर भारद्वाज ने कहा कि हनुमान जी सभी अमंगलों को समूल नष्ट करने वाले हैं। हनुमंत कथा भवरोग निवारण की दिव्य औषधि है। भक्ति की यात्रा के मार्ग में वासना व ईर्ष्या दो विघ्नों को पार करके हनुमान जी सागर पार पहुंचते हैं। वहां पहाड़ पर चढ़कर लंका को देखा, सोने की लंका मोह का प्रतीक है। संसार में बड़े-बड़े त्यागियों का भी मोह से छुटकारा नहीं होता, जब तक मोह नहीं टूटेगा तब तक भक्ति तक पहुंचना कठिन है। संत अथवा सत्संग से ही जीव की भेदबुद्धि का नाश होता है। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान सर्वेश कुमार सक्सेना, रविंद्र पाल सिंह, योगेश गुप्ता, अजय वार्ष्णेय, छेदा लाल, दयानंद शर्मा, कोमल वार्ष्णेय, कौशल शर्मा आदि मौजूद रहे।



चन्दौसी में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता टीम। ● अमृत विचार

#### तहसील संभल के खिलाड़ियों ने जीती प्रतियोगिता

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव अकरौली में जनपदीय टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से जिला स्तरीय क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील चन्दौसी, गुन्नौर व संभल की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का आरंभ जितेंद्र चौधरी व डॉ. अनुराग त्रिवेदी ने किया। जिसमें संभल तहसील की टीम ने प्रथम व चन्दौसी की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि इस चैंपियनशिप का उद्देश्य जनपद की टीम चुनना है। इस प्रतियोगिता के आधार पर जो टीम चुनी जाएगी। वह टीम प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। विजेता व उपविजेता टीम को युवा कल्याण अधिकारी विनीत सिंह, जिला ओलंपिक के सचिव आशु शर्मा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान राकेश पाल सिंह, विनय राठौर, पियूष त्रिवेदी, उदित राठौर आदि मौजूद रहे।

#### बीएलओ पर कार्रवाई न किए जाने की उठाई मांग

**संभल अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक शिक्षामित्र संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र कुमारी आदि ने एसडीएम को पत्र सौंपकर लोकसभा चुनाव को लेकर बीएलओ पर कार्रवाई न किए जाने की मांग उठाई। कहा कि बीएलओ चुनाव की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है जो दिन रात एक करके घर-घर जाकर नए वोट बढ़ाने, मृतकों की पहचान करता है। मतदान के दिन बीएलओ बूथ पर रहकर मतदाताओं को वोट डलवाने में सहयोग करते हैं। कुछ बूथों पर बीएलओ के साथ पुलिस ने अभद्रता की जो निंदनीय है। प्रशासन द्वारा बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जिससे बीएलओ में रोष है। इसलिए बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई न की जाए। इस दौरान शाहवेज अख्तर, मुहम्मद उसमान आदि रहे।



पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय को सम्मानित करतीं महिला शक्ति की पदाधिकारी।

## जायंट्स ग्रुप ने स्थापना दिवस पर लड़की को सिलाई मशीन दी

**चन्दौसी, अमृत विचार:** जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति की ओर से सोमवार को सीता रोड स्थित गीता सत्संग भवन में मातृ दिवस एवं स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलित कर जायंट्स प्रार्थना से किया गया। तदोपरांत पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय को पटका तथा फूल माला पहना कर सम्मानित किया। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक गरीब तथा असहाय लड़की के लिए उसकी जीविका चलाने को एक सिलाई मशीन दी गई। पद्मा भार्गव एवं डॉ. सुधा चौधरी ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर अध्यक्ष इंदु अग्रवाल, सचिव अनुराधा गुप्ता, मृदुल अग्रवाल, क्षमा अग्रवाल, उषा वार्ष्णेय, अनु रस्तोगी, गार्गी, आशा, मंजू अग्रवाल, अलका, शैलेश, प्रीति, रीता, रानी, रेनू, सुनीता, विचित्रा, ममता, नीलम, मंजू, चंचल, रागिनी, रेखा, मीरा आदि उपस्थित रहीं।

## नौकरानी ने कारोबारी के घर से डायमंड समेत लाखों के जेवरात उड़ाए

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में नौकरानी ने कारोबारी के घर से डायमंड की अंगूठी समेत लाखों रुपये की जेवरात चुरा लिए। पूछताछ करने पर नौकरानी ने कारोबारी और उसके बेटे को दुष्कर्म और एससीएसटी के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र के कांपिटेंट प्राइड ए निवासी सीमा सेठी ने बताया कि संजयनगर में त्रिमूर्ति रोड की रहने वाली रेखा उनके घर में लंबे समय से साफ-सफाई करती थी। मौजूदा समय में वह कैंट क्षेत्र के चनेहटी में रहती है। आरोप है कि तीन मई की सुबह उनकी मां मंदिर से घर आईं। उन्होंने डायमंड टॉप्स निकाल कर मेज पर रखे। रेखा के जाने के बाद मां ने देखा तो उनके टॉप्स गायब थे। घर का सामान चेक किया तो पता लगा कि रेखा चेन, अंगूठी, टॉप्स, चांदी का लोटा, कटोरी, तीन डायमंड अंगूठी आदि जेवर धीरे धीरे करके चोरी कर चुकी थी।

## जीजा ने किया था साली से दुष्कर्म पीड़िता ने भाई को ही फंसा दिया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- चार साल बाद आया फैसला जीजा को दी 20 साल के कारावास की सजा

**अमृत विचार :** नैनीताल के चर्चित मामले में चार साल बाद न्यायालय का फैसला आया तो जीजा की गर्दन फंस गई। जीजा के अपनी नाबालिग साली से अवैध संबंध थे। इस संबंध से पैदा बच्ची को नाली में फेंककर पीड़िता ने अपने चचेरे भाई को फंसा दिया। अवसाद में भाई ने जान दे दी। चार साल बाद फैसला आया तो जीजा ही पीड़िता की बच्ची का जैविक पिता पाया गया। न्यायालय ने उसे 20 साल कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

मामले में पीड़िता की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि 6 फरवरी 2020 को सात नंबर क्षेत्र मल्ली ताल नैनीताल की एक नाली में नवजात बच्ची मिली थी। उसे पहले बीडी पांडे और फिर डा.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। बच्ची की जान बच गई। इधर, बच्ची को जन्म देने वाली 15 साल की लड़की की हालत बिगड़ी तो उसे भी डा.सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसके प्रसव की बात सामने आई और पीड़िता ने मान लिया कि नाली में मिली बच्ची उसी की है। उसने ही बच्ची को नाली में फेंका। साथ ही बताया कि बच्ची का पिता उसका चचेरा भाई राहुल है। राहुल के खिलाफ मल्ली ताल थाने में केस दर्ज हुआ और स्पेशल जज पॉक्सो नंदन सिंह की कोर्ट में मुकदमा चला।

उसी वर्ष 17 अप्रैल को राहुल ने आत्महत्या कर ली। मृत्यु से पहले राहुल और नवजात बच्ची के रक्त का नमूना लेकर एफएसएल को भेज दिया गया था। आठवें माह में रिपोर्ट आई तो राहुल बच्ची का जैविक पिता नहीं पाया गया।

## आदि कैलाश यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का पहला दल रवाना

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** विश्व प्रसिद्ध आदि कैलाश एवं ओम पर्वत की यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो गया है। सोमवार को 49 श्रद्धालुओं का पहला दल आदि कैलाश के लिए रवाना किया गया। इसमें 34 यात्री काठगोदाम से शामिल हुए जबकि 15 यात्री धारचूला से शामिल होंगे।

कुमाऊं मंडल विकास निगम ने इस वर्ष पहली बार आदि कैलाश एवं ओम पर्वत की यात्रा शुरू की है। इस यात्रा के लिए श्रद्धालुओं ने पंजीयन कराया था। इधर, सोमवार को 49 श्रद्धालुओं का पहला दल काठगोदाम स्थित पर्यटक विश्राम गृह से पिथौरागढ़ के लिए रवाना किया गया। दल में 32 पुरुष व 17 महिलाएं शामिल हैं। कुमंविनि के महाप्रबंधक विजयनाथ शुक्ला ने पर्यटक आवास गृह में सभी श्रद्धालुओं का परंपरागत ढंग से स्वागत किया। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। इस बार श्रद्धालुओं को भोज पत्र के पौधे वितरित किए हैं।

निषेवते प्रशस्तानी निन्दितानी न सेवते।
अनास्तिक : श्रद्धान एतत् पण्डितलक्षणम् ॥

सद्गुण, शुभ कर्म, भगवान के प्रति श्रद्धा और विश्वास, यज्ञ, दान, जनकल्याण आदि, ये सब ज्ञानीजन के शुभ–लक्षण होते हैं।


## संपादकीय

# सौर ऊर्जा में प्रगति

भारत समृद्ध सौर ऊर्जा संसाधनों वाला देश है। सरकार का लक्ष्यः नवीकरणीय ऊर्जा पर भरपूर जोर देकर स्वच्छ ऊर्जा के हिस्से में बढ़ोतरी करना है। भारत में नवीन तथा नवीकरणीय ऊर्जा के विकास तथा उपयोग के मुख्य वाहक ऊर्जा सुरक्षा, बिजली की कमी, ऊर्जा पहुंच, वित्तीय प्रोत्साहनों जैसे विभिन्न माध्यमों के जरिए नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभा रही है। स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन और उपभोग को बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के संतोषजनक परिणाम सामने आने लगे हैं। स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति का अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि 2014 से अब तक उत्पादन में 30 गुना वृद्धि हुई है। वहीं वर्ष 2023 में दुनिया में सौर ऊर्जा के उत्पादन में जापान जैसे विकसित देश को पीछे छोड़ते हुए भारत तीसरे स्थान पर रहा। यह उपलब्धि इसलिए महत्वपूर्ण मानी जा सकती है कि 2015 में भारत का स्थान नौवां था। ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक गतिविधियों का अध्ययन करने वाले संस्थान एंबर की ताजा रिपोर्ट में उन 80 देशों के उत्पादन का सर्वे किया, जो दुनिया में बिजली की कुल मांग के 92 प्रतिशत हिस्से की पूर्ति करते हैं। सौर ऊर्जा की बात करें तो इसने वैश्विक ऊर्जा उत्पादन में 5.5 प्रतिशत का योगदान किया है। भारत में यह आंकड़ा 5.8 प्रतिशत रहा है। इस बढ़त से यह दृष्टिगत होता है कि दुनिया के बहुत से देश जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने तथा उत्सर्जन घटाने की दिशा में सक्रिय हैं।

भारत की इसमें अग्रणी भूमिका है। उत्पादन में जहां भारत बीते साल तीसरे स्थान पर रहा है, वहीं ऊर्जा क्षमता में सौर ऊर्जा के प्रोत्साहन के लिहाज से चौथे स्थान पर आ गया है। स्थापित क्षमता के लिहाज से हम पांचवें पायदान पर हैं। इस सूची में भारत से पहले चीन, अमेरिका और ब्राजील हैं। केवल इन चार देशों ने 2023 में दुनिया के कुल सौर ऊर्जा उत्पादन में 75 प्रतिशत का योगदान किया है। भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट हरित ऊर्जा उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। गौरतलब है ग्लासगो जलवायु सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2070 तक कार्बन उत्सर्जन को शून्य के स्तर पर लाने के भारत के संकल्प को रेखांकित किया था। इस संदर्भ में केंद्र सरकार ने अनेक नीतिगत पहल भी की हैं। हाल में ही देश में सूर्योदय योजना का प्रारंभ किया गया है जिसमें कम आमदनी के परिवारों को सोलर पैनल लगाने के लिए सहायता दी जाएगी। ऐसी योजनाओं में अतिरिक्त बिजली खरीदने तथा मुफ्त बिजली देने का भी प्रावधान है। सौर ऊर्जा के अलावा पवन ऊर्जा, बायोमास, जल विद्युत संयंत्र, कचरे से ऊर्जा निकालने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। हाइड्रोजन ऊर्जा से भी भविष्य में बड़ी उम्मीदें हैं। कहा जा सकता है कि इन प्रयासों से ऊर्जा के क्षेत्र में व्यापकता आएगी और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में भी मदद मिलेगी।

# आवश्यक है खाद्य पदार्थों की बर्बादी रोकना



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

इसकी गंभीरता को देखते हुए भोजन की बर्बादी और इसे सड़ने गलने से बचाने के लिए कई देशों में प्रयास किया गया है। फ्रांस पहला ऐसा देश है जिसने सुपर मार्केट द्वारा न बिकने वाले फलों, सब्जियों एवं अन्य खाद्य पदार्थों को नष्ट करने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

एक ओर जहां भारत में आज भी 19 करोड़ लोग भूखे सोते हैं, वहीं दूसरी ओर समाज का एक बड़ा वर्ग भोजन को फेंककर बर्बाद करने में लगा है। विश्व भूख सूचकांक 2023 के अनुसार भारत का स्थान 111 वां है और यह अपने पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका से भी पीछे है। जाहिर है देश में लोगों को मिलने वाले पौष्टिक और पर्याप्त भोजन की कमी है। एक वर्ग के पास इतना ज्यादा खाद्य पदार्थ है कि वह इसे फेंकता है, बर्बाद करता है और एक बड़ा वर्ग भूखों सोता है। यह सामाजिक असमानता की भी निशानी है। यद्यपि सरकार ने इस ग्लोबल हंगर इंडेक्स की रिपोर्ट पर सवाल उठाए हैं, जो उचित भी है।

देश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून लागू हो जाने से देश की लगभग 80 प्रतिशत जनसंख्या को मुफ्त अनाज सरकार द्वारा दिया जा रहा है, परंतु अभी भी एक बहुत बड़ा वर्ग पौष्टिक और पर्याप्त भोजन को तरस रहा है, लेकिन दूसरी तरफ मध्यम वर्ग और उच्च मध्यम वर्ग अपनी बढ़ती संपन्नता के साथ ही खाने के प्रति असंवेदनशील होते जा रहे हैं। खर्च करने की क्षमता में वृद्धि के साथ ही खाना फेंकने और ज्यादा से ज्यादा लुटाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है और वे इसे अपनी तथाकथित रईसी में शामिल करते हैं। इसका सबसे शानदार उदाहरण विवाह स्थलों के पास रखे कूड़ाघरों से पता चलता है, जहां 40 प्रतिशत से अधिक खाना फेंका हुआ मिलता है। वास्तव में अपने यहां कोई ऐसा कानून नहीं है, जो भोजन की इस बर्बादी पर रोक लगा सके। वास्तव में भोजन की बर्बादी मानवीय संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। भोजन की बर्बादी से न केवल सरकार, बल्कि सामाजिक संगठन भी चिंतित हैं। दुनियाभर में हर वर्ष जितना भोजन तैयार होता है, उसका एक-तिहाई यानी लगभग 1 अरब 30 करोड़ टन बर्बाद हो जाता है।

विश्व खाद्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के 10 प्रतिशत लोग यानी करीब 83 करोड़ लोग भूखे सोते हैं, जिन्हें पेटभर खाना नसीब नहीं होता है। दुनियाभर में हरेक वर्ष लगभग 250 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है, अगर इस बर्बादी या अपव्यय को रोकने में सफलता मिल जाए तो सभी लोगों का पेट भरा जा सकता है। देश में हरेक साल लगभग 25.1 करोड़ टन खाद्यान्न का उत्पादन होता है, लेकिन खाद्य उत्पाद का 40 प्रतिशत बर्बाद हो जाता है। भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के अनुसार भारत में हरेक वर्ष 23 करोड़ टन दाल, 12 करोड़ टन फल और 21 करोड़ टन सब्जियां वितरण प्रणाली में कमियों के कारण खराब हो जाती हैं। इस अपव्यय का दुष्प्रभाव हमारे देश के प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ रहा है। औसतन हर भारतीय 1 साल में 6 से 11 किलो अन्न बर्बाद करता है। विश्व में तीन अरब से ज्यादा लोगों को स्वास्थ्यकर एवं पौष्टिक भोजन नहीं मिल पाता है। यूएनईपी की रिपोर्ट के मुताबिक भोजन की बर्बादी के मामले में चीन पूरे विश्व में प्रथम और भारत दूसरे स्थान पर है।

भारत में हर वर्ष 6 .87 करोड़ टन खाना बर्बाद हो जाता है। भारत में हर व्यक्ति औसतन सालाना 94 किलोग्राम भोजन की बर्बादी करता है। देश में लगभग 14 प्रतिशत जनसंख्या अर्थात 18 .9 करोड़ लोग कुपोषण का शिकार हैं।

भारत में हर वर्ष 6.87 करोड़ टन खाना बर्बाद हो जाता है। भारत में हर व्यक्ति औसतन सालाना 94 किलोग्राम भोजन की बर्बादी करता है। देश में लगभग 14 प्रतिशत जनसंख्या अर्थात 18.9 करोड़ लोग कुपोषण का शिकार है। दुनिया में अनुमानतः 17 प्रतिशत भोजन हर वर्ष कचरे में फेंक दिया जाता है जिससे करोड़ों लोगों की भूख मिटाई जा सकती है। इसमें से लगभग 57 करोड़ टन अकेले घरों द्वारा कचरे में फेंका गया भोजन होता है। खाद्य और कृषि संगठन के अनुसार दुनिया का लगभग 14 प्रतिशत फसल कटाई के बाद और दुकानों तक पहुंचने के पहले नष्ट हो जाता है, जो लगभग 400 अरब डॉलर का है। ऐसा माना जाता है कि भोजन बर्बादी का संबंध अमीर या विकसित देशों से ज्यादा है, परंतु संयुक्त राष्ट्र संघ के सर्वेक्षण ने इसे गलत प्रमाणित कर दिया है। विकसित देशों के मुकाबले पश्चिम एशिया और अफ्रीकी देशों में सालाना प्रति व्यक्ति खाने की बर्बादी ज्यादा होती है। एक ओर अफ्रीका के कई देश भुखमरी का सामना कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ नाइजीरिया जैसे देश भी हैं, जहां हर व्यक्ति वर्ष में लगभग 189 किलोग्राम भोजन बर्बाद कर देता है। रूस में सबसे कम भोजन बर्बाद किया जाता है, वहां प्रति व्यक्ति करीब 33 किलोग्राम भोजन को हर वर्ष कचरे में फेंका जाता है यानि यहां भोजन के सदुपयोग के प्रति संवेदनशीलता अपनाई जाती है।

खाद्य पदार्थों का अपव्यय या बर्बादी दो तरह की होती है। पहला जो खेतों में फसलों की कटाई से खुदरा दुकानदारों तक पहुंचने के बीच होने वाले खाद्य पदार्थों की हानि को "फूड लॉस" या भोजन का नुकसान कहते हैं। दूसरे खुदरा दुकानदारों से उपभोक्ताओं तक पहुंचने के मध्य में जो भोजन की हानि होती है, उसे भोजन की बर्बादी या "फूड वेस्टेज" कहा जाता है। भोजन के अपव्यय या बर्बादी का सीधा असर हमारे पर्यावरण पर पड़ता है। ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में दस प्रतिशत तक हिस्सा सड़े-गले और खराब भोजन का होता है, जो तीसरा सबसे बड़ा स्रोत है। सड़े गले खाद्य पदार्थ से हानिकारक व प्रदूषणकारी मीथेन गैस का उत्पादन होता है। साथ ही फसलों की पोषण गुणवत्ता भी कम होती है और फूड चेन भी प्रभावित होता है। भोजन की बर्बादी से इसके उत्पादन में लगने वाले पानी, परिवहन के लिए ऊर्जा और भूमि जैसे सभी संसाधनों का भी नुकसान होता है।

इसकी गंभीरता को देखते हुए भोजन की बर्बादी और इसे सड़ने गलने से बचाने के लिए कई देशों में प्रयास किया गया है। फ्रांस पहला ऐसा देश है जिसने सुपर मार्केट द्वारा न बिकने वाले फलों, सब्जियों एवं अन्य खाद्य पदार्थों को नष्ट करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। जनवरी 2015 में एक जनहित याचिका पर फैसला सुनाते हुए पाकिस्तान की शीर्ष अदालत ने भी शादी-विवाह में होने वाली फिजूलखर्ची रोकने के आदेश दिया था। पाकिस्तान में यह कानून है कि शादी या अन्य समारोहों में एक से ज्यादा मुख्य व्यंजन नहीं परोसा जा सकता है। इस कानून के उल्लंघन पर एक महीने की सजा और 50 हजार से दो लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। भारत में भी वैवाहिक समारोहों में फिजूलखर्ची व धन की बर्बादी को रोकने के लिए एक कानून बनाने का विचार पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में राष्ट्रीय सलाहकार समिति ने दिया था। इसमें विवाहों में मेहमानों की संख्या नियंत्रित करने से लेकर कई अन्य बातें भी शामिल थीं, मगर इसे मूर्त रूप नहीं दिया जा सका। इधर हाल में बिहार से कांग्रेसी सांसद रंजीता रंजन ने शादियों में खाने की बर्बादी को रोकने के साथ-साथ विवाह के पंजीकरण को कानूनन अनिवार्य बनाने वाला एक निजी विधेयक लोकसभा में पेश किया था। इसके बाद भाजपा सांसद गोपाल चिन्नया शेट्टी और कांग्रेसी सांसद जसबीर सिंह गिल ने भी शादियों में मेहमानों की संख्या सीमित करने, खर्च सीमित करने आदि से संबंधित विधेयक पेश किया है। हालांकि देश में प्रदर्शन और फिजूलखर्च पर प्रतिबंध की दृष्टि से विवाह समारोह अधिनियम 2006 तो मौजूद है, लेकिन इसका सख्ती से अनुपालन नहीं किया जा रहा है।

विश्वभर में होने वाली भोजन की बर्बादी और अपव्यय को रोकने के लिए विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन, अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष और विश्व खाद्य कार्यक्रम ने एकजुट होकर एक परियोजना शुरू की है। आजकल मारवाड़ी समाज में फिजुलखर्ची, वैभव प्रदर्शन एवं दिखावे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने एवं भोजन के व्यंजनों को सीमित करने के लिए आंदोलन चल रहे हैं। वैवाहिक समारोहों के अतिरिक्त मृत्यु पश्चात आयोजित किए जाने वाले सामूहिक भोजों के विरुद्ध भी अनेक जातीय समाजों द्वारा प्रचार-प्रसार एवं आह्वान किया जा रहा है। भोजन की बर्बादी को रोकने के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने दिसंबर 2017 में 'सेव फूड, शेयर फूड, ज्वाय फूड' नाम से एक कार्यक्रम शुरू किया था जिसका उद्देश्य भोजन की बर्बादी को रोकने और उसे जरूरतमंदों से इसको साझा करने को लेकर जागरूकता फैलाना था। प्राधिकरण ने अलग-अलग प्रतिष्ठानों और कारोबारों में भोजन की बर्बादी रोकने और भोजन दान करने को प्रोत्साहित करने के लिए नियम बना दिए। इसके लिए अलग-अलग खाद्य वितरण एजेंसियों और दूसरे स्टैक होल्डरों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया था। वर्ष 2018 में केंद्र सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया "ईट राइट इंडिया मूवमेंट" भोजन की बर्बादी रोकने और जरूरतमंदों तक पौष्टिक खाना पहुंचाने की दिशा में एक अच्छी पहल है।

## प्रसंगवश

# स्वार्थ की बलि चढ़ती झील

प्रकृति की अनुपम नैसर्गिक छटा से भरपूर नैनीताल जनपद का भीमताल नगर पर्वतीय सभ्यता व संस्कृति का केंद्र बिंदु होने के साथ ही पर्वत श्रृंखलाओं के मनोहारी दृश्यों के बीच सौंदर्य बिखेरती टापू वाली झील के लिए प्रसिद्ध है। 1370 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह झील नैनीताल की झील से बड़ी है, लेकिन मानवीय हस्तक्षेप, पर्यावरण प्रदूषण और अनियंत्रित व अंधाधुंध विकास तथा कंक्रीट के बढ़ते जंगल के कारण अपनी पहचान खोते हुए तेजी से सिमट रही है।

भीमताल झील की लंबाई लगभग 1677 मीटर तथा चौड़ाई 454 मीटर है। निरंतर गंदगी और गाद जमा होने से झील की गहराई घटती जा रही है। 1871 में झील की गहराई 39 मीटर आंकी गई थी, जो 1975 में घटकर 27 मीटर तथा 1985 में 20 मीटर तक पहुंच गई। वर्तमान में झीलों की औसत गहराई 20 मीटर से घटकर लगभग 12 मीटर ही रह गई है।



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

गर्मियां आते ही झील का स्वरूप बदल जाता है। यदि आप इस समय भीमताल जाएं तो आप देखेंगे की झील के मल्लीताल वाले क्षेत्र में झील का पानी सुखकर एक बड़े मैदान का रूप ले चुका है। एक सुंदर झील की गोद में यह सुखा-उजाड़ मैदान एक बदनुमा दाग की तरह नजर आता है, जो हर साल गर्मियां शुरू होते ही उभर आता है, लेकिन ऐसा न हो इसके प्रयास सरकारी स्तर पर कभी होते नजर नहीं आते।

देख-रेख के अभाव और उपेक्षा के कारण यह झील जवानी में ही बुढ़ापे के दिन देख रही है। भीमताल क्षेत्र को प्रकृति ने सौंदर्य की अमूल्य धरोहर मुक्त हस्त से प्रदान की है, लेकिन इसके बावजूद यह क्षेत्र एक सफल पर्यटक स्थल के रूप में नहीं उभर सका है। कभी भीमताल इलेक्ट्रॉनिक घाटी के रूप में प्रसिद्ध था। यहां कई छोटी-बड़ी फैक्ट्रियां खोली गई थीं जिनका मलबा सीधे झील में जाता था। उस दौर में यह झील सबसे ज्यादा प्रदूषित हुई। अधिकांश फैक्ट्रियां तो अब बंद हो चुकी हैं, लेकिन झील के दोनों और की पहाड़ियां अब कंक्रीट के जंगल में तब्दील होने लगी हैं। झील में लगातार जा रहे मलबे से न केवल इसके प्राकृतिक क्षेत्रफल में कमी आई है, बल्कि बढ़ते प्रदूषण से इसके पानी में भी ऑक्सीजन की मात्रा में कमी आंकी गई है। फैलते हुए किनारों और सिकुड़ते हुए जल विस्तार को दर्शाती इस झील की जल ग्रहण क्षमता में कमी का एक मुख्य कारण झील के दक्षिण पूर्व किनारे पर अंग्रेजों द्वारा बनाए गए विशाल मेहराबदार तटबंधों के खुलने से भी जुड़ा है। सन् 1895 में अंग्रेजों द्वारा पास किए गए आदेशों के तहत आज भी इन तटबंधों से हल्द्वानी व भावर क्षेत्र को सिंचाई और पेयजल हेतु पानी दिया जाता है। झील में जल स्तर के कम होने का यह भी एक कारण है। इसी का परिणाम है कि पर्यटक मौसम के समय यह झील पश्चिम उत्तर किनारे पर जल विहीन होकर गायों की चरागाह में तब्दील हो जाती है।

इसके अलावा झील से लगी पहाड़ियों पर निरंतर बड़े-बड़े होटल, रिजॉर्ट, कॉटेज और मकान बनाने का जो बेरोकटोक सिलसिला कई वर्षों से चल रहा है और बरसात में इस कथित विकास का, जो मलबा झील में जा रहा है, उसके कारण भी झील के कई प्राकृतिक स्रोत सूख गए हैं। कुछ साल पहले कुमाऊं विश्वविद्यालय से जुड़े वैज्ञानिकों द्वारा किए गए सर्वे के अनुसार भीमताल झील से जुड़े सतर प्रतिशत पानी के चश्मे या तो सूख गए हैं या फिर सूखने के कगार पर हैं।

अपने वर्षों के इतिहास में लोगों ने इस झील से बहुत कुछ पाया है। चाहे वह जीविकोपार्जन का साधन हो अथवा मनोरंजन का परंतु प्रगति, विकास, असुरक्षा, अपेक्षा व आधुनिकीकरण के नाम पर इस झील ने बहुत कुछ खोया है। विकास के नाम पर इस घाटी के पर्यावरण संतुलन से खेलने वाले दिमाग पता नहीं क्यों तिल-तिल मरती इस झील को देखकर भी विचलित नहीं होते। अपने नैसर्गिक सौंदर्य और टापू के लिए प्रसिद्ध इस झील के चेहरे पर बुढ़ापे की झुर्रियां देखी जा सकती हैं।

झील के चारों ओर अनियोजित विकास हो रहा है। पहाड़ खोदने से उपजा मलबा, बरसात का गंदा पानी, नालियां सब झील में ही समा रही है। अपने स्वरूप को जिस तेजी से इस झील ने खोया है, वह इसका दुर्भाग्य ही कहा जा सकता है। झील को देखकर इसके प्रारंभिक अद्भुत रूप और आज उसके चेहरे पर व्याप्त झुर्रियों की पीड़ा को साफ महसूस किया जा सकता है। खेद का विषय है कि जो झील लाखों साल से पारिस्थितिक भूगर्भिक हलचलों के मध्य भी सुरक्षित बनी रही, उसे हमने तीन दशक से भी कम समय में संकट की कगार पर पहुंचा दिया है।

# मजहब और अयुक्तिवाद



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

फिर विवेकवादी नास्तिक नहीं हो सकता। नास्तिक होना और उसे घोषित करना या तो दंभ का परिचायक होता है या व्यापक परिप्रेक्ष्य की उपेक्षा का द्योतक।

सभी मजहबों और संप्रदायों में अयुक्तिवाद (तर्कहीनता) का तत्व अपरिहार्य रूप से मौजूद है। यूरोप के लोगों ने बहुत कीमत चुकाकर, कई विद्वानों और वैज्ञानिकों को चौराहों पर जिंदा जलाकर, पोप और बिशप की निरंकुश, अमानवीय मनमानी बर्दाश्त कर, व्यर्थ के क्रूसेड चलाकर, एक हजार साल के मध्ययुगीन अंधकार में डूबे रहने के बाद, इस चीज को समझा और पुनर्जागरण, धर्मसुधार तथा ज्ञानोदय की आग से तपकर औद्योगिक क्रांति तक की यात्रा की। उन्होंने शायद यह भी समझ लिया हो कि सारे संगठित मजहब और संप्रदाय दरअसल सत्ता-संगठन हैं और सामूहिक ताकत बनाए रखने और बढ़ाने के काम आते हैं। अगर ईश्वर है तो व्यक्ति से उसका सीधा संबंध है-उसकी अंतरात्मा से होकर। उसे किसी मजहबी व्यवस्था का गुलाम बनने की कोई जरूरत नहीं।

औद्योगिक क्रांति के बाद यूरोप ने आर्थिक और भौतिक शक्ति से सत्ता प्राप्त करने और उसे बनाए रखने का रास्ता खोज निकाला। आज ईसाई मजहब के सिद्धांत केवल उन पुजारियों और धर्म-प्रचारकों तक सीमित हैं, जो पिछड़े देशों में मजहब के प्रचार के काम में लगे हैं। उनका वित्त-पोषण करने वाली संस्थाएं भी वस्तुतः सत्ता-विस्तार के ही काम में लगी हैं। भौतिक सत्ता से ही विश्व शक्ति बने अमेरिका ने तो इस चीज को सबसे स्पष्ट तरीके से समझ लिया है। रिपब्लिकन पार्टी अपेक्षाकृत अनुदार है तो उसमें कभी-कभी ईसाइयत के प्रति राजनीतिक किस्म का आग्रह झलक उठता है। बस राजनीतिक किस्म का। जैसे हमारे यहां हिंदुत्व के प्रति 'राजनीतिक किस्म' का आग्रह सफलता का रामबाण बना हुआ है। माने अब तक। भविष्य को कौन जानता है, ज्योतिषियों और दलीय राजनीति का खेल खेलने वालों के सिवा? अमेरिकी प्रवास में एक अमेरिकी सज्जन से वार्तालाप के दौरान किसी संदर्भ में मैंने अज्ञानवश पूछ लिया-आप कैथलिक हैं या प्रोटेस्टैंट? उन्होंने मेरी ओर ध्यान से देखा। फिर जैसे मेरे प्रश्न की निरर्थकता को नजरअंदाज करते हुए सपाट स्वर में बोले, मैं चर्च नहीं जाता।

अपने प्रश्न की अप्रासंगिकता के एहसास से मैं थोड़ा असहज हो उठा, जो शायद वे नहीं चाहते थे-उस समय वे मेरे मेजबान थे। असहजता को दूर करने के लिए उन्होंने कहा- यहां के अधिकांश लोग चर्च नहीं जाते। मेरी सहजता थोड़ी लौटी और बात इतर मुद्दे पर सरक सकी, जो अपने को घोषित तौर पर विवेकवादी या नास्तिक वगैरह मानते हैं। कभी-कभी अजीब नासमझी की बात कर बैठते हैं। कट्टरता की मात्रा या तीव्रता के आधार पर मजहबों की परस्पर तुलना करने लगते हैं। एक मजहब के अयुक्तिवाद को दूसरे मजहब के अयुक्तिवाद से ज्यादा खतरनाक बताने लगते हैं। अयुक्तिवाद की ऐतिहासिक व्याख्या करने, किसी को सही तो किसी को गलत बताने लगते हैं। अरे भाई, जब आधार ही अयुक्तिवाद है तो सारा खेल अविवेक और सत्ता का हो जाता है। सत्ता के स्रोत क्या हैं? शक्ति-आक्रामक और सुरक्षात्मक-संपत्ति और संख्या जिसके पास तीनों का समंजित योग ज्यादा होगा उसका अयुक्तिवाद जीत जाएगा। सच और झूठ की लड़ाई में सच के जीतने की संभावना कितनी भी क्षीण हो, रहती तो है, किंतु दो झूठ की लड़ाई में ज्यादा शक्तिशाली झूठ जीत जाएगा और ज्यादा शक्तिशाली झूठ प्रायः वही होता है, जो ज्यादा बड़ा झूठ बोलकर लोगों से उसे सही मनवा लेने की कला में अधिक प्रवीण होता है। सीधी बात है। विवेकवाद के आधार पर किसी मजहब को सही या गलत ठहराने का क्या तुक? जो जैसा है, वैसा है।

विवेकवाद भी कहीं न कहीं लड़खड़ा ही जाता है, उसमें भी तो बहुत कुछ मानकर चलना पड़ता है। विवेकवादी को सदा यह कहने को तत्पर रहना होता है- इस बारे में फिलहाल मैं कुछ नहीं जानता क्योंकि सर्वगम्य रूप से, निश्चित तौर पर अभी कुछ भी ज्ञात नहीं है। जब सर्वगम्य और सुनिश्चित रूप से ज्ञात हो जाएगा, बता दूंगा, जो अभी इस तरह ज्ञात नहीं है, वह आगे ज्ञात हो भी सकता है। नहीं भी हो सकता, लेकिन अज्ञात के साथ भी ठाट से रहा जा सकता है।

फिर विवेकवादी नास्तिक नहीं हो सकता। नास्तिक होना और उसे घोषित करना या तो दंभ का परिचायक होता है या व्यापक परिप्रेक्ष्य की उपेक्षा का द्योतक। अतः विवेकवादी नास्तिक के बजाय तत्वतः अज्ञेयवादी होने के लिए नियतिबद्ध है।

# बड़ों की छोटी बीवियां



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

जयपुर के मिर्जा राजा जयसिंह अपनी नई कमसिन पत्नी राजिबा बाई में ऐसा संलिप्त हुए कि राजकाज ही छोड़ बैठे। अब राजा को कौन टोके? तब राजकवि बिहारी ने जिम्मा लिया और एक दोहा लिखकर अंत :पुर में भिजवाया– नहिं पराग नहिं मधुर मधु, नहिं विकास यहि काल। अली कली ही सों विंध्यौ, आगे कौन हवाल।।

विवाह संबंधों में सामान्यतया पत्नी थोड़ा कम उम्र की ही उचित मानी जाती है। हालांकि इसके अपवाद भी हैं। कहीं बड़ी और कहीं ज्यादा छोटी बीवियां होती रही हैं। साधारण लोगों का तो कोई इतिहास संरक्षित नहीं रहता, किंतु जब ऐसा बड़ों के बारे में हो तो वह रिकार्ड पर आ जाता है। बात करते हैं पतियों से अधिक छोटी पत्नियों की। ऐसी पत्नियां पतियों को अधिक आकर्षित कर ले जाती हैं, कई बार उनके सामान्य कामकाज में बाधा भी पड़ती देखी गई है। भगवान राम और सीता की उम्र में कहीं सात और कहीं नौ साल का अंतर उल्लिखित है। वाल्मीकि के अनुसार विवाह के समय सीता 6 साल की और राम 13 के थे। तुलसीदास ने वन गमन के समय जो दोहा लिखा है, उसके अनुसार तत्समय "वरस अठारह की सिया, सत्ताइस के राम" थे।

यह अंतर नौ साल का है, जो भी हो सीता कम उम्र और अतीव सुंदरी थीं। चूंकि राम मर्यादा पुरुषोत्तम थे, अतः वे उनकी कमसिनी और रूप में लिप्त तो नहीं थे, पर अति अनुरागमय अवश्य थे। उनके हरण पर राम गजराज से कहते हैं कि 'हे गजराज! तुम्हारी शुण्ड के समान जिसकी जंघाएं हैं, क्या तुमने ऐसी मेरी प्रिया को देखा है?" यही नहीं लंका से वापस मिलने पर भी वे क्षुब्ध तो हुए, किंतु उनके रूप का भान उन्हें भरपूर था। उन्होंने वाल्मीकि के अनुसार, यहां तक कहा कि "तुम इतनी सुंदर हो कि रावण अपने को रोक नहीं पाया होगा!"


श्रीकृष्ण की पत्नी-संख्या तो बहुत बड़ी है, किंतु छोटी और सौन्दर्यशालिनी सत्यभामा की चाहत के लिए वे इन्द्र से लड़े और वहां से पारिजात लेकर पृथ्वी पर आए। यद्यपि सत्यभामा का यह दुराग्रह ही था कि जिसके घर मेहमानी में जाए, उसकी कोई चीज पसंद करके ले चलने का हठ करें। महाभारत की नायिका द्रौपदी अर्जुन से 12 वर्ष और युधिष्ठिर से 14 वर्ष छोटी थीं। रूप का आलम यह कि स्नानागार में उनके खुले सौंदर्य एवं अंग सौष्ठव को देखकर स्नान की सहायिकाओं के मन में पुरुष भाव जागृत हो जाता था। कौरव सभा में अपमानित होने पर उन्होंने अपना वेणी संहार किया जिसकी परिणति तत्कालीन विश्व युद्ध में हुई। जयपुर के मिर्जा राजा जयसिंह अपनी नई कमसिन पत्नी राजिबा बाई में ऐसा संलिप्त हुए कि राजकाज ही छोड़ बैठे।

अब राजा को कौन टोके? तब राजकवि बिहारी ने जिम्मा लिया और एक दोहा लिखकर अंतः पुर में भिजवाया-नहिं पराग नहिं मधुर मधु, नहिं विकास यहि काल। अली कली ही सों विंध्यौ, आगे कौन हवाल।। स्पष्ट है कि रानी का यौवन भी तब पूर्ण विकसित नहीं था। खैर! कविता का प्रभाव पड़ा और उन्होंने राजकाज संभाल लिया। आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे एन टी रामाराव ने काफी कम उम्र की लक्ष्मी पार्वती से शादी की, जो उनके राजनीतिक पतन का कारण बनी। "नारि नयन सर जाहि न लागा। घोर क्रोध तम निसि जो जागा"।

## सोशल फोरम

# शक्ति की स्रोत मां

मां धरती पर सबसे अधिक प्रयोग किया जाने वाला शब्द है। होश संभालने पर सबसे पहले देखा चेहरा मां का ही याद आता है। स्कूल छोड़ने भी मां ही जाती थी और लेने भी, बहनें भी साथ होती थीं। याद है काली मिर्च वाले पराठे के साथ आम या नींबू के आचार की एक फांक रखकर रुमाल में बांधती और फिर भीतर से कलई की हुई पीतल की डिब्बिया में रख बस्ते में ठूंस देती। पिताजी नौकरी के सिलसिले में अक्सर बाहर रहते थे। घर-बाहर और हम भाई-बहनों को मां ही संभालती थी। याद आता है आलमबाग की चंदर नगर मार्केट के दुमंजिले पर घर, वेजिटेबल ग्राउंड की रामलीला रात दो-ढाई बजे तक चलती थी। लौटकर घर आता तो घुप्प अंधकार होता। नीचे से आवाज देता-माताजी। अंधेरे की अभ्यस्त मां, मैं आई कहते हुए दौड़ी चली आती। कॉपी-किताब चाहिए या कैंडी आइसक्रीम चूसनी है या फिर सिनेमा देखना है। मां ही काम आती। गलती करने पर पिताजी के कुफ्र से मां ही बचाती। एक अखबार में लेख छपा। सात रुपए मिले थे। कलम से पहली कमाई। मां के चरणों में ही रखी थी। मां ने सिर्फ चवन्नी रख बाकी पैसे मुझे दे दिए थे। शादी के बाद जब मैंने मां के चरणों में अपना वेतन रखा था मां ने भारी मन से कहा था- अब मुझे इसकी जरूरत नहीं। इसे और तुझे संभालने वाली आ गई है। मां की यादों की बड़ी लंबी फेहरिस्त है। बताने बैठूं तो महाग्रंथ तैयार हो जाए। मां का जिस्म बहुत भारी था। जब कभी उनकी तबियत खराब होती तो मैं मजाक करता था-माता जी आपको उठाने के लिए क्रेन मंगानी पड़ेगी, लेकिन जिंदगी के अंतिम छह साल तक खूब सेवा कराई मां ने, सूखकर कांटा हो गई थीं। उनकी खराब अवस्था को जो भी देखता यही कहता था-भगवान से प्रार्थना कर कि मां को मुक्ति दे, लेकिन मैं जब भी भगवान की मूर्ति के सामने खड़ा हुआ तो मुंह से यही निकला - मुझे ताकत दे मां की खूब सेवा करूं। टूटने न पाऊं, लेकिन भगवान ने मेरी नहीं सुनी। मैंने भगवान को मानना ही छोड़ दिया। सच कह रहा हूं, पूरे दिल से - मेरे जीवन में मां की जगह कोई नहीं ले पाया, पत्नी भी नहीं। आज भी जब कभी तकलीफ में होता हूं तो पिता से पहले मां को ही याद करता हूं। शक्ति की स्त्रोत हैं वो।




वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

**–फेसबुल वॉल से**

# और कितनी महंगाई की मार

बात 2012 की है। अन्ना आंदोलन खत्म होने के बाद यूपीए-2 सरकार के खिलाफ लगातार असंतोष बढ़ रहा था। महंगाई, बेरोजगार भ्रष्टाचार को लेकर जन मानस में रोष दिखाई दे रहा था। गैस के दामों के बढ़ने से सिलेंडर लेकर सड़क पर उतर जाना, बहुत हुई महंगाई की मार, अबकी बार... जैसे नारों से पेट्रोल पंपों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लगे बड़े-बड़े होल्डिंग और पोस्टर्स आकर्षण का केंद्र थे, लेकिन इस चुनाव में शायद यह मुद्दे गौड़ हो गए जाति-धर्म और मंदिर-मस्जिद की लड़ाई में शायद जनता को इनका ध्यान ही नहीं रहा।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

हालांकि विपक्ष शिद्दत से इन मुद्दों को उठा भी रहा है, परंतु हाल के दिनों में अखबारों में महंगाई और बेरोजगारी पर खबरे जरूर आए दिन छप रही हैं। आम आदमी की जेब पर महंगाई की मार बढ़ रही है। प्याज टमाटर, आलू, अंडे, दालों, उपयोगी दवाओं और घरेलू समान के दाम बढ़ने से आम आदमी इस मार को सह नहीं पा रहा है। महंगाई की मार और उधारी बढ़ने से दो समय का भोजन मुश्किल हो गया है। सीनियर सिटीजन को ट्रेन सफर में मिलने वाली छूट बंद हो जाने और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम लगातार बढ़ने से डबल मार पड़ रही है। चुनाव के दौरान एक चर्चा में कुछ लोग बता रहे थे कि अगर चीजों के दाम बढ़ रहे हैं तो सैलरी भी तो बढ़ी है।

ऐसे अविवेकपूर्ण सवाल पूछने वालों को शायद नहीं मालूम की केवल संगठित क्षेत्र में काम करने वालों और बड़े औद्योगिक घरानों के कुछ लोगों को ही वेतन बढ़ोतरी का लाभ मिला है। शेष 70 प्रतिशत जो असंगठित क्षेत्र में है विशेष कर दुकानों, अस्पतालों में काम करने वालों, मांझा, पतंग बनाने वाले कारीगरों, रेहड़ी लगाने वालों, रिक्शा ऑटो रिक्शा चलाने वालों, खेत मजदूरों, ठेका, संविदा और दैनिक आधार पर मजदूरी करने वालों पर इस भीषण महंगाई का कितना असर होता है इसकी जानकारी भी ली जानी चाहिए।




# पंजाब में इस बार पांच दलों में उलझे मतदाता देख रहे प्रत्याशी का चेहरा

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** पंजाब में लोकसभा की कुल 13 सीटें हैं और आम आदमी पार्टी की सरकार है। अंतिम चरण में यहां पहली जून को मतदान कराया जाएगा। इस बार राज्य में कोई दलीय गठबंधन चुनाव मैदान में नहीं है। इस कारण यहां का चुनाव पहले से अलग है। सीधे या त्रिकोणीय की जगह लोकसभा की अधिकतर सीटों पर चतुकोष्णीय और कम से कम चार सीटों बहुकोणीय मुकाबले की तस्वीर नजर आ रही है। शिरोमणि अकाली दल और भाजपा का नाता क्या टूटा, बसपा ने भी अकाली दल से समझौता तोड़ लिया। अब कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं। इस तरह राज्य में चारों पार्टियों के बीच टक्कर देखने को मिल रही है। इस माहौल में मतदाताओं के सामने प्रत्याशियों के चेहरे सबसे बड़ा फैक्टर बन गए हैं। लेकिन ये चेहरे भी बड़ी संख्या में इधर से उधर हो गए हैं। राज्य के इतिहास में संभवतः पहली बार लोकसभा चुनाव से पहले इतनी संख्या में नेताओं का दल बदल देखने को मिला है। इससे हालत यह है कि कई सीटों पर आमने-सामने वही पुराने चेहरे हैं, लेकिन दल बदल गए हैं। ऐसे में शिरेमणि अकाली दल जहां इस बार अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ता नजर आ रहा है, वहीं आम आदमी पार्टी लोकसभा में अपने नंबर बढ़ाने की कवायद में जुटी है, जबकि कांग्रेस 2022 के विधानसभा चुनाव में अपने खोए आधार को पुनः पाकर पहले की तरह राज्य से ज्यादा से ज्यादा लोकसभी सीटें जीतने की उम्मीद लगा रही है। लेकिन यह काम आसान नहीं है, क्योंकि वर्ष 2019 के चुनाव में पंजाब में कांग्रेस की सरकार थी और कैप्टन अमरिंदर सिंह मुख्यमंत्री थे। उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने राज्य की 13 में से आठ सीटे जीत ली थीं। लेकिन अब कांग्रेस के साथ न तो कैप्टन हैं और न उनकी पत्नी। तमाम अन्य कांग्रेस नेता भी हाथ का साथ छोड़कर भाजपा में जा चुके हैं। कुछ ऐसा ही हाल राज्य की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी का भी है। उसके भी कई नेता भाजपा का दामन थाम चुके हैं।

## कांग्रेस, आप, अकाली दल और बसपा के सामने चुनौतियों का पहाड़

- लोकसभा चुनाव में अगर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश अमरिंदर सिंह राजा वडिंग पर पार्टी का प्रदर्शन सुधारने की बड़ी चुनौती है, तो संकट आम आदमी पार्टी के सामने भी है, मुख्यमंत्री भगवंत मान की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। पार्टी ने राघव चड्ढा, डॉ. संदीप पाठक, हरभजन सिंह समेत सात लोगों को पंजाब से राज्य सभा में भेजा था, लेकिन इनमें से पाठक को छोड़कर बाकी सांसदों का लोकसभा चुनाव के समय कोई अता-पता नहीं है। नेताओं की कमी के कारण ही आप को अपने सात मंत्रियों को चुनाव मैदान में उतारना पड़ा है। इस हाल में पार्टी की सबसे बड़ी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हैं, जो अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद राज्य में अपने चुनाव प्रचार से पार्टी को संबल प्रदान कर सकते हैं। लेकिन जिन गारंटियों का वादा कर आम आदमी पार्टी राज्य की सत्ता में आई थी, उनमें से अधिकांश अब तक पूरी नहीं हो पाई हैं। किसानों को मुआवजा नहीं मिल पा रहा है। महिलाओं को एक हजार रुपये हर माह देने और पुरानी पेंशन का वादा पूरा नहीं हो पाया है। हालांकि मुफ्त बिजली का वादा पार्टी ने सबसे पहले पूरा करके दिखाया है। उधर, अकाली दल प्रकाश सिंह बादल के निधन के बाद पहली बार चुनाव मैदान में है। ऐसे में सुखबीर सिंह बादल के सामने पार्टी को जीत दिलाने की जिम्मेदारी है, वह भी ऐसे समय में जब पार्टी विधानसभा चुनाव में मात्र तीन सीट पर सिमट चुकी है। राज्य की चौथी पार्टी बसपा ने अकाली दल के साथ मिलकर पिछला लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन गठबंधन फेल रहा था। पंजाब बसपा के संस्थापक कांशीराम की जन्मभूमि है। राज्य में दलित आबादी करीब 30 फीसदी है। लेकिन दलित मतदाता अकाली दल और कांग्रेस के बीच भी बंट हुए हैं। ऐसे में सिकुड़ते जनाधार के बीच अपना वोट बैंक बढ़ाकर प्रदर्शन सुधारने की चुनौती से बसपा को जूझना है।




**1998**
से बसपा का 30 फीसदी दलित अबादी के बाद भी खाता खाली

**117**
विधायकों में 10 फीसदी से ज्यादा आप-कांग्रेस से उतरे मैदान में

### 2019 का जनादेश

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | 08 | 55,23,066 |
| अकाली दल | 02 | 37,78,574 |
| भाजपा | 02 | 13,25,445 |
| आप | 01 | 10,15,773 |

### 2014 का जनादेश

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| अकालीदल | 4 | 36,36,148 |
| आप | 4 | 33,73,062 |
| कांग्रेस | 3 | 45,75,879 |
| भाजपा | 2 | 12,09,004 |



**आरक्षित सीटों पर बसपा बचा पाएगी अपना वोट बैंक**

पंजाब में चतुष्कोणीय मुकाबलों को बहुजन समाज पार्टी अपने लिए मुफीद मान रही है। दरअसल राज्य की आरक्षित लोकसभा सीटों पर बसपा का आधार हर चुनाव में नजर आता रहा है। जालंधर, होशियारपुर ऐसी सीटें हैं, जहां बसपा हमेशा चुनावी मुकाबले में रहती हैं। फिरोजपुर में भी बसपा का वोट बैंक है। इसलिए आरक्षित सीटों पर बसपा की ताकत को कम करके आंकना दूसरे दलों के लिए भूल हो सकती है। जानकार राज्य में बसपा का वोट प्रतिशत लगभग भाजपा के जितना ही आठ से दस प्रतिशत के बीच मानते हैं।

## अमृतसर सीट बहुकोणीय मुकाबले में बचा पाएगी कांग्रेस


- कांग्रेस के सामने अमृतसर लोकसभा सीट बचाने की चुनौती है। पार्टी की तरफ से दो बार के सांसद गुरजीत सिंह औजला फिर मैदान में हैं। भाजपा यहां बाहरी उम्मीदवार ही उतारती रही है। नवजोत सिंह सिद्धू, अरुण जेटली, आईएएस हरदीप पुरी के बाद इस बार भाजपा ने आईएफएस तरनजीत सिंह संधू को उमीदवार बनाया है। आम आदमी पार्टी से राज्य के कबीना मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल और अकाली दल बादल से पूर्व कबीना मंत्री अनिल जोशी जोर लगा रहे हैं। अकाली दल अमृतसर ने सांसद सिमरनजीत सिंह मान के बेटे ईमान सिंह मान पर दांव लगाया है। भाजपा प्रत्याशी तरनजीत अमेरिका में भारत के राजदूत रह चुके हैं। कांग्रेस सांसद औजला के सामने एक मौजूदा मंत्री, दूसरे पूर्व मंत्री और ब्यूरोक्रेट के चुनाव लड़ने से यहां मुकाबला कड़ा है।

## लुधियाना में अपने ही सांसद का मुकाबला कर रहे कांग्रेस अध्यक्ष

- लुधियाना लोकसभा सीट इस बार हॉट बन गई है। यहां कांग्रेस छोड़कर आए सांसद रवनीत सिंह बिट्टू को भाजपा ने मैदान में उतार दिया है। बिट्टू का मुकाबला कांग्रेस से पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग कर रहे हैं। शिरोमणि अकाली दल ने यहां पूर्व विधायक रणजीत सिंह तो आम आदमी पार्टी ने लुधियाना सेंट्रल सीट के विधायक अशोक पराशर पप्पी पर दांव लगाया है। चतुष्कोणीय मुकाबले में बिट्टू यहां फंसे नजर आ रहे हैं। लुधियाना कांग्रेस का गढ़ माना जाता है। इस सीट पर कांग्रेस को पूर्व सीएम बेंअंत सिंह की शहादत का लाभ मिलता रहा है, लेकिन उनके पौत्र रवनीत सिंह बिट्टू के पार्टी छोड़ने से झटका लगा है।

## अकालियों से रिश्ता टूटने पर भाजपा ने कांग्रेस की जमीन पर खड़ा किया वोट बैंक

- पंजाब में अकाली दल ने तीन कृषि कानूनों के सवाल पर भाजपा से करीब ढाई दशक पुराना गठबंधन तोड़ लिया था। इस गठबंधन में रहकर भाजपा को लोकसभा की कुछ सीटें मिल जाती थीं। ऐसे में अकालियों के अलग होने पर भाजपा ने चुनावी जीत के लिए नए रास्ते तलाशे। उसने कांग्रेस के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह, उनकी पत्नी सांसद परनीत कौर, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे सुनील जाखड़, कांग्रेस नेता संतोख चौधरी की पत्नी करमजीत कौर, कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू, कांग्रेस नेता तजिंदर सिंह बिट्टू और कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयवीर शेरगिल जैसे नेताओं को पार्टी में शामिल कराया। माना जा रहा हि कि इस कवायद से भाजपा ने राज्य में हिंदुओं की पार्टी होने की छवि से भी काफी हद तक छुटकारा पा लिया है।




## साथियों के साथ छोड़ने से संकट में दिख रही कांग्रेस

- भाजपा के पाले में कांग्रेस के दो वर्तमान सांसद परनीत कौर, रवनीत सिंह बिट्टू और आम आदमी पार्टी के सांसद सुशील कुमार रिंकू चले गए थे। तीनों को भाजपा चुनाव मैदान में उतार चुकी है। शिरोमणि अकाली दल के दिग्गज नेता सिकंदर सिंह मलूका की पुत्रवधू परमपाल कौर सिद्धू बठिंडा से भाजपा प्रत्याशी हैं, जबकि आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के वर्तमान विधायक राज कुमार चब्बेवाल और पूर्व विधायक गुरप्रीत सिंह जीपी को अपना उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा पार्टी ने अकाली दल के पवन टीनू को भी उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस के पूर्व विधायक व मुख्यमंत्री भगवंत मान के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ने वाले दलबीर सिंह गोल्डी भी आप में शामिल हो चुके हैं। उधर, कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के सांसद रहे डॉ. धर्मवीर गांधी को पटियाला से प्रत्याशी बनाया है। शिरोमणि अकाली दल ने कांग्रेस के मोहिंदर सिंह केपी को उम्मीदवार बनाया है। जालंधर से पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को चुनाव मैदान में उतारने से नाराज पूर्व सांसद संतोख सिंह चौधरी की पत्नी करमजीत कौर भाजपा में शामिल हो चुकी हैं।

## नेताओं के दल-बदल से भाजपा को उम्मीद, आधी से ज्यादा सीटों पर अबकी बार खिलेगा कमल

- पंजाब में इस बार का लोकसभा चुनाव कई मायनों में अजीब है। राज्य के इतिहास में पहले कभी ऐसा नहीं हुआ कि एक पार्टी किसी प्रत्याशी को टिकट दे, और वह दूसरी पार्टी में चला जाए। मौजूदा विधायक इस्तीफा देकर दूसरी पार्टी का प्रत्याशी बन जाए। तीन बार के सांसद रवनीत बिट्टू तो चार बार सांसद रहीं परनीत कौर कांग्रेस छोड़कर भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। आम आदमी पार्टी ने अपने सांसद सुशील रिंकू को टिकट दी, लेकिन वह भी टिकट ठुकराकर कमल खिलाने के लिए भाजपा के उम्मीदवार बन गए। नेताओं के इस दलबदल से राज्य में कमजोर खिलाड़ी समझी जाने वाली भाजपा इस बार मजबूत प्रतिद्वंदी बनकर उभर चुकी है। पार्टी दूसरे दलों से आए नेताओं की बदौलत इस बार के लोकसभा चुनाव में करिश्माई प्रदर्शन करने की उम्मीद लगाए बैठी है।

## पटियाला में रोचक हुई चुनावी जंग

- पटियाला लोकसभा सीट कांग्रेस का गढ़ मानी जाती रही है। इस सीट पर भाजपा ने इस बार कांग्रेस छोड़कर आईं कैप्टन अमरिंदर सिंह की पत्नी परनीत कौर को अपना प्रत्याशी बनाया है। यहां कांग्रेस ने पूर्व सांसद धर्मवीर गांधी, आम आदमी पार्टी ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह और अकाली दल ने एनके शर्मा पर दांव लगाया है। बसपा से जगजीत छड़बड़ चुनाव मैदान में हैं। यहां चतुष्कोणीय मुकाबला होता नजर आ रहा है।

## फतेहगढ़ साहिब में भाजपा ने दिलचस्प बनाया चुनाव

- फतेहगढ़ साहिब सीट लोकसभा आरक्षित सीट पर कांग्रेस से मौजूदा सांसद डॉ. अमर सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार उनका मुकाबला भाजपा प्रत्याशी पंजाब राज्य सफाई कर्माचारी आयोग के अध्यक्ष गेजा राज वाल्मीकि, आप प्रत्याशी पूर्व विधायक गुरप्रीत सिंह जीपी और शिरोमणि अकाली दल के बिक्रमजीत सिंह से है। पिछली बार डॉ. अमर सिंह ने शिरोमणि अकाली दल प्रत्याशी को लगभग एक लाखमतों से हराया था। 2014 में यहां आम आदमी पार्टी ने चुनाव जीता था।

## जालंधर में पूर्व सीएम चन्नी के सामने अपनों की ही चुनौती

- जालंधर लोकसभा सीट पर कांग्रेस छोड़ने के बाद मौजूदा सांसद सुशील कुमार रिंकू इस बार भाजपा के टिकट पर ताल ठोंक रहे हैं। कांग्रेस ने इस सीट पर उनके मुकाबले में पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को चुनाव मैदान में उतार दिया है। शिरोमणि अकाली दल ने यहां कांग्रेस के पूर्व सांसद और कद्दावर नेता मोहिंदर सिंह केपी और आप से पूर्व विधायक पवन टीनू यहां प्रत्याशी हैं। यहां साल 2023 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस के सांसद संतोख सिंह चौधरी का निधन हो गया था, इसके बाद हुए उप चुनाव में आम आदमी पार्टी से उतरे सुशील कुमार सिंह रिंकू ने कांग्रेस प्रत्याशी को 58 हजार मतों से हरा दिया था। जलंधर में दलित मतदाता करीब 40 फीसदी हैं, और जीत-हार तय करते रहे हैं।

## खडूर साहिब में अमृतपाल की चुनौती से मुश्किल में अकाली दल

- खडूर साहिब लोकसभा सीट जेल में बंद 'वारिस पंजाब दे' प्रमुख अमृतपाल सिंह द्वारा स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा फैसला करने के बाद चर्चा में है। यह अकाली दल का गढ़ माना जाता है। राणा गुरजीत सिंह अपने बेटे के लिए कांग्रेस से टिकट मांग रहे थे, लेकिन पार्टी ने यहां कुलबीर सिंह जीरा को मैदान में उतारा है। खडूर साहिब से आम आदमी पार्टी के लालजीत सिंह भुल्लर, भाजपा के मंजीत सिंह मन्ना चुनाव लड़ रहे हैं। यहां चुनाव अकाली दल बना अमृतपाल और कांग्रेस बनाम आप माना जा रहा है। उधर, आनंदपुर साहिब लोकसभा सीट पर कांग्रेस के विजय इंदर सिंगला, आम आदमी पार्टी के मालविंदर सिंह कंग, शिरोमणि अकाली दल के प्रेम सिंह चंदू माजरा के बीच मुकाबला हो रहा है।

## गुरदासपुर में आखिरकार भाजपा ने कर ली फिल्मी सितारों से तौबा

- गुरदासपुर लोकसभा सीट पर भाजपा ने इस बार फिल्म अभिनेताओं से किनारा करते हुए स्थानीय नेता दिनेश सिंब बब्बू पर दांव लगाया है। बब्बू सुजानपुर से तीन बार विधायक और विधानसभा में उपाध्यक्ष रह चुके हैं। दिवंगत अभिनेता व भाजपा के पूर्व सांसद विनोद खन्ना की पत्नी कविता खन्ना भी यहां से दावेदारी कर रही थीं। भाजपा को यहां मौजूदा सांसद सनी देओल की निष्क्रियता भारी पड़ सकती है। कांग्रेस ने भी इस सीट पर बड़े चेहरे पूर्व मुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा को उतारा है। रंधावा की क्षेत्र में अच्छी पकड़ है। आम आदमी पार्टी ने अमनशेर सिंह कालसी को उम्मीदवार बनाया है। युवा नेता कालसी बटाला विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। शिरोमणि अकाली दल से दलजीत सिंह चीमा चुनाव लड़ रहे हैं।

## दलित राजनीति के गढ़ में इस बार दिख रही कांटे की टक्कर

- दलित राजनीति का गढ़ कही जाने वाली होशियारपुर लोकसभा सीट से पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह और बसपा के संस्थापक कांशीराम सांसद रहे हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती भी यहां से चुनाव लड़ चुकी हैं। बीते 10 वर्षों से इस सीट पर भाजपा का कब्जा है। होशियारपुर से कांग्रेस ने इस बार युवा महिला नेता यामिनी गोमर को मैदान में उतारा है। वह 2014 में चुनाव लड़ चुकी हैं। आम आदमी पार्टी ने राजकुमार चब्बेवाल पर दांव लगाया है। चब्बेवाल पिछला चुनाव कांग्रेस से लड़े थे और नजदीकी मुकाबले में हार गए थे। भाजपा से होशियारपुर के मौजूदा सांसद सोमप्रकाश जो केंद्रीय मंत्री हैं, की पत्नी अनिता सोम प्रकाश यहां चुनाव लड़ रही हैं। उनके सामने संगठन को एक रखने की चुनौती है।

## संगरूर में दांव पर लगी है मुख्यमंत्री भगवंत मान की प्रतिष्ठा

- संगरूर लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी सुखपाल सिंह खैरा और आम आदमी पार्टी के मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर और भाजपा से अरविंद खन्ना चुनाव लड़ रहे हैं। शिरोमणि अकाली दल से पूर्व विधायक इकबाल सिंह झूंदा मैदान में हैं। बसपा ने मक्खन सिंह और अकाली दल अमृतसर ने मौजूदा सांसद सिमरनजीत सिंह पर एक बार फिर से दांव खेला है। इस सीट पर मुकाबला बहुकोणीय नजर आने से मतदाता उलझन में हैं। आम आदमी पार्टी संगरूर सीट को मुख्यमंत्री भगवंत मान का गढ़ मानती है, वह दो बार यहां से सांसद रह चुके हैं। लेकिन आप के लिए चुनौती यह है कि विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करने के बावजूद 2022 में इस सीट पर हुए उपचुनाव में हार का सामना करना पड़ा था।

## फरीदकोट में सूफी गायक और कॉमेडियन के बीच फंसी कांग्रेस

- फरीदकोट में दिल्ली की उत्तर पश्चिम सीट से सांसद हंस राज हंस को भाजपा ने मैदान में उतारा है। आम आदमी पार्टी से उनके सामने कॉमेडियन व फिल्म अभिनेता कर्मजीत अनमोल को उतारा है। इस सीट पर अकाली दल से तीन बार के विधायक राजविंदर सिंह उम्मीदवार हैं। कांग्रेस ने अपने मौजूदा सांसद मो. सद्दीक के स्थान पर अमरजीत कौर पर दांव लगाया है। इस सीट पर भी बहुकोणीय कड़ा संघर्ष नजर आ रहा है। यहां किसानों के मुद्दे ज्यादा हावी दिख रह हैं। सुफी गायक अपने गानों से लोगों को रिझा रहे हैं।



- आरजेडी प्रमुख लालू यादव ने पत्नी एवं पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के साथ अपनी पुत्री एवं पाटिलपुत्र से उम्मीदवार मीसा भारती के नामांकन जुलूस में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने लोगों से संविधान बचाने के लिए वोट मांगा। कहा कि मोदी फिर प्रधानमंत्री बने तो न आरक्षण बचेगा और न ही संविधान। भाजपा संविधान बदलना चाहती है।

## हरसिमरत इस बार बचा पाएंगी बठिंडा में अकाली दल का गढ़

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** शिरोमणि अकाली दल का गढ़ पंजाब की बठिंडा लोकसभा सीट पर रोचक मुकाबला होगा। शिअद की हरसिमरत कौर बादल इस सीट से तीन बार की सांसद हैं, पार्टी ने उन्हें फिर से मैदान में उतारा है। उनके सामने आम आदमी पार्टी ने कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां को चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा ने पूर्व आईएएस अधिकारी परमपाल कौर सिद्धू और कांग्रेस ने चार बार के विधायक जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू पर भरोसा जताया है। हरसिमरत के सामने खड़े उम्मीदवारों का यह पहला लोकसभा चुनाव है, जबकि हरसिमरत चौथी बार मैदान में हैं। उनके लिए शिअद के गढ़ को बचाना साख का सवाल बना हुआ है। 2022 के विधानसभा चुनाव में आप प्रत्याशी खुड्डियां पांच बार के मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल को हराकर विधानसभा पहुंचे थे। वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव में शिअद प्रत्याशी हरसिमरत कौर ने इस सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को 21,772 मत के अंतर से मात दी थी। इस बार वडिंग अब बठिंडा की जगह लुधियाना से चुनाव लड़ रहे हैं। हरसिमरत 2009 में पहली बार राजनीति में उतरी थीं और बठिंडा से सांसद बनी थीं। चार बार के विधायक कांग्रेस प्रत्याशी जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू ने शिअद छोड़कर कांग्रेस का हाथ थाम लिया था।



- कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि संविधान बचाने का काम कांग्रेस और उसके सहयोगी दल कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला और कहा कि इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार केंद्र में बनेगी।

# हारी हुई सीटों पर जीत के नए समीकरण बनाने में जुटी भाजपा

## गाजीपुर, जौनपुर और लालगंज में बसपा और आजमगढ़ में जीती थी सपा, 2022 में हुए उप चुनाव में भाजपा ने आजमगढ़ सीट सपा से छीनी थी

विनय जायसवाल, मऊ







पूर्वांचल की चार सीटों पर भाजपा को 2019 के चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा था। इन सीटों पर इस चुनाव में जीत के लिए भाजपा समीकरणों को साधने में जुटी हुई है। पार्टी इन सीटों पर जीत दर्ज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन चार सौ पार को पूरा करने लिए एड़ी- चोटी का जोर लगाए हुए है। पार्टी की ओर से पिछले चुनाव में कमियों को चिह्नित कर उसे दूर करने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है तो बूथों पर पन्ना प्रमुखों के साथ ही मतदाताओं को घर से लाने के लिए टोलियां भी बनाई जा रही हैं। इन सबके साथ ही पार्टी का फोकस बसपा के परंपरागत मतदाताओं पर है जो 2014 के लोकसभा, 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के साथ थे लेकिन 2019 में गठबंधन के साथ चले गए थे। ऐसे मतदाताओं को साधने के लिए न सिर्फ जातीय आधार पर बड़े नेताओं की तैनाती की गई है बल्कि उन्हें मिल रहे योजनाओं के लाभ को भी याद दिलाया जा रहा है। हालांकि कांग्रेस के साथ गठजोड़ कर मैदान में उतरी सपा भी कम नहीं है। पार्टी के रणनीतिकार संविधान बचाने और आरक्षण बचाने के नाम पर दलित मतदाताओं और पिछड़ी जाति के मतदाताओं को गोलबंद करने में जुटे हैं।

**आजमगढ़ में सपा ने की मजबूत घेरेबंदी:** समाजवादी पार्टी ने आजमगढ़ सीट पर भाजपा के सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ की जबरदस्त घेरेबंदी की है। 2019 में यह सीट सपा प्रमुख अखिलेश यादव जीते थे पर उनके त्यागपत्र के बाद जब 2022 में चुनाव हुआ तो निरहुआ जीत गए। निरहुआ की जीत में बसपा के शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली की अहम भूमिका थी। जमाली ने तब 2.66 लाख वोट काट लिए थे। यही सपा के धर्मेंद्र यादव की हार का कारण बना था। इस बार जमाली सपा के साथ हैं। बसपा ने पहले भीम राजभर को उतारा और बाद में उनका टिकट काटकर मशहूद अहमद को उतार दिया है। सपा इस सीट को जहां भाजपा से छीनने के लिए पार्टी छोड़ चुके नेताओं को साथ लाने में जुटी है तो भाजपा ने भी पूर्व एमएलसी यशवंत सिंह को साथ ले लिया है। सपा को विधायक रमाकांत यादव की कमी खल रही है।

### जौनपुर में धनंजय का साथ मिले तो बने बात

जौनपुर सीट पर बसपा के श्याम सिंह ने पिछला चुनाव जीता था। इस बार बसपा ने पहले उनका टिकट काटकर पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी को दिया और बाद में उनका भी काट कर श्याम सिंह को टिकट दे दिया। पत्नी का टिकट कटने से धनंजय नाराज हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि वे भाजपा में शामिल होंगे। धनंजय यदि भाजपा में जाते हैं तो इसका सीधा लाभ पार्टी के उम्मीदवार कृपा शंकर सिंह को मिलेगा। यह बात पार्टी के रणनीतिकार भी मान रहे हैं कि उनके आने से बात बनेगी। हालांकि यहां से सपा ने पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा को उतारा है। कुशवाहा बुंदेलंखड क्षेत्र के रहने वाले हैं और उन्हें भाजपा और बसपा के लोग बाहरी बताने में जुटे हुए हैं। यहां राजपूत मतदाताओं की मजबूत स्थिति को देखते हुए भाजपा तो धनंजय पर डोरे डाल ही रही है सपा की कोशिश भी है कि वे साथ आ जाएं।

### गाजीपुर में सहानुभूति बनाम गुंडागर्दी पर चुनाव

- गाजीपुर सीट पर सपा ने वैसे तो 2019 में बसपा के टिकट पर जीते अफजाल अंसारी को मैदान में उतारा है, लेकिन यहां अभी अफजाल का भविष्य अधर में है। गैंगस्टर एक्ट में हुई सजा मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है। अगर वहां से अफजाल की सजा माफ होती है तो वह चुनाव लड़ सकेंगे अन्यथा उनकी बेटी यहां से मैदान में होगी।
- पिता- पुत्री ने नामांकन तो कर दिया है पर मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी इस बात से नाराज हैं कि अफजाल अंसारी अपनी पुत्री को आगे बढ़ा रहे हैं। उमर अंसारी खुद ही चुनाव लड़ना चाहते हैं। भाजपा ने यहां से पारसनाथ राय को उतारा है। पारसनाथ राय गुंडागर्दी के खात्मे के नाम पर वोट मांग रहे हैं तो अफजाल और उनकी पुत्री मुख्तार अंसारी की मौत को हत्या बताते हुए सहानुभूति के नाम पर वोट पाने की कोशिश में हैं। भाजपा के लोग यह बताने में जुटे हैं कि गुंडागर्दी के समापन और विकास के लिए भाजपा की जीत जरूरी है।

### लालगंज में दो पूर्व सांसदों के बीच कड़ा संघर्ष

- आजमगढ़ जिले की लालगंज लोकसभा सीट पर भी मुकाबला कड़ा है। यहां भाजपा की पूर्व सांसद नीलम सोनकर और सपा के पूर्व सांसद दरोगा प्रसाद सरोज के बीच मुकाबला कांटे का दिख रहा है। इस सीट को पिछले चुनाव में बसपा की संगीता आजाद ने जीता था। संगीता आजाद अब भाजपा के साथ हैं और कमल खिलाने के लिए रात- दिन एक कर रही हैं। संगीता को उम्मीद है कि पार्टी उन्हें विधान परिषद भेज देगी। इसलिए उन्होंने न सिर्फ बसपा के परंपरागत मतदाताओं को भाजपा के पाले में लाने का प्रयास शुरू किया है बल्कि वे बसपा के बड़े नेताओं को भाजपा में लाने का प्रयास कर रही हैं। बसपा ने यहां डॉ. इंदू चौधरी को उतारा है।

# चौथे चरण के मुद्दे चार, जिनसे वोटर ने किया ईवीएम पर वार

## तीन चौथाई मतदाता तय करके आए थे, किस दल या प्रत्याशी के लिए दबाना है बटन

दिग्विजय सिंह



कानपुर के एक मतदान केंद्र पर उमड़ी मतदाताओं की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान ने प्रदेश में बीते तीन चरणों में कम मतदान को लेकर राजनीतिक दलों द्वारा लगाए जा रहे हिसाब-किताब पर विराम लगा दिया। इस चरण में ज्यादा तो नहीं पर कुल मिलाकर मतदान प्रतिशत कमोबेश 2019 के लोकसभा चुनाव जैसा ही रहा। ऐसे में बड़ा सवाल यही रहा कि आखिरकार मतदाताओं ने किन मुद्दों पर वोट डाले।

हालांकि मतदाता के मन को परखने वाली ज्यादातर सर्वेक्षण एजेंसियों के लोगों मुताबिक बूथ पर पहुंचने से पहले ही तीन चौथाई वोटर तय करके आए थे, कि उन्हें किस दल या प्रत्याशी के लिए ईवीएम का बटन दबाना है। बातचीत में इतना जरूर पता लगा कि अधिकतर मतदाताओं ने प्रमुख रूप से चौथे चरण में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, कानून-व्यवस्था, जातीय समीकरण और विकास जैसे चार मुद्दों को मतदान में सबसे ऊपर रखा। इसके बाद मतदान के दौरान कहीं-कहीं ध्रुवीकरण, बेरोजगारी और संविधान या आरक्षण जैसे मसलों पर भी लोग बात करते नजर आए।

**मुफ्त राशन और आवास मिला :** अकबरपुर लोकसभा के एक शहरी मतदान केंद्र के बाहर मिले महिलाओं के समूह ने कहा कि सरकार से मुफ्त राशन मिल रहा है, कई परिवारों को पक्का आवास भी मिला है।

कुछ ऐसी ही बात मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के बिल्हौर इलाके में आने वाले वाले मतदान केंद्र के बाहर कई मतदाताओं ने कही, इसके साथ यह भी जोड़ दिया कि उन्हें किसान सम्मान निधि की किश्त मिल रही है। मतदान प्रक्रिया में उत्साह के साथ शामिल हुए तमाम मतदाताओं ने यह पूछने पर कि किस मुद्दे पर वोट दिया?, सीधा जवाब तो नहीं दिया लेकिन बातचीत में यह साफ नजर आया कि सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने वाला लाभार्थी मतदाता जो फायदा मिल रहा है, उसे खोना नहीं चाहता है। यह बात कानपुर, उन्नाव, अकबरपुर, मिश्रिख, कन्नौज और फर्रुखाबाद लोकसभा सीटों के कई मतदान केंद्रों के बाहर मिले मतदाताओं में एक तरह से कॉमन जैसी दिखी।

**महिलाओं, छात्राओं ने कानून-व्यवस्था को सराहा :** इसके साथ ही खासकर महिला मतदाताओं के बीच सुरक्षा व्यवस्था या कानून व्यवस्था का मुद्दा सिर चढ़कर बोलता नजर आया। अधिकतर महिलाओं ने अपने इलाके में अपराध, गुंडागर्दी या अराजकता कम होने की बात कही। इसके लिए प्रदेश की योगी सरकार की सख्ती को महिलाओं ने बढ़िया कदम बताया। कई छात्राओं ने इसमें जोड़ा कि कानून व्यवस्था पिछली सरकारों से बेहतर है। स्कूल-कॉलेज जाने वाली ग्रामीण लड़कियों ने तो यहां तक कि अगर कोई दूसरी सरकार आती है तो हो सकता है कि कानून व्यवस्था फिर पहले जैसी न हो जाए। इसी मुद्दे पर कई व्यापारियों ने धंधा थोड़ा मंदा होने की बात तो कही, लेकिन अपराध नियंत्रण पर खुशी जताई।

### भाजपा समर्थक बोले, मोदी-योगी पर भरोसा बढ़ा

मोदी के नाम और सरकारी योजनाओं तथा कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर भाजपा समर्थक मुखरता से बोलते नजर आए। उनका कहना था कि विपक्षी दलों के सिर्फ सत्ता के लिए गठबंधन करने से मोदी-योगी पर जनता का भरोसा और बढ़ गया है। लेकिन ऐसा भी नहीं नजर आया कि मतदाता सिर्फ इन्हीं दो मुद्दों पर वोट कर रहे हैं।

### जातीय समीकरण ने ओढ़ी खामोशी की चादर

- अकबरपुर और मिश्रिख और यहां तक कि कानपुर और उन्नाव में भी जातीय समीकरण भी काम करता नजर आया। तमाम मतदाताओं ने अपनी बिरादरी के प्रत्याशी को वोट देने का फैसला पहले नंबर पर रखा। हालांकि ऐसे मतदाता ज्यादा जल्दी बोलने के लिए तैयार नहीं हुए। पोलिंग बस्तों पर बैठे पर्ची बनाने वाले कार्यकर्ताओं ने इस ओर खुलकर इशारा किया। अमृत विचार की टीम से दो-तीन स्थानों पर कुछ युवाओं ने बेरोजगारी का सवाल उठाते हुए सेना में भर्ती की अग्निवीर योजना को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा किया। लेकिन युवाओं या फर्स्ट टाइम वोटर के बीच बेरोजगारी अथाव अग्निवीर योजना का मुद्दा सबसे ऊपर था, ऐसा कहीं नजर नहीं आया। इसी तरह जमीन पर यह भी नजर आया कि विपक्षी दल मतदाताओं तक यह संदेश पहुंचाने में सफल रहे हैं कि संविधान और आरक्षण को खत्म करने की साजिश की जा रही है। लेकिन इस बात का कोई व्यापक असर है, ऐसा भी नहीं है।

### संविधान और आरक्षण पर खतरे की चिंता भी दिखी

- मिश्रिख लोकसभा के अंतर्गत आने वाले एक मतदान केंद्र के बाहर दलित खासकर जाटव समुदाय के मतदाताओं ने संविधान और आरक्षण खत्म होने की आशंका को लेकर चिंता तो जताई लेकिन क्या इसी मुद्दे पर मतदान किया है, यह पूछने पर बात टाल दी। बात ध्रुवीकरण की करें तो मुस्लिम मतदाताओं में इस मुद्दे के असर से इंकार नहीं किया जा सकता। भाजपा ने भले ही यह समझाने की कोशिश की हो कि सरकारी योजनाओं का सबसे अधिक लाभ मुसलमानों को ही मिला है पर यह बात मानने के लिए इक्का-दुक्का ही लोग तैयार हुए। मुस्लिम बहुल मतदान केंद्रों के बाहर लगभग हर कहीं लोगों ने बहुतायत में सत्ताधारी दल के खिलाफ ही अपनी राय जताई और गठबंधन प्रत्याशियों की वकालत करते नजर आए।

# जब पूर्व पीएम ने भरी थी संचार क्रांति व पंचायती राज की हुंकार

अतीत के झरोखे में चुनाव

राजेश सिंह, हमीरपुर

- हमीरपुर के राठ कस्बे में राजीव गांधी ने किया था स्वामी ब्रह्मानंद की प्रतिमा का किया था अनावरण

**अमृत विचार।** जनपद में 33 साल पहले पूर्व पीएम राजीव गांधी ने जनसभा में संचार क्रांति और पंचायती राज व्यवस्था को लेकर हुंकार भरी थी। आधी रात को जनसभा में आए पूर्व पीएम को देखने के लिए भारी जनसैलाब भी उमड़ा था। जनसभा के बाद राजीव गांधी ने नगर के डाक बंगले में रात्रि विश्राम किया था।

वर्ष 1984 के आम चुनाव में केंद्र में राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनी थी। वह 1989 तक पीएम रहे। लेकिन 1989 के आम चुनाव में राजीव गांधी को विपक्ष में बैठना पड़ा था। करीब सोलह महीने महीने बाद ही नौंवी लोकसभा भंग हो गई। पूरे देश में मंडल कमीशन और राम मंदिर के मुद्दा लोकसभा चुनाव में छाया था। इसके बावजूद केंद्र की सत्ता में कांग्रेस आई थी। लेकिन कांग्रेस को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी थी। राजीव गांधी की आम चुनाव से पहले ही आत्मघाती हमले में हत्या कर दी गई थी। हत्या से पहले राजीव गांधी बुंदेलखंड के हमीरपुर की धरती पर भी कदम रख गए थे। उन्होंने आधी रात के बाद यहां जनसभा में हुंकार भरी थी। कुछ महीने बाद 21 मई 1991 को राजीव गांधी की हत्या की खबर से यहां पूरे शहर के लोग दुखी हुए थे। समाजसेवी जलीस खान, रफीक, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी समेत तमाम लोगों ने कहा कि राजीव गांधी की हत्या से घरों में चूल्हे नहीं जले थे। बताया कि राजीव गांधी ऐसे नेता थे जिन्होंने हमीरपुर में सभा के दौरान किसी भी राजनैतिक दल के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की थी। वह सिर्फ गरीबों के कल्याण और गांवों के विकास की ही बातें की थी। इसके पूर्व राठ कस्बे में 25 मार्च 1991 को स्वामी ब्रह्मानंद महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया था। उन्होंने जनसभा में भारी जन सैलाब को सम्बोधित भी किया था। यहां कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहन स्वरूप पाठक, पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद सिंह समेत तमाम नेताओं ने उनका स्वागत किया था। इसके बाद राजीव गांधी का काफिला हमीरपुर शहर में देर रात पहुंचा था जहां जिला पंचायत परिसर में बने मंच से राजीव गांधी ने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने और गांवों को संचार क्रांति से जोड़ने की बात कही थी।




बताई गारंटी

पीएम मोदी ने बिहार के मुजफ्फरनगर में रैली को संबोधित किया। उन्होंने गारंटी के बारे में बताया और मतदाताओं से राष्ट्र को सशक्त बनाने के नाम पर वोट मांगा।

## सांसद रमेश बिंद ने सपा का दामन थाम लिया और मिर्जापुर से उम्मीदवार बन गए, भाजपा ने यहां सांसद का टिकट काटकर विधायक विनोद कुमार बिंद पर जताया था भरोसा

# सांसद की बगावत से बदला समीकरण, मुकाबला हुआ रोचक

भदोही संसदीय सीट

चुनाव डेस्क






ललितेश पति त्रिपाठी।



विनोद कुमार बिंद।

**अमृत विचार।** भदोही संसदीय सीट पर भाजपा को जीत की हैट्रिक लगाने के लिए कड़ा संघर्ष करना होगा। टिकट कटने से नाराज चल रहे सांसद रमेश चंद्र बिंद के सपा में जाने की वजह से अब यहां का समीकरण बदल गया है। भाजपा ने भले ही यहां से मझवा सीट से निषाद पार्टी के विधायक विनोद कुमार बिंद को मैदान में उतार कर निषाद वोटों की नाराजगी दूर करने की कोशिश की है लेकिन अब यहां लड़ाई दिलचस्प मोड़ पर आ गई है। रमेशचंद्र बिंद जहां खुद को अपमानित किए जाने का आरोप लगा रहे हैं। रमेश को सपा ने मिर्जापुर संसदीय सीट से उम्मीदवार बना दिया है। वे भले ही वहां चुनाव प्रचार में व्यस्त हो गए हैं पर उनकी टीम भदोही में सपा की जीत के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाते दिख रही है।

भदोही संसदीय सीट का गठन 2008 के परिसीमन में हुआ था। 2009 में हुए लोकसभा के चुनाव में इस सीट पर बसपा के गोरखनाथ पांडेय जीते थे। 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने यहां से किसान नेता वीरेंद्र सिंह मस्त को उतारा था तो उन्होंने बसपा के राकेश धर त्रिपाठी को हराया था। इस चुनाव में वीरेंद्र सिंह मस्त को 4,03,693 मत मिले थे तो राकेश धर को 2,45, 554 वोटों से संतोष करना पड़ा था। इस तरह 1.58 लाख वोटों से वीरेंद्र मस्त को यहां जीत मिली थी। 2019 में वीरेंद्र सिंह के स्थान पर रमेश बिंद चुनाव लड़े थे। तब उनके सामने सपा-बसपा के गठजोड़ की चुनौती थी। तब बसपा ने यहां से राकेश धर त्रिपाठी को उतारा था। राकेश धर को हराकर रमेश बिंद सांसद बने थे। हालांकि उनकी जीत का अंतर मात्र 43, 615 वोटों का था। इस चुनाव में भाजपा को लग रहा था कि वह आसानी से मैदान मार लेगी, क्योंकि उसके सामने सपा- बसपा जैसा मजबूत गठबंधन नहीं है। सपा के साथ कांग्रेस का गठजोड़ है। सपा ने इस सीट को तृणमूल कांग्रेस को दिया है। तृणमूल कांग्रेस का यहां कोई जनाधार नहीं है। हां पार्टी ने ललितेश पति त्रिपाठी को मैदान में उतारकर मुकाबले को रोचक बनाने का प्रयास जरूर किया है। बसपा से यहां हरिशंकर मैदान में हैं पर मुकाबला ललितेश और विनोद कुमार के बीच ही दिख रहा है। हरिशंकर जरूर मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के प्रयास में लगे हैं। रमेश बिंद के सपा में जाने के बाद भाजपा को यहां अपनी रणनीति बदलनी पड़ी है। पार्टी के बड़े नेता जल्द ही यहां रैलियां करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का खासा प्रभाव माना जाता है। उनकी रैली तो होगी ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तीन से चार सभाएं कराने की योजना पर चर्चा की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आना तय माना जा रहा है।

### कुर्मी मतदाताओं पर भी भाजपा की नजर

- यहां निषाद वोटों के साथ ही कुर्मी मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। यही वजह है कि पार्टी कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह समेत कई अन्य बड़े कुर्मी नेताओं को यहां लगाएगी ताकि इस जाति के वोटों में कोई सेंधमारी न कर सके।

### लाभार्थियों से घर- घर संपर्क

- पीएम किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, कन्या सुमंगला योजना समेत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से पार्टी के नेता घर जाकर संपर्क कर रहे हैं। उन्हें यह बताने का प्रयास कर रहे हैं कि उनका हित भाजपा की जीत में ही सुरक्षित है।

### 2019 का जनादेश -भदोही

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | रमेशचंद बिंद | 510,029 | 49 .05 |
| बसपा | रंगनाथ मिश्र | 4,66,414 | 44 .85 |
| कांग्रेस | रमाकांत यादव | 25,604 | 2 .46 |

### 2014 का जनादेश - भदोही

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | वीरेंद्र सिंह मस्त | 4,03,695 | 41.10 |
| बसपा | राकेशधर त्रिपाठी | 2,45,554 | 25 .00 |
| सपा | सीमा मिश्रा | 2,38,712 | 24 .30 |
| जद( यू) | तेज बहादुर यादव | 26,995 | 2 .75 |
| कांग्रेस | सरताज इमाम | 22,573 | 2 .30 |

### जातीय समीकरण अनुमानित

| | | | |
|---|---|---|---|
| ब्राह्मण | 3 .10 लाख | मौर्या | 1 .0 लाख |
| बिंद | 2 .95 लाख | वैश्य | 1 .40 लाख |
| दलित | 2 .65 लाख | पाल | 85 हजार |
| मुस्लिम | 2 .50 लाख | पटेल | 75 हजार |
| यादव | 1 .50 लाख | अन्य | 1. 60 लाख |
| राजपूत | 1 .05 लाख | | |

आंकड़े पार्टी नेताओं वार्ता पर आधारित

वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के कारण ई-मेल ट्रेस होने में आती है दिक्कतें

# धमकी भरे ई-मेल को लेकर तैयार होगा स्टैंडर्ड प्रोसीजर

विनय सिंह, लखनऊ

- गुजरात में आए ई-मेल को भेजने वाले की लोकेशन मिली थी लाहौर
- धमकी भरे ई-मेल को लेकर पुलिस मुख्यालय ने शुरू की तैयारी



धमकी भरे ई-मेल को ट्रेस करने के लिए साइबर सेल लगातार सक्रिय है। किसी भी धमकी भरे ई-मेल को हल्के में नहीं लेना है, इसके लिए एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। अक्सर देखा गया है कि जब चुनाव का समय होता है तो ऐसे फर्जी ई-मेल आते रहते हैं। फिर भी सतर्कता बहुत जरूरी है। सतर्कता में किन मापदंडों का पालन होगा इसके लिए जल्द दिशा निर्देश दिए जाएंगे।

– **अमिताभ यश**, एडीजी, कानून-व्यवस्था

**अमृत विचार :** प्रदेश में विभिन्न सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, स्कूलों आदि में आए दिन बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल मिलने को लेकर पुलिस मुख्यालय सतर्क हो गया है। विभाग इसके लिए अब ठोस कदम उठाने जा रहा है।

ई-मेल मिलने पर जनपद और कमिश्नरेट पुलिस को क्या-क्या करना है, इसके लिए विभाग एसओपी (स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर) तैयार करने जा रहा है। इसके बाद से इस तरह के ई-मेल आने पर विभाग हमेशा सतर्कता की स्थिति में रहेगा। हालांकि, पुलिस का यह भी मानना है कि अब तक जितने भी धमकी भरे ई-मेल ट्रेस किए गए, वह दूसरे देशों से भेजे व मिले थे। फिर भी एसओपी इसलिए तैयार किया जा रहा है कि किसी भी धमकी भरे ई-मेल को हल्के में न लिया जाए। फर्जी ई-मेल पर भी गाइडलाइन का पालन हो।

मालूम हो कि विगत एक महीने में वाराणसी, अयोध्या, लखनऊ आदि जनपदों के विभिन्न स्कूलों और सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल प्राप्त हो चुके हैं। ऐसे में संबंधित शहर और खासकर अभिभावकों में हड़कंप की स्थिति देखी गई। धमकी भरे ई-मेल अब पुलिस प्रशासन के लिए भी सिरदर्द बन रहे हैं। इसका मुख्य कारण है ई-मेल का ट्रेस न हो पाना। वीपीएन वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के कारण ई-मेल ट्रेस हो पाने में मुश्किल हो जाती है। अफसरों का कहना है कि मेल कई सर्वर के रूट से होकर आता है।

पहले के ई-मेल रूस के सर्वर से आते हुए ट्रेस हुए, अब पता चला है कि पाकिस्तान के सर्वर से आ रहा है। गुजरात में कुछ दिनों पहले जो धमकी भरे ई-मेल आए थे, उसकी लोकेशन लाहौर पाई गई थी। इसके बाद से किसी भी ई-मेल की लोकेशन ट्रेस नहीं हो सकी। इसे देखते हुए पुलिस मुख्यालय अब एसओपी जैसी ठोस व्यवस्था करने जा रहा है।

अब से इस तरह के ई-मेल आने पर पुलिस कार्मिकों को क्या-क्या करना अनिवार्य है। इसके लिए पूरी गाइडलाइन जारी की जाएगी। ई-मेल फर्जी हो अथवा वास्तविक, पुलिस कार्मिकों गाइडलाइन का पालन करना पड़ेगा। गाइडलाइन में क्या-क्या होगा, इसके लिए पुलिस मुख्यालय रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। जल्द ही एसओपी जारी कर दी जाएगी।

## लक्ष्य घटाने पर भी 6836 जोड़ों का विवाह नहीं करा सका विभाग

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में प्रदेश के कई जिले अपने निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने से दूर रह गए। लक्ष्य घटने के बाद भी विभाग 6836 जोड़ों का विवाह नहीं करा सका। बता दें कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत एक जोड़े के विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में प्रदेश के प्रत्येक जिले के लिए लक्ष्य तय किया गया था। प्रदेश में कुल 1 लाख 12 हजार 609 जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य रखा गया था मगर 1 लाख 5 हजार 773 जोड़ों का ही विवाह कराया जा सका।

# राहुल बोले– अब जल्दी करनी पड़ेगी शादी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रायबरेली की रैली में एक समर्थक के सवाल पर दिया जवाब



**अमृत विचार :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि अब उन्हें जल्दी शादी करनी पड़ेगी। सोमवार को रायबरेली में आयोजित जनसभा में एक समर्थक के सवाल पर उन्होंने यह जवाब दिया।

रायबरेली लोकसभा सीट से नामांकन करने के बाद वह सोमवार को पहली बार महराजगंज स्थित 'मेला मैदान' में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें इस सवाल का सामना करना पड़ा। राहुल गांधी ने सभा में अपने संबोधन के समापन के समय अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा को बुलाया और उनके कंधे पर हाथ रखते हुए रायबरेली में चुनाव प्रचार के लिए उनकी सराहना की। इस दौरान प्रियंका गांधी ने सामने की ओर इशारा करते हुए कहा कि राहुल पहले समर्थक के सवाल का जवाब दें। समर्थक का सवाल है कि वह शादी कब कर रहे हैं। राहुल ने कहा कि अब जल्दी ही करनी पड़ेगी। रायबरेली में पांचवें चरण में 20 मई को मतदान है। इस सीट को जीतने के लिए गांधी परिवार ने पूरी ताकत झोंक दी है।

## अफजाल अंसारी की अपील पर अगली सुनवाई 20 को

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सांसद अफजाल अंसारी को फिलहाल कोई राहत न देते हुए गाजीपुर की एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट द्वारा सुनाई गई चार साल की सजा के खिलाफ दाखिल उनकी अपील पर करीब दो घंटे की सुनवाई के बाद अगली तारीख 20 मई को सुनिश्चित की है। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष सुबह 10 बजे से लगभग 3 घंटे तक चली सुनवाई के दौरान अफजाल अंसारी के अधिवक्ता ने अपना पक्ष रखा। गाजीपुर में भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या मामले में अंसारी बंधुओं के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मामला दर्ज किया गया था, जिस पर गाजीपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने सजा सुनाई है। कृष्णानंद राय के पुत्र पीयूष राय ने अंसारी की सजा बढ़ाने की अपील की है। राज्य सरकार की तरफ से भी ऐसे ही आग्रह के साथ एक और अपील दाखिल की गई है। कोर्ट इन सभी मुकदमों में एक साथ सुनवाई कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने अंसारी की सजा स्थगित करते हुए हाईकोर्ट को उनकी अपील पर 30 जून 2024 तक निर्णय लेने का निर्देश दिया था।

# कानूनी खामियों के कारण गुजारा भत्ता देने से बच नहीं सकता पति

### हाईकोर्ट ने भरण- पोषण के मामले में पुनरीक्षण याचिका खारिज की

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला दिया



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भरण- पोषण से जुड़े एक मामले में सुनवाई करते हुए एक व्यक्ति की पुनरीक्षण याचिका इस आधार पर खारिज कर दी कि साढ़े 15 साल से अधिक समय से पति-पत्नी के रूप में रह रहा याची अब कानूनी खामियों के कारण पत्नी को गुजारा भत्ता देने के अपने दायित्व से खुद को मुक्त नहीं कर सकता है।

सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि उन मामलों में, जहां एक पुरुष लंबे समय तक एक महिला के साथ वैध विवाह की कानूनी आवश्यकताओं को पूरा किए बिना रहता है तो उस महिला को छोड़ने की स्थिति में भरण-पोषण का भुगतान करने के लिए पुरुष को उत्तरदायी बनाया जाना चाहिए। पुरुष को कर्तव्य और दायित्वों का पालन किए बिना वास्तविक विवाह के लाभों का आनंद लेते हुए कानूनी खामियों से लाभ उठाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। उक्त टिप्पणी राजीव मिश्रा की एकलपीठ ने राम अधारे पासवान की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका को खारिज कर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, गोरखपुर के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए की।

मामले के अनुसार पत्नी/विपक्षी ने फरवरी 1998 में दीनानाथ नाम के एक व्यक्ति से शादी की और वैवाहिक कलह के कारण उससे अलग हो गई। इसके बाद दिसंबर 1998 में याची से शादी कर ली। हालांकि अप्रैल 2014 में याची ने भी उसे छोड़ दिया। जब महिला ने सीआरपीसी की धारा 125 के तहत निचली अदालत में भरण-पोषण का दावा किया तो पति ने कोर्ट के समक्ष यह तर्क दिया कि महिला का पहला तलाक हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13 के अनुसार नहीं बल्कि आपसी सहमति से हुआ था। अतः कानूनी तलाक के अभाव में महिला का दूसरा विवाह शून्य सिद्ध होता है। ऐसी स्थिति में वह अपने दूसरे पति से भरण-पोषण का दावा नहीं कर सकती है।

हालांकि महिला ने तथ्यों द्वारा यह सिद्ध किया कि उसके पहले पति के साथ उसकी जाति के रीति-रिवाजों के अनुसार कानूनी रूप से उसका संबंध समाप्त हो चुका है। अंत में कोर्ट ने महिला के पक्ष में परिवार न्यायालय द्वारा सुनाए गए फैसले को सही मानते हुए दूसरे पति (याची) को गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया।

## धर्म परिवर्तन से जुड़े मामले में आरोपी को मिली सशर्त जमानत

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गैरकानूनी धर्म परिवर्तन के मामले में एक व्यक्ति को आरोपमुक्त करते हुए सशर्त जमानत दे दी है। पीड़िता की मां ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी, उत्तर प्रदेश विधिविरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की धाराओं के तहत पुलिस स्टेशन ऊंज, भदोही में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उनका आरोप था कि आरोपी उनकी 18 साल की बेटी को बहला- फुसलाकर ले गया और बाद में विवाह करने के लिए उस पर धर्म परिवर्तन हेतु दबाव बनाने लगा। हालांकि याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि लड़की को शुरू से ही पता था कि याची मुस्लिम समुदाय से है और वह स्वेच्छा से उसके साथ गई थी। बाद में मां के उकसाने पर उसने याची पर झूठे आरोप लगाए कि उसने अपनी वास्तविक धार्मिक संबद्धता का खुलासा नहीं किया था और रिश्ता शुरू करने के लिए खुद को एक हिंदू के रूप में प्रस्तुत किया था। अंत में कोर्ट ने याची के अधिवक्ता के तर्कों को सुनकर यह निष्कर्ष निकाला कि लड़की की बरामदगी से पहले दर्ज प्राथमिकी में आरोपी का असली नाम दर्शाया गया है।

# मां-बाप की सीट कैसी क्या इटली से लेकर आए थे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बोले, सीट किसी की नहीं होती जनता चुनती है जनप्रतिनिधि



**अमृत विचार :** गृहमंत्री अमित शाह का कहना है कि मां की सीट, बाप की सीट कहने की गांधी परिवार ने मीडिया को आदत डाल दी है। मां की सीट कैसे हो सकती है, इटली से लेकर आए थे क्या? कोई सीट किसी की नहीं होती है। जनता तय करती है कि उनका जनप्रतिनिधि कौन होगा।

अमित शाह सोमवार को एक न्यूज चैनल से साक्षात्कार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वायनाड के अलावा रायबरेली सीट से लोस चुनाव लड़ने के एक सवाल पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। आरक्षण को लेकर अमित शाह ने कहा कि फेक वीडियो क्यों बनाना पड़ा। जहां तक आरक्षण का सवाल है। हमारे पास दस साल से पूर्ण बहुमत है। हमने इसका इस्तेमाल आरक्षण हटाने के लिए नहीं किया। धारा 370 हटाने, ट्रिपल तलाक हटाने, राम मंदिर बनाने के लिए पूर्ण बहुमत का इस्तेमाल किया है। आरक्षण पर आघात इन लोगों ने ही किया है। नरेन्द्र मोदी के रिटायरमेंट को लेकर की गई अरविंद केजरीवाल की टिप्पणी पर अमित शाह ने कहा, फिर स्पष्ट कर देता हूं, 2029 तक मोदी ही प्रधानमंत्री रहेंगे और 29 के बाद भी वे ही हमारी पार्टी का नेतृत्व करेंगे। अरविंद केजरीवाल पर ही अपनी बात आगे बढ़ाते हुए अमित शाह ने कहा, केजरीवाल की याचिका थी कि उन्हें रिहा कर दीजिए। दो जून को उन्हें फिर से तिहाड़ जाना है।

## डॉ अयूब के मामले को निचली अदालत के पास भेजा

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीस पार्टी प्रत्याशी डॉक्टर अयूब की याचिका पर विचार करते हुए सीआरपीसी की धारा 468 और 473 के प्रावधानों के अनुसार इस आदेश की प्रति प्राप्त होने के दो सप्ताह के भीतर मामले पर यथोचित निर्णय लेने के लिए मामले को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, संतकबीर नगर के पास वापस भेज दिया। याची के खिलाफ वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान कोविद-19 तथा आदर्श आचार संहिता के नियमों का उल्लंघन करने का आरोप है। याची खलीलाबाद विस क्षेत्र से पीस पार्टी का प्रत्याशी था और भीम आर्मी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद रावण तथा करीब 100-150 व्यक्तियों के साथ लगभग 50-60 चार पहिया और दो पहिया वाहनों से बिना किसी अनुमति के रोड शो किया।


### वर्ग पहेली-69

**बाएं से दाएं**

1. बोलने की शक्ति, वाचा, वाणी, वाक।
4. एक प्रकार का हलका पीला रंग।
6. 1. प्रधान अधिकारी या कार्यकारी प्रशासक से संबंधित, (एक्ज़ीक्यूटिव) 2. नियंत्रक।
7. दे. यारबाज़।
8. जलाशयों के किनारे होने वाला एक पर्वतीय पौधा जो औषधि के काम में आता है।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. केश 2. बालक 3. किसी पशु का बच्चा 4. शरीर का रोआं, रोम।
2. आपात स्थिति, आपातकाल, आकस्मिक संकट।
3. 1. जीवंत, जीवित 2. सजीव, सचेत, जीवन-शक्ति से युक्त 3. भला-चंगा 4. तेजवान, सशक्त।
5. 1. जालसाज़ी, छल-कपट, धोखा, सही बात छिपाकर दूसरी बात कहना 2. धमकी।
6. 1. आग की तरह जलता या दहकता हुआ 2. आग की-सी जलन उत्पन्न करने वाला।




### वर्ग पहेली -68 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 अ | | | | 2 जा |
| 3 म | | ड़ि | | 4 ना | दे | य |
| य | | य | | का | | ज़ |
| 5 मं | ग | ल | का | म | ना | |
| त | | प | | या | | |
| | | न | | 6 ब | ट् | आ |
| 7 म | ग | | | | | |

# चुनाव निष्पक्ष हुए तो भाजपा सत्ता में नहीं आएगी: माया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** उप्र. को चार प्रांतों में बांटने की वकालत करने वाली बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि अगर उनकी पार्टी केंद्र की सत्ता में आएगी तो अवध क्षेत्र को अलग राज्य बनाया जायेगा। इस राज्य में लखनऊ समेत मोहनलालगंज, रायबरेली और अमेठी आदि जिले शामिल होंगे। साथ ही कहा कि चुनाव निष्पक्ष हुए तो भाजपा सत्ता में नहीं आएगी।

बसपा सुप्रीमो, सोमवार को सरोजनीनगर स्थित एसजीपीजीआई समीप ओमेक्स सीटी पार्क में चुनावी सभा संबोधित कर रही थी। उन्होंने उत्तर प्रदेश के पुनर्गठन के अपने पुराने रुख को दोहराते हुए कहा कि अवध क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से मांग रही है कि अवध को अलग राज्य बनाया जाए। जनता की भावनाओं के मद्देनजर उनकी सरकार ने नवंबर 2011 में प्रदेश को चार राज्यों पूर्वांचल, पश्चिम प्रदेश, अवध प्रदेश और बुन्देलखंड में बांटने का विधेयक भी पारित किया था। हालांकि, केंद्र की तत्कालीन सरकार ने वापस भेज दिया था।

आरक्षण का मुद्दा उठाते हुए मायावती ने कांग्रेस व सपा के साथ ही भाजपा को भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की वजह से आज भाजपा केन्द्र की सत्ता में है। दलितों और पिछड़ों को आरक्षण नहीं दिया गया है। इतना ही नहीं, सपा सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के सरकारी कर्मचारियों के पदोन्नति में आरक्षण को खत्म कर दिया था।

# साइबर जालसाजों ने बनाये 10 नए ठिकाने

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**यहां बनाए नये ठिकाने**

पिछले पांच से सात सालों में साइबर जालसाजों ने अब देश में 10 नए ठिकाने बना लिए हैं। इसमें जामताड़ा तो शामिल है ही, इसके अलावा हरियाणा और राजस्थान सीमा पर स्थित मेवात, दिल्ली, मुंबई, प. बंगाल का सिलीगुड़ी, बंगलुरू, हैदराबाद, पुणे, नोएडा और गुरुग्राम शामिल है। सभी जगह से अलग-अलग तरह की ठगी की जा रही है।

**अमृत विचार :** साइबर जालसाजों का गढ़ झारखंड का जामताड़ा नहीं रह गया है। जालसाजों ने देश में अब 10 नए ठिकाने बना लिए हैं। साइबर ठग इन ठिकानों से नए तरीके अपनाकर लोगों के खाते खाली कर रहे हैं। कई मामले में पुलिस ने इन स्थानों से आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है।

करीब सात साल पहले तक झारखंड का जामताड़ा साइबर ठगों का गढ़ हुआ करता था। कहा जाता था कि जालसाजों को जामताड़ा में किसी भी राज्य की पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकती है। इस मिथक को सीओ हजरतगंज दिनेश यादव के नेतृत्व में लखनऊ पुलिस ने सात साल पहले तोड़ा। टीम ने जामताड़ा में पहली बार दबिश दी और वहां से सात आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसके बाद तो लखनऊ पुलिस ने 30-35 बार दबिश दी और आरोपियों को गिरफ्तार कर रकम बरामद की। कई बड़े मामलों का खुलासा भी किया। पुलिस की लगातार हो रही कार्रवाई से साइबर जालसाजों के गढ़ में खलबली मच गई। धीरे-धीरे यहां से जालसाजों का गिरोह अन्य राज्यों की तरफ जाने लगा।

जामताड़ा के बाद सबसे अधिक नाम राजस्थान और हरियाणा के सीमावर्ती इलाके मेवात का आता है। यहां के ठगों ने नया तरीका निकाला। मेवात के मुस्लिम बहुल क्षेत्र से ठगी का काम शुरू हुआ। यहां के युवक व युवतियों का गिरोह पहले फेसबुक पर दोस्ती करता। इसके बाद मोबाइल नंबर हासिल कर देर रात करीब 2 से 4 बजे के बीच में वीडियो कॉल करते है। शुरुआती दौर में युवती बात करती है। अचानक से मोबाइल की स्क्रीन पर निवस्त्र हो जाती। इसके बाद वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर वसूली का खेल शुरू होता।

**दिल्ली, बंग्लूरू, हैदराबाद व मुंबई से ठगी :** इसके अलावा साइबर जालसाजों का गिरोह दिल्ली, बंग्लूरू, हैदराबाद व मुंबई में सक्रिय है। इस गिरोह के निशाने पर रिटायर्ड अधिकारी, बैंक कर्मी, चिकित्सक, व्यापारी, उद्योगपति रहते हैं। गिरोह के सदस्य फेसबुक पर दोस्ती करते। इसके बाद नंबरों का आदान प्रदान करते। फिर बातचीत के दौरान मोटी कमाई करने का रास्ता बताते है।

### सुडोकू -148

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | 2 | 3 | | |
| | 4 | | 3 | 5 | | | | |
| | 6 | | 7 | | | | | |
| 7 | | | | 8 | | | | |
| 2 | | | | | | | | 4 |
| 5 | | | | 1 | | | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | 5 | | 2 | 3 | | | |
| | | 9 | 4 | | | | | |

### सुडोकू -147 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 | 7 | 6 | 8 |
| 7 | 8 | 2 | 9 | 1 | 6 | 4 | 5 | 3 |
| 5 | 3 | 6 | 7 | 8 | 4 | 1 | 2 | 9 |
| 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 |
| 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 | 3 | 7 |
| 6 | 1 | 5 | 3 | 7 | 9 | 2 | 8 | 4 |
| 8 | 4 | 3 | 1 | 6 | 2 | 9 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 9 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 6 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 मई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 15 मई 04.19 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष** – आज जीवन में आ रही परेशानियों का हल मिलेगा। कानूनी मामले आपके पक्ष में हो सकते हैं। अपने से बड़ों के आग्रह और सलाह की अवहेलना न करें। अपनी बातों को जीवनसाथी के साथ शेयर अवश्य करें।

**वृष** – आज आपके भीतर सकारात्मक ऊर्जा का विशेष प्रभाव देखने को मिलेगा। कारोबार में बड़ा धन लगा सकते हैं। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। शाम के समय किसी भी तरह के वैचारिक बहस और चर्चाओं से बचें।

**मिथुन** – आज परिवार को पर्याप्त समय दें वरना परिजन नाराज हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा। फाइनेंस से जुड़ी गतिविधियां लाभकारी रहेंगी। व्यवसाय में कुछ रुकावटें आ सकती हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**कर्क** – आज पैतृक संपत्ति को लेकर आ रही बाधा दूर होगी। छात्रों को करियर को आगे बढ़ाने के अवसर मिलेंगे। किसी धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। आपको व्यवसाय को लेकर अच्छे ऑफर मिल सकते हैं। भावनाओं के बजाय व्यावहारिकता को अपनाएं।

**सिंह** – आज साझेदारी वाले व्यापार में आपको कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। अधिकारी आपसे नाराज हो सकते हैं। धन से जुड़े मामलों में थोड़ी सी लापरवाही भारी पड़ सकती है। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**कन्या** – आज आय में निश्चितता रहेगी। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ दूसरी किसी नई विधा को सीखने का प्रयास कर सकते हैं। किसी मित्र के बारे में सनसनीखेज खबर सुनने को मिल सकती है। घर के नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं।

**तुला** – आज पारिवारिक मामलों को अच्छी तरह सुलझा लेंगे। योजनाओं के अनुसार काम पूरे होने से प्रसन्न रहेंगे। घर में उत्सव का वातावरण रहेगा। आप नए विचारों के प्रभाव में रहेंगे। आपकी सलाह से किसी व्यक्ति का रुका हुआ काम शुरू हो सकता है।

**वृश्चिक** – आज कानूनी मामलों को लेकर सावधानी रखें। ननिहाल पक्ष में कुछ परेशानियां हो सकती है। गूढ़ विद्याओं में रुचि लेंगे। सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से करना लाभकारी होगा। आपको कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी।


**धनु** – आज महिलाओं को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए। बच्चे गलत आदतों की तरफ प्रवृत्त न हों इसका ध्यान रखें। ज्योतिष और आध्यात्म की तरफ रुचि जागृत होगी। घर में किसी बात को लेकर कलह हो सकती है।

**मकर** – आज भाग्य का भरपूर सहयोग आपको मिलेगा। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। शत्रु आपको नीचा दिखाने का प्रयास करेंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। प्रभावशाली व्यक्तियों से संबंध मजबूत होंगे।

**कुंभ** – आज यात्राओं के लिए दिन अच्छा है। यदि जॉब इंटरव्यू में बैठ रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। माइग्रेन के रोगियों को तनाव लेने से बचना चाहिए। साहित्य से जुड़े लोगों का सम्मान बढ़ेगा। घर में किसी उत्सव को लेकर तैयारी हो सकती है।

**मीन** – आज रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। किसी की निंदा करने से आपका ही अपमान हो सकता है। नींद पर्याप्त मात्रा में लें। व्यापार को शुरू करने में मित्र आपको सहयोग करेंगे। घर के कार्यों में आप व्यस्त रहने का प्रयास करेंगे।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 13.05 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

### आज की फिल्में

B4U Movies
इलाका – सुबह : 10.37
कातिलों के कातिल – रात : 07.00

&pictures
एंटरटेनमेंट – सुबह : 10.52
स्क्वाड – रात : 08.00

Sony Pix
मोर्टल कॉम्बेट – सुबह : 10.39
ज़ॉम्बीलैंड – रात : 07.48

Zee Cinema
जीते हैं शान से – सुबह : 09.20
सागर – शाम : 06.45

Colors Cineplex
मेरा कर्तव्य माय ड्यूटी – सुबह : 09.04
आवारा पागल दीवाना – शाम : 06.00

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10.52 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पति- हमें तो अपनों ने लुटा गैरों में कहां दम था, मेरी कश्ती ही वहां डूबी जहां पानी कम था।
पत्नी- तुम तो थे ही गधे...
तुम्हारी अक्ल में कहां दम था
वहां किश्ती लेकर ही क्यों गए,
जहां पानी कम था।

मरीज-डॉक्टर साहब मुझे बीमारी है। खाने के बाद भूख नहीं लगती, सोने के बाद नींद नहीं आती। काम करूं तो थक जाता हूं।
डॉक्टर- सारी रात धुप में बैठो ठीक हो जाओगे।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,776.13 | 22,104.05 |
| बढ़त | 111.66 | 48.85 |
| प्रतिशत में | 0.15 | 0.22 |

अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, मंगलवार, 14 मई 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक–995 फ्लैग–1115 डीएमओ–880 बोल्ड–1165
**चन्दौसी :** शिवालिक– 995 फ्लैग–1105 बोल्ड– 1155 डीएमओ– 950

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड (प्रति 10 ग्राम) | 72,800 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 83,100 |
| चांदी तैयार | 83,000 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72700 |
| गोल्ड (मिनी जेवर) | 71700 |
| सिल्वर (पक्की) | 821 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,750 |
| चांदी आभूषण | 83,600 |

## मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव : दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

# 2004 से 14 के बीच 3.2 गुना बढ़ा विदेशी कर्ज

## राहुल गांधी की 'खटा-खट' योजनाओं पर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस को घेरा

नई दिल्ली, एजेंसी



बोलीं- राष्ट्रमंडल खेल, कोयला और दूरसंचार स्पेक्ट्रम आवंटन घोटालों से सरकारी खजाने को हुआ नुकसान

भाजपा नेता और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को आम चुनावों के दौरान कांग्रेस को उसकी विभिन्न योजनाओं की घोषणाओं को लेकर आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि क्या कांग्रेस को गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों की महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये देने समेत सामाजिक कल्याण योजनाओं को लागू करने की लागत के बारे में पता भी है?

सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार के राजकोषीय प्रबंधन (विशेषकर कर्ज को लेकर) के बारे में हाल के दिनों में बहुत कुछ कहा गया है। उन्होंने कहा, कई बार, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि पर विचार किये बिना निरपेक्ष या पूर्ण आंकड़ों की तुलना की गई है। जबकि हम जीडीपी के आधार पर कर्ज की गणना करते हैं। मैं कांग्रेस के उलट एक स्पष्ट तस्वीर सामने रखना चाहूंगी। कांग्रेस ऊंचे-ऊंचे वादों के पीछे चीजों को छिपाती है जो कतई पारदर्शी नहीं हैं और वास्तविकता से कोसों दूर है।

सीतारमण ने कहा, क्या कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में किये गये ऊंचे-ऊंचे वादों की लागत पर विचार किया है? क्या उन्होंने गणना की है कि 'खटा-खट' योजनाओं की वित्तीय लागत कितनी होगी? क्या वे उनके लिए बड़े पैमाने पर उधार लेंगे या वे इसके लिए कोष देने के लिए कर बढ़ाएंगे?'' उन्होंने कहा कि आखिर राहुल गांधी 'खटा-खट' योजनाओं की वित्तीय लागत को पूरा करने के लिए कितनी कल्याणकारी योजनाएं बंद करेंगे?

पिछले महीने कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि अगर वे चुनाव जीतते हैं तो पार्टी देश के हर गरीब परिवार की एक महिला के बैंक खाते में सालाना एक लाख रुपये डालेगी। उन्होंने कहा, क्या राहुल गांधी इन सवालों का जवाब देना चाहेंगे और बताएंगे कि उनकी अधिक खर्चे वाली योजनाएं बिना कर बढ़ाये या भारी उधार लिए और अर्थव्यवस्था को गिराये बिना कैसे काम करेंगी? वित्त मंत्री के अनुसार भाजपा सरकार का राजकोषीय प्रबंधन संप्रग की तुलना में काफी बेहतर है। यह स्थिति तब है जब कोविड-19 महामारी का सामना करने के लिए राहत प्रयासों को लेकर काफी संसाधन का उपयोग किया गया था।

### संप्रग शासन में 44.5 गुना बढ़ी उधारी

सीतारमण ने कहा कि संप्रग शासन के दौरान केंद्र की शुद्ध बाजार उधारी 4.5 गुना बढ़ गई थी। कोविड-19 महामारी के बावजूद हमारी सरकार के तहत यह 2.6 गुना बढ़ी। उन्होंने कहा, यह हमारी सरकार के मजबूत वित्तीय प्रबंधन को बताता है। वित्त मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार के तहत वास्तविक घाटा बजटीय घाटे से कहीं अधिक था। उन्होंने कहा कि वास्तव में संप्रग सरकार ने उच्च राजकोषीय घाटे को छिपाने के लिए आंकड़े छिपाये। अगर ऐसा नहीं होता तो 2008-09 में राजकोषीय घाटा आधिकारिक आंकड़ा 6.1 प्रतिशत के बजाय 7.9 प्रतिशत होता। सीतारमण ने कहा कि संप्रग के शासन के दौरान राष्ट्रमंडल खेल, एंट्रिक्स-देवास, कोयला और दूरसंचार स्पेक्ट्रम आवंटन में गड़बड़ी जैसे घोटालों के कारण सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ। उन्होंने कहा, दूसरी तरफ, हमने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के क्रियान्वयन के कारण, काला-बाजारी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाकर 3.5 लाख करोड़ रुपये बचाए हैं।

# बाजार भाव अधिक होने से सरकारी गेहूं खरीद सुस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



दो माह में पीसीएफ के 31 क्रय केंद्रों पर 516 मीट्रिक टन हुई गेहूं की खरीद

**अमृत विचार :** जिले में बाजार भाव अधिक होने के कारण सरकारी गेहूं खरीद की प्रक्रिया काफी सुस्त है। बाजार में समर्थन मूल्य से ज्यादा मिलने से केंद्रों पर गेहूं की आवक ही नहीं हो रही है। इससे दो माह में पीसीएफ के 31 केंद्रों पर 516 मीट्रिक टन ही गेहूं की खरीद हो सकी है।

मार्च में गेहूं खरीद के लिए सबसे अधिक 31 क्रय केंद्र पीसीएफ ने खोले थे। कुल 16,300 मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लेकिन, अब तक केवल 516 मीट्रिक टन ही गेहूं की खरीद हो पाई है। क्योंकि क्रय केंद्रों पर किसानों को 2275 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य मिला रहा है। जबकि बाजार में व्यापारी 2300-2400 रुपये प्रति कुंतल में गेहूं खरीद रहे हैं। दाम ज्यादा होने के साथ नमी, गुणवत्ता, साफ गेहूं जैसे मानक लागू नहीं किए गए हैं। इसलिए किसानों को बाजार में ही गेहूं बेचने में ज्यादा फायदा है। वहीं, व्यापारी गांवों में किसानों से सीधा संपर्क कर गेहूं उठा रहे हैं। इससे किसानों का भाड़ा और ढुलाई आदि खर्च बच जा रहे हैं। वहीं आशंका यह भी है कि व्यापारी अधिक दाम देकर गेहूं डंप भी कर रहे हैं।

## निसान मोटर ने स्माइल ट्रेन के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** निसान मोटर इंडिया ने स्माइल ट्रेन इंडिया से अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के लिए साझेदारी की है। कंपनी ने कहा कि दिल्ली के संत परमानंद अस्पताल में हुए कार्यक्रम में वंचित समुदाय के बच्चों की क्लेफ्ट सर्जरी की दिशा में साझा प्रयासों के प्रभाव पर चर्चा की गई है। निसान के सौरभ वत्स, स्माइल ट्रेन इंडिया के प्रतिनिधियों और प्लास्टिक सर्जन डॉ. एससी सूद ने भाग लिया।

# शेयर बाजार में भारी उठापटक, अंतिम घंटे में सेंसेक्स 112 अंक चढ़ा

मुंबई, एजेंसी




टाटा मोटर्स में सबसे ज्यादा आठ प्रतिशत से अधिक की गिरावट

शेयर बाजारों में सोमवार को भारी उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसेक्स 111 अंक से अधिक की बढ़त में रहा। निफ्टी में भी तेजी रही। मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में अंतिम दौर की लिवाली से बाजार लाभ में रहा।

शुरुआती गिरावट से उबरते हुए सेंसेक्स 111.66 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,776.13 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान य 798.46 अंक यानी 1.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,866.01 अंक पर आ गया था। लेकिन बाद में लिवाली से यह नुकसान से उबर गया। एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 48.85 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,104.05 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक एक समय 21,821.05 अंक के निचले स्तर तक आ गया था।

## भारत-ईरान में टर्मिनल के दीर्घकालिक परिचालन पर समझौता

**नई दिल्ली।** भारत और ईरान ने चाबहार स्थित शाहिद बेहश्ती बंदरगाह के टर्मिनल के परिचालन के लिए सोमवार को दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने यह जानकारी दी।

बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की उपस्थिति में इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड और ईरान के पोर्ट्स एंड मेरिटाइम ऑर्गनाइजेशन ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। यह पहला मौका है जब भारत विदेश में किसी बंदरगाह का प्रबंधन लेगा। चाबहार बंदरगाह ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित है।

# एफटीए भागीदारों से भारत का आयात 38% बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत विश्व व्यापार में 1.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ निर्यात में 17वें स्थान पर

भारत का संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया जैसे मुक्त व्यापार समझौते वाले देशों से माल का आयात वित्त वर्ष 2018-19 से 2023-24 के बीच करीब 38 प्रतिशत बढ़कर 187.92 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) भागीदारों को देश का निर्यात 2018-19 में 107.20 अरब अमेरिकी डॉलर से 2023-24 में 14.48 प्रतिशत बढ़कर 122.72 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। शोध संस्थान ने कहा, भारत का आयात वित्त वर्ष 2018-19 से 2023-24 के बीच करीब 37.97 प्रतिशत बढ़कर 187.92 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। यह वृद्धि भारत की वैश्विक व्यापार गतिशीलता पर मुक्त व्यापार समझौतों के महत्वपूर्ण तथा विविध प्रभाव को दर्शाती है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में संयुक्त अरब अमीरात में भारत का निर्यात 18.25 प्रतिशत बढ़कर 35.63 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि 2018-19 में यह 30.13 अरब अमेरिकी डॉलर था। आयात वित्त वर्ष 2018-19 में 29.79 अरब अमेरिकी डॉलर से 61.21 प्रतिशत बढ़कर 48.02 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच एफटीए मई 2022 में लागू हुआ था। ऑस्ट्रेलिया, जापान, 10 देशों वाले दक्षिण पूर्व एशियाई गुट आसियान और दक्षिण कोरिया के साथ भी एफटीए के बाद निर्यात और आयात में बढ़ोतरी हुई है। भारत विश्व व्यापार में 1.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ निर्यात में विश्व स्तर पर 17वें स्थान पर है।

## ऑनलाइन भुगतान संबंधी आरबीआई के लाइसेंस को जोमैटो ने छोड़ा

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर लेकर खाना पहुंचाने वाली कंपनी जोमैटो ने सोमवार को कहा कि उसकी अनुषंगी कंपनी जोमैटो पेमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने आरबीआई से मिले प्राधिकरण प्रमाणपत्र को स्वेच्छा से छोड़ने का फैसला किया है। यह प्रमाणपत्र ऑनलाइन भुगतान एग्रीगेटर के रूप में काम करने से संबंधित है। जोमैटो ने शेयर बाजार को बताया कि हम खुद को भुगतान क्षेत्र में काबिज मंचों के मुकाबले कोई उल्लेखनीय प्रतिस्पर्धात्मक लाभ हासिल करते हुए नहीं देखते हैं। इसलिए भुगतान क्षेत्र में हमें व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य व्यवसाय की उम्मीद नहीं है।



# पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी तो हम पहना देंगे : मोदी

## प्रधानमंत्री ने विपक्ष के नेताओं को बताया कायर, बोले- कमजोर, डरपोक और अस्थिर सरकार बिल्कुल नहीं चाहता देश

हाजीपुर/मुजफ्फरपुर, एजेंसी



फारूक अब्दुल्ला के हालिया बयान पर मोदी ने तंज कसा

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को विपक्ष पर निशाना साधा और उसके नेताओं को कायर बताया जो पाकिस्तान की परमाणु शक्ति से डरे हुए हैं। बिहार के मुजफ्फरपुर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार की चुनावी रैली में मोदी ने कहा कि ये हिंदुस्तान का भविष्य तय करने का चुनाव है, ये चुनाव देश का नेतृत्व चुनने का चुनाव है। देश कांग्रेस वाली कमजोर, डरपोक और अस्थिर सरकार बिल्कुल नहीं चाहता।

फारूक अब्दुल्ला के हालिया बयान पर मोदी ने कहा कि ये लोग इतने डरे हुए हैं कि इनको सपने में भी पाकिस्तान का परमाणु बम दिखायी देता है। कहते हैं कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं। अरे भाई, हम पहना देंगे। उनको आटा भी चाहिए, बिजली भी नहीं है। अब हमको मालूम नहीं था कि उनके पास चूड़ियां भी नहीं हैं। अब्दुल्ला ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के इस दावे के जवाब में टिप्पणी की थी कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लोग भारत का हिस्सा बनना चाहते हैं। मोदी ने तंज कसते हुए कहा, कोई मुंबई हमले में पाकिस्तान को क्लीन चिट दे रहा है, कोई सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठा रहा है, ये वामपंथ वाले भारत के परमाणु हथियारों को ही खत्म करना चाहते हैं। ऐसा लगता है कि गठबंधन वालों ने भारत के खिलाफ ही किसी से सुपारी ले ली है। ऐसे स्वार्थी लोग राष्ट्र रक्षा के लिए कडे. फैसले ले सकते हैं क्या। ऐसे दल भारत को मजबूत बना सकते हैं क्या।

उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर और बिहार के लोगों ने दशकों तक नक्सलवाद सहा है। अपराध और नक्सलवाद के कारण बिहार में उद्योग, धंधे सब चौपट हो गए। जंगलराज की जिंदगी भयानक, डरावनी थी। राजद के जंगलराज ने बिहार को कई दशक पीछे धकेल दिया था। ये राजग की सरकार है, जो बिहार में कानून व्यवस्था को पटरी पर लाई है, अब नक्सलवाद प्रभावित जिले भी तेजी से कम हो रहे हैं।

इससे पहले हाजीपुर में चुनावी रैली में मोदी ने कहा कि हमारा ट्रैक रिकॉर्ड भ्रष्टाचारियों को खोज करके सजा देने का है। ये जो टीवी पर आप नोटों के पहाड़ देखते हैं। ये राजनेताओं के यहां से पकड़े जाते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 10 साल में सिर्फ 35 लाख रुपये जब्त किये थे। जब से हमने सत्ता संभाली है, ईडी ने 2,200 करोड़ की वसूली की है जिसे ले जाने के लिए 70 छोटे ट्रकों की आवश्यकता होगी। इन लोगों ने नौकरी के बदले जमीन लिखवाकर दिल्ली और देश में जायदाद बनाई है।

### अगर इस बार मोदी जीते तो भविष्य में चुनाव नहीं होंगे : खरगे



**हजारीबाग।** संविधान और लोकतंत्र के खतरे में होने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को दावा किया कि यदि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी जीतते हैं तो भविष्य में चुनाव नहीं होंगे। झारखंड के हजारीबाग में चुनावी रैली में खरगे ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर भी प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा और कहा कि यदि साहस है तो वह अडाणी और अंबानी को गिरफ्तार करके दिखाएं। उन्होंने दावा किया कि संविधान और लोकतंत्र खतरे में हैं और लोग भी खतरे में हैं। यदि आपके पास मौलिक अधिकार नहीं रहेंगे तो आप गुलाम बन जाएंगे। यदि इस बार मोदी जीते तो भविष्य में चुनाव नहीं होंगे। खरगे ने कहा कि यदि विपक्षी गठबंधन सत्ता में आया तो केंद्र में भाजपा नीत सरकार द्वारा गिरफ्तार किए गए 'इंडिया' के घटक दलों के सभी नेताओं को रिहा कर दिया जाएगा। उन्होंने दावा किया सत्ता में मोदी की वापसी असंभव है।

# बंगाल की महिलाओं के आत्मसम्मान व गरिमा से खिलवाड़ न करें मोदी.: ममता

बोंगांव (पश्चिम बंगाल), एजेंसी



बनर्जी ने कहा- हमारी महिलाओं को हाथ न लगाएं, यह उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश नहीं है

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि वह अत्याचारों के बारे में झूठे दावे करके राज्य की महिलाओं के आत्म-सम्मान और गरिमा के साथ खिलवाड़ न करें। बोंगांव में चुनावी सभा में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख बनर्जी ने कहा कि मोदी को यह ध्यान रखना चाहिए कि पश्चिम बंगाल की स्थिति भाजपा शासित राज्यों जैसी नहीं है।

प्रधानमंत्री ने रविवार को आरोप लगाया कि टीएमसी संदेशखालि में कुकर्मों को छिपाने की कोशिश कर रही है, जहां टीएमसी नेताओं पर यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने का आरोप लगा है। हालांकि, सामने आए कथित वीडियो में, संदेशखालि के भाजपा नेता को यह कहते हुए सुना गया था कि नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के इशारे पर महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया था और इस पूरी साजिश में उनका हाथ था। अन्य वीडियो में पहले बलात्कार की शिकायत दर्ज कराने वाली महिलाओं ने दावा किया कि भाजपा नेताओं ने उनसे कोरे कागज पर हस्ताक्षर कराए और थाने जाने के लिए मजबूर किया। बनर्जी ने कहा कि हमारी महिलाओं को हाथ न लगाएं, यह उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश नहीं है।

### 13 मई को ही वामपंथियों से मुक्त हुआ था बंगाल

**कोलकाता।** ममता बनर्जी ने कहा कि बंगाल आज के ही दिन यानी 13 मई, 2011 को वामपंथियों के अत्याचार से मुक्त हुआ था। बनर्जी ने एक्स पर लिखा, आज 13 साल बाद, लोग दिल्ली के अन्य दमनकारियों को हराने के लिए मतदान केन्द्रों के बाहर कतार में खड़े हुए हैं। इतिहास खुद को दोहराएगा।

## एक नजर

### कोटा से एक और नीट अभ्यर्थी लापता

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में एक और नीट अभ्यर्थी लापता हो गया है। इससे करीब हफ्ता भर पहले मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा अन्य छात्र भी लापता हो गया था। पुलिस के अनुसार बिहार निवासी अमन कुमार सिंह (19) पिछले दो साल से यहां प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था। वह 11–12 मई की रात को स्वर्ण विहार कॉलोनी में पेइंग गेस्ट (पीजी) का अपना कमरा छोड़कर चला गया। पुलिस ने बताया कि सिंह ने एक नोट छोड़ा है, जिसमें उसने कहा है कि वह नीट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका और इसे पास नहीं कर पाएगा। उसने अपने नोट में चंबल नदी पर स्थित कोटा बैराज के पास उसकी तलाश करने को कहा। पुलिस के अनुसार बैराज के पास उसका कोई सुराग नहीं मिला।

### बिश्नोई-गोदारा गिरोह के पांच शूटर गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गिरोह से जुड़े पांच शूटरों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उनके कब्जे से 10 लाख रुपये से अधिक कीमत की तीन विदेशी 9 एमएम ग्लॉक पिस्तौल समेत पांच स्वचालित पिस्तौल और 55 कारतूस बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार दिनेश उर्फ दीनू, जगदीश उर्फ जग्गू, विष्णु, सागर और प्रदीप को गिरफ्तार कर सोमवार को अदालत में पेश किया गया। अदालन ने उन्हें चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

# ईवीएम-वीवीपैट से जुड़े फैसले की समीक्षा का अनुरोध

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय में दायर की गई पुनरीक्षण याचिका

कोर्ट ने मतदान में इस्तेमाल हो रहे उपकरणों को बताया था सुरक्षित

उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर 26 अप्रैल के उस फैसले की समीक्षा करने का अनुरोध किया गया है, जिसमें मत पत्रों से मतदान कराने की प्रणाली फिर से अपनाने और ईवीएम के जरिये डाले गए सभी मतों का मिलान वीवीपैट से करने का निर्देश जारी करने की मांग सर्वोच्च अदालत द्वारा खारिज कर दी गई थी। पुनरीक्षण याचिका अधिवक्ता नेहा राठी के मार्फत अरूण कुमार अग्रवाल ने दायर की है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने 26 अप्रैल को, ईवीएम में हेरफेर के संदेह को बेबुनियाद करार दिया था और मत पत्रों से चुनाव कराने की पुरानी प्रणाली फिर से अपनाने का आग्रह खारिज कर दिया था। न्यायालय ने कहा था कि मतदान के लिए उपयोग में लाये जा रहे उपकरण सुरक्षित हैं और इसने बूथ पर कब्जा किये जाने और फर्जी मतदान की समस्या खत्म कर दी। इसके साथ ही, शीर्ष अदालत के फैसले ने चुनाव नतीजों में दूसरे और तीसरे स्थानों पर रहे असफल उम्मीदवारों को भी कुछ राहत दी तथा उन्हें प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच प्रतिशत ईवीएम में लगी माइक्रो-कंट्रोलर चिप के सत्यापन का अनुरोध करने की अनुमति दी। हालांकि, इसके लिए उन्हें निर्वाचन आयोग को एक लिखित आवेदन देना होगा और शुल्क का भुगतान करना होगा। न्यायालय ने निर्देश दिया था कि एक मई से, चुनाव चिह्न को लोड करने वाली इकाइयों को सील किया जाना चाहिए और एक कंटेनर में सुरक्षित रखा जाए तथा चुनाव नतीजों की घोषणा के बाद कम से कम 45 दिनों की अवधि के लिए ईवीएम के साथ स्ट्रॉन्ग रूम में उनका भंडारण किया जाए। अपने इस फैसले के साथ, शीर्ष अदालत ने वे जनहित याचिकाएं खारिज कर दीं, जिनमें मत पत्रों से चुनाव कराने की प्रणाली फिर से अपनाने के लिए निर्देश जारी करने का भी अनुरोध किया गया था।

# विशेष अदालत ने एचडी रेवन्ना को दी जमानत

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक में निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए विशेष अदालत ने महत्वपूर्ण घटनाक्रम में अपहरण के आरोपी होलेनरसीपुरा विधायक एचडी रेवन्ना को सोमवार को जमानत दे दी। कथित अपहरण से जुड़ा उनके बेटे एवं हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों से जुड़ा है।

कोर्ट ने चार मई से गिरफ्तार विधायक को राहत देते हुए पांच लाख की राशि पर जमानत दी है। इसी अदालत ने पहले अपहरण मामले में जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जांच के बाद एसआईटी ने नौ मई को कोर्ट को बताया कि प्रज्ज्वल के यौन उत्पीड़न का शिकार हुई महिला को रेवन्ना के इशारे पर अगवा किया गया था।

### प्रज्ज्वल और उसके पिता पर लगा यौन उत्पीड़न का आरोप

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की महिला ने प्रज्ज्वल और एचडी रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। अज्ञात महिला ने दावा किया कि हासन सांसद ने पांच साल पहले बेंगलुरु में अपने आवास पर उसकी मां से बलात्कार किया था। उन्होंने एसआईटी को घटना का विवरण दिया है, जिसमें दावा किया कि उसे 2020-21 में वीडियो कॉल के दौरान कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया गया था। महिला ने कहा कि वह मुझे फोन करता था और अपने कपड़े उतारने के लिए कहता था। वह मेरी मां के मोबाइल पर फोन करता था और मुझे वीडियो कॉल का जवाब देने के लिए मजबूर करता था।

## स्टिंग वीडियो : भाजपा नेता की अर्जी पर सुनवाई स्थगित

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने संदेशखालि से भाजपा नेता गंगाधर कोयल द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी।

कोयल ने इलाके में यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर प्रसारित कथित स्टिंग वीडियो की जांच सीबीआई को सौंपने की गुहार लगाई है। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने कहा कि कोयल की याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की जाएगी। भाजपा नेता ने याचिका में दावा किया है कि प्रौद्योगिकी की मदद से वीडियो में उनकी आवाज से मिलती-जुलती आवाज डाली गई है और उन्हें बदनाम करने के लिए इसे प्रसारित किया जा रहा है।

# सीबीआई को लिखा पत्र, संदेशखालि की पीड़िताओं के लिए मांगी सुरक्षा

**संदेशखालि (प. बंगाल)।** भाजपा नेता प्रियंका टिबरेवाल ने संदेशखालि में टीएमसी नेताओं द्वारा किए यौन उत्पीड़न की पीड़िताओं की सुरक्षा चिंताओं को दूर करने का सीबीआई से आग्रह किया है। भाजपा की प्रदेश इकाई सचिव टिबरेवाल ने संकटग्रस्त इलाके में भाजपा के प्रदर्शन के मद्देनजर केंद्रीय एजेंसी को पत्र लिखा है। टिबरेवाल ने आरोप लगाया कि टीएमसी नेता शाहजहां शेख और उसके समर्थकों के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायतें वापस लेने के लिए पीड़िताओं को धमकी दी गई, लेकिन पुलिस मदद को आगे नहीं आई। उन्होंने कहा कि 26 फरवरी को कलकत्ता हाईकोर्ट ने सीबीआई को पीड़िताओं के बयान दर्ज करने का निर्देश दिया था और कहा था कि राज्य पुलिस इलाके के संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाये।

# सोरेन की याचिका पर ईडी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस, 17 को सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

धन शोधन के मामले में तीन माह से न्यायिक हिरासत में जेल में हैं पूर्व मुख्यमंत्री

उच्चतम न्यायालय ने झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के मामले में तीन माह से अधिक समय से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उच्च न्यायालय के तीन मई के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने सोरेन का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की ओर से बार-बार शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किये जाने पर ईडी को नोटिस जारी किया और मामले को 17 मई को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। पीठ इस मामले को गर्मी की छुट्टियों के दौरान या जुलाई में विचार के लिए सूचीबद्ध करना चाहती थी, लेकिन सिब्बल ने सुनवाई के लिए शीघ्र सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया।

शीर्ष अदालत ने सोरेन को अपनी गिरफ्तारी और मामले में हुई देरी के खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के लिए कहा था, जिससे 2024 के आम चुनावों के दौरान सोरेन के अधिकार प्रभावित हुए। सिब्बल ने दलील के समर्थन में दिल्ली के मुख्यमंत्री को शुक्रवार को एक जून तक दी गई अंतरिम जमानत और याचिका की अग्रिम प्रति ईडी के अधिवक्ता को छह मई को पहुंचा दिए जाने का हवाला दिया।

## तेजस्वी सूर्य ने राहुल की खुली बहस की चुनौती स्वीकारी

**नई दिल्ली।** भाजयुमो अध्यक्ष तेजस्वी सूर्य ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की खुली बहस की चुनौती स्वीकार कर अपने संगठन के उपाध्यक्ष एवं रायबरेली के नौजवान को इस बहस के लिए नामित किया है। बेंगलुरु दक्षिण से सांसद तेजस्वी सूर्य ने गांधी को सोमवार को पत्र लिखकर सूचित किया कि भाजपा को उनकी खुली बहस की चुनौती स्वीकार है और वह युवा इकाई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिनव प्रकाश को बहस में पार्टी की ओर से भाग लेने के लिए नामित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अभिनव अनुसूचित जाति के अंतर्गत पासी समुदाय के शिक्षित नेता हैं, जिनकी संख्या रायबरेली संसदीय क्षेत्र में में 30 प्रतिशत है। वह वर्तमान में दिल्ली विवि के रामजस कालेज में अर्थशास्त्र के सहायक प्राध्यापक हैं। तेजस्वी सूर्य ने कहा कि वह इस बहस के लिए उपयुक्त मंच के बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं क्योंकि यह एक राजनीतिक वंशज और एक आम युवा के बीच समृद्ध बहस होगी, जिसने जीवन में कठिन डगर तय की है।

## आज का मुकाबला

दिल्ली कैपिटल्स
बनाम
लखनऊ सुपरजाइंटस
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 12 | 20 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 12 | 18 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 13 | 661 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 13 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

# प्ले ऑफ की दौड़ में आगे जाने की कोशिश में लखनऊ और दिल्ली

नई दिल्ली, एजेंसी

खराब फॉर्म से जूझ रही लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम आईपीएल प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें जीवंत रखने के लिए मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी जिसकी नॉकआउट में जगह बनाने की मामूली उम्मीद बरकरार है।

सुपर जाइंट्स के कप्तान के रूप में लोकेश राहुल के भविष्य को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं क्योंकि पिछले बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 10 विकेट की हार के बाद टीम के मालिक संजीव गोयनका ने उन्हें सार्वजनिक तौर पर फटकार लगाई थी। इस तरह की अटकलें हैं कि राहुल पद छोड़ सकते हैं या



टीम का साथ छोड़ने से पहले अंतिम दो मैच में कप्तानी की जिम्मेदारी निभा सकते हैं। राहुल अच्छी फॉर्म में नहीं हैं और भारत की टी20 विश्व कप टीम में भी जगह नहीं बना पाए हैं। लखनऊ की टीम भी 12 अंक के साथ सातवें स्थान पर चल रही है और दिल्ली तथा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के साथ अभी शीर्ष चार से बाहर है।

# औसत नहीं, प्रभाव के आधार पर चुने जाएंगे खिलाड़ी: मिलर

नई दिल्ली, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका और गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज डेविड मिलर का मानना है कि जिनके पास अधिकतम प्रभाव डालने की क्षमता है, उनके लिए टी20 क्रिकेट में औसत धीरे-धीरे प्रासंगिकता खो देगा और स्ट्राइक रेट ही सफलता का एकमात्र पैमाना होगा।



पिछले कुछ वर्षों में मिलर ने टाइटंस और अपनी राष्ट्रीय टीम दोनों के लिए फिनिशर की भूमिका अच्छी तरह निभाई है। मिलर ने कहा मैंने हमेशा देखा है कि हर कोई बल्लेबाज को औसत के आधार पर आंकता है, लेकिन टी20 में किसी को पूरी तरह से इस आधार पर आंकना मुश्किल है। शीर्ष तीन बल्लेबाजों के साथ निश्चित रूप से आप ऐसा कर सकते हैं, उन्हें बल्लेबाजी करने के लिए मिलने वाले ओवरों की संख्या के कारण। जब मध्य क्रम की बात आती है तो यह स्ट्राइक रेट और बल्लेबाज का खेल पर किस प्रकार का प्रभाव पड़ रहा है, उस बारे में होता है।

# आरसीबी ने जरूरत पड़ने पर नतीजे देने की क्षमता दिखाई

नई दिल्ली, एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर टॉम मूडी ने आरसीबी की लगातार पांचवीं जीत के बाद कहा कि टीम ने जब सबसे अधिक मायने रखता है तब प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता दिखाई है। दस दिन पहले अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर चल रही आरसीबी ने जोरदार वापसी की और उसके पास नॉक आउट में जगह बनाने का भी मौका है। मूडी ने से कहा एक बार फिर आरसीबी ने जरूरत पड़ने पर अच्छा प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता दिखाई।

### आक्रामक नीति से मिल रही है जीत: डुप्लेसी



**बेंगलुरु।** आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि नई आक्रामक नीति के कारण उनकी टीम को लगातार पांच मैचों में जीत मिली है। दिल्ली कैपिटल्स को रविवार रात हुये मुकाबले में 47 रनों से हराने के बाद आरसीबी के कप्तान डुप्लेसी ने यह बात कही। उन्होंने कहा, हम इसी तरह की क्रिकेट खेलना चाहते हैं और हमें गर्व है कि हमने एक साथ प्रदर्शन किया।

## खेल डायरी

### भारत के 85वें ग्रैंडमास्टर बने पी श्याम निखिल



**दुबई।** पी श्याम निखिल हाल ही में दुबई पुलिस मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में अपना तीसरा और अंतिम ग्रैंडमास्टर (जीएम) नॉर्म हासिल करके भारत के 85वें ग्रैंडमास्टर बन गए। आठ साल की उम्र में शतरंज खेलना शुरू करने वाले श्यामनिखिल को तीसरे नॉर्म के साथ इस उपलब्धि के लिए 12 साल का इंतजार करना पड़ा। श्यामनिखिल को लंबे समय से प्रतीक्षित जीएम नॉर्म पूरा करने के लिए सिर्फ एक जीत और आठ ड्रॉ की जरूरत थी, जो उन्होंने दुबई में खेले गये टूर्नामेंट में हासिल किया। इस खिलाड़ी ने 2012 में दो ग्रैंडमास्टर नॉर्म के साथ आवश्यक 2500 ईएलओ रेटिंग अंक हासिल कर लिये थे।

### स्क्वाश विश्व चैंपियनशिप के मुकाबले के बीच से हटे चोटिल रमित टंडन

**काहिरा।** भारत के रमित टंडन को रविवार को यहां स्क्वाश विश्व चैंपियनशिप के दूसरे दौर में चोटिल होने के कारण दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी मोहम्मद अलशोरबागी के खिलाफ मुकाबले के बीच से हटना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 36वें स्थान के साथ भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी टंडन दूसरे गेम में जब 3-4 से पीछे थे तब पिंडली की टीम के कारण उन्हें मैच के बीच से हटना पड़ा। अलशोरबागी ने पहला गेम 11-8 से जीता था। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ टंडन का यह पहला मैच था।

### कोरियाई सांस्कृतिक केन्द्र के छह ताइक्वांडो छात्र राष्ट्रीय टीम में

**नई दिल्ली।** कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र भारत के छह ताइक्वांडो छात्रों को भारतीय राष्ट्रीय टीम में स्थान मिला है। ये प्रतिभाशाली छात्र 14 मई को वियतनाम के दा नांग में शुरू होने जा रही एशियाई ताइक्वांडों चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र भारत के प्रतिभाशाली छह छात्र अविनाश कुमार साहनी, अनुराग यादव, शिल्पा थापा, हर्षवर्द्धन गुरुंग, कुणाल कुमार और रितिका नेगी इस प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### निकहत, मीनाक्षी, अनामिका ने की विजयी शुरुआत



**अस्ताना (कजाकिस्तान)।** मौजूदा विश्व चैंपियन निकहत जरीन (52 किग्रा) ने सोमवार को यहां एलोर्डा कप मुक्केबाजी टूर्नामेंट के शुरुआती दिन कजाकिस्तान की राखिम्बेर्डी झानसाया पर 5-0 से जीत के साथ अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। मीनाक्षी (48 किग्रा) और अनामिका (50 किग्रा) ने भी अपने अभियान की विजयी शुरुआत की। मीनाक्षी ने कजाकिस्तान की गैसीमोवा रोक्साना पर 4-1 से जीत के साथ अगले दौर में प्रवेश किया, वहीं अनामिका ने पहले दौर में झुमाबायेवा अराइलीम को हराया। सोनिया (54 किग्रा) को हालांकि चीन की चांग युआन के खिलाफ 0-5 की हार का सामना करना पड़ा। पुरुष वर्ग में इश्मीत सिंह (75 किग्रा) को कजाकिस्तान के अर्मानुली आर्मैट ने 5-0 से हराया। शिव थापा (63 .5 किग्रा), संजय (80 किग्रा) और गौरव चौहान (92 किग्रा से अधिक) तीन अन्य भारतीय मुक्केबाजों के साथ मंगलवार को चुनौती पेश करेंगे।

### टी-20 विश्व कप में नीदरलैंड के कप्तान होंगे स्कॉट

**एम्स्टर्डम।** नीदरलैंड ने अनुभवी स्कॉट एडवर्ड्स की अगुवाई में अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित की है। रॉयल डच क्रिकेट संघ ने 27 वर्षीय एडवर्ड्स को मेजबान नेपाल और नामीबिया की हालिया त्रिकोणीय श्रृंखला में मामूली प्रदर्शन के बावजूद कप्तान बनाए रखा है। एडवर्ड्स ने नीदरलैंड के लिए 56 टी20 अंतर्राष्ट्रीय में 122 की स्ट्राइक-रेट से 671 रन बनाए हैं। टीम में भारतीय मूल के क्रिकेटरों तेजा निदामानुरु, विक्रम सिंह और आर्यन दत्त को भी शामिल किया गया है। टीम टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत चार जून को डलास में नेपाल के खिलाफ करेगी।

# आईपीएल से हटे लियाम, इंग्लैंड लौटे बटलर, जैक्स और टॉपली

## पाकिस्तान श्रृंखला और टी-20 विश्व कप के लिए वापस जाएंगे बाकी खिलाड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

पंजाब किंग्स के हरफनमौला खिलाड़ी लियाम लिविंगस्टोन अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले घुटने की चोट से उबरने के लिए सोमवार को इंग्लैंड लौट गए। लिविंगस्टोन के अलावा जोस बटलर (राजस्थान रॉयल्स), विल जैक्स और रीस टॉपली (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) ने भी 22 मई से पाकिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाली टी-20 श्रृंखला से पहले इंग्लैंड टीम में शामिल होने के लिए आईपीएल छोड़ दिया है।

पंजाब किंग्स की टीम 12 मैच में सिर्फ चार जीत के साथ पहले ही इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और अभी आठ अंक के साथ अंक तालिका में अंतिम स्थान पर है। लिविंगस्टोन ने इंस्टाग्राम पर लिखा आईपीएल का एक और साल हो गया, आगामी विश्व कप के लिए अपने घुटने को ठीक कराना पड़ेगा। पंजाब किंग्स के प्रशंसकों को उनके प्यार और समर्थन के लिए एक बार फिर धन्यवाद। टीम और निजी तौर पर निराशाजनक सत्र लेकिन हमेशा की तरह मैंने आईपीएल में हर मिनट खेलने का लुत्फ उठाया। स्वदेश लौटने के कारण लिविंगस्टोन



राजस्थान रॉयल्स (15 मई) और सनराइजर्स हैदराबाद (19 मई) के खिलाफ पंजाब किंग्स के अंतिम दो मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। लिविंगस्टोन की चोट गंभीर नहीं है लेकिन सूत्रों के अनुसार इंग्लैंड के टीम प्रबंधन ने 22 मई से पाकिस्तान के खिलाफ शुरू हो रही घरेलू टी20 श्रृंखला से पहले उन्हें उपचार के लिए अधिक समय देने का फैसला किया है।

पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला के बाद गत चैंपियन इंग्लैंड की टीम टी20 विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज रवाना होगी जहां वह बारबडोस के ब्रिजटाउन में चार जून को स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। आईपीएल में खेल रहे इंग्लैंड की विश्व कप टीम में शामिल मोईन अली (चेन्नई सुपरकिंग्स), सैम कुरेन, जॉनी बेयरस्टो (दोनों पंजाब किंग्स) और फिल सॉल्ट (कोलकाता नाइट राइडर्स) जल्द ही स्वदेश लौट जाएंगे।

### गोयनका के भड़ास पर बोले क्लूसनर, दो क्रिकेटप्रेमियों के बीच की ठोस बातचीत थी

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के सहायक कोच लांस क्लूसनर ने टीम मालिक संजीव गोयनका के कप्तान केएल राहुल पर सार्वजनिक रूप से भड़ास उतारने के मामले को तूल नहीं देते हुए कहा कि यह दो क्रिकेटप्रेमियों की आपस की बातचीत थी। पिछले बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद से लखनऊ की शर्मनाक हार के बाद गोयनका को सार्वजनिक तौर पर राहुल पर भड़ास उतारते हुए देखा गया था। राहुल के लखनऊ का कप्तान बने रहने को लेकर भी अनिश्चितता जताई जा रही है लेकिन क्लूसनर ने कहा कि इस विषय पर कोई बात नहीं हुई है। उन्होंने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा दो क्रिकेटप्रेमियों के बीच इस बात की बातचीत में कोई समस्या नहीं है। हमें ठोस बातचीत पसंद है। इसी से टीमों का प्रदर्शन बेहतर होता है। हमारे लिये यह बड़ी बात नहीं है।



# बारिश में धुला मुकाबला, गुजरात टाइटंस प्ले आफ की दौड़ से बाहर

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात टाइटंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच सोमवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 63वां मैच को बारिश के कारण रद्द कर दिया गया है। इसी के साथ गुजरात टाइटंस प्लेऑफ से हुई बाहर हो गई है। लगातार हो रही बारिश और आंधी के कारण मैच नहीं हो सका।

केकेआर पहले ही प्लेऑफ्स के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। बारिश के कारण मैच रद्द होने से दोनों टीमों के बीच एक-एक अंक बांटा दिया गया। मैच के रद्द होने से गुजरात के लिए प्लेऑफ्स के दरवाजे बंद हो गए है। ऐसे में राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद, चेन्नई सुपर किंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स को भी फायदा मिल सकता है। राजस्थान की टीम को अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचने का मौका मिल सकता है। ऐसा तभी होगा जब पंजाब और केकेआर के खिलाफ टीम अपने मुकाबले जीत लेती है। तब उसके 20 अंक हो जाएंगे। वहीं हैदराबाद को भी फायदा मिलेगा और टीम 14 अंक पर पहुंच जाएगी।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 13 | 9 | 3 | 19 | 1 | +1.428 |
| राजस्थान | 12 | 8 | 4 | 16 | 0 | +0.349 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 | 0 | +0.528 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | 0 | +0.406 |
| बेंगलुरु | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | +0.387 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | -0.482 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 | 0 | -0.769 |
| गुजरात (बा) | 13 | 5 | 7 | 11 | 1 | -1.063 |
| मुंबई (बा) | 13 | 4 | 9 | 8 | 0 | -0.271 |
| पंजाब (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | 0 | -0.423 |



# इटैलियन ओपन में जोकोविच भी हारे

**रोम।** नोवाक जोकोविच इटैलियन ओपन के तीसरे दौर में 29वें वरीय एलेजांद्रो टैबिलो से उलटफेर का शिकार होकर अपने पसंदीदा टूर्नामेंट में से एक से बाहर हो गए। शुक्रवार को एक प्रशंसक को ऑटोग्राफ देते हुए उसकी पानी की बोतल जोकोविच के सिर पर लग गयी थी, जिसके बाद यह उनका पहला मैच था। जोकोविच ने एक 'डबल फॉल्ट' से शुरूआत की और छह बार का चैंपियन इसके बाद उबर नहीं सका। जोकोविच महज 68 मिनट में टैबिलो से 2-6, 3-6 से हार गए। तीसरे दौर में मिली हार जोकोविच का इटैलियन ओपन में सबसे खराब प्रदर्शन है। एक दिन पहले रिकॉर्ड 10 बार के चैंपियन राफेल नडाल भी तीसरे दौर में हुबर्ट हुर्काज से हारकर बाहर हो गए थे।

# सीधे फेड कप फाइनल्स में खेलेंगे चोपड़ा और जेना



**भुवनेश्वर।** भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और किशोर जेना को यहां 15 मई को होने वाले फेडरेशन कप फाइनल्स में सीधे प्रवेश दिया गया है क्योंकि उन्होंने अपने करियर में 75 मीटर का न्यूनतम क्वालीफाइंग स्तर कई बार हासिल किया है। ओलंपिक और विश्व चैंपियन चोपड़ा पिछले हफ्ते दोहा डाइमंड लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन करके यहां आए हैं जहां वह 88.38 मीटर के प्रयास से दूसरे स्थान पर रहे।

# सात्विक-चिराग करेंगे थाईलैंड ओपन में भारत की अगुवाई

बैंकॉक, एजेंसी

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी आज से शुरू हो रहे थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण की दावेदार भारत की इस शीर्ष वरीय जोड़ी को थॉमस कप में इंडोनेशिया और चीन के खिलाड़ियों के सामने थोड़ी मुश्किल हुई थी।

सात्विक और चिराग की जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और टेन वी कियोंग की मलेशिया की



जोड़ी के खिलाफ करेगी तो उनकी नजरें अपने प्रदर्शन में सुधार पर टिकी होंगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके खिलाड़ियों ने अपने कौशल को निखारने पर काम किया है और बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं में उन्हें अपने नए शॉट और बदलाव को परखने का शानदार मौका मिलेगा।

# पाकिस्तान ने आयरलैंड को सात विकेट से हराया

**डबलिन।** पाकिस्तान ने पहले टी-20 की हार का बदला चुकता करते हुए दूसरे मैच में आयरलैंड को सात विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। आयरलैंड ने पहले टी-20 में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया था। यह आयरलैंड की टी-20 प्रारूप में पाकिस्तान पर पहली जीत थी।

टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे आयरलैंड ने सात विकेट पर 193 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान के लिए रिजवान (नाबाद 75) और फखर जमां (78 रन) ने 140 रन की साझेदारी कर मैच जीत लिया। इससे पहले मैच के दौरान शाहीन अफरीदी जब ड्रेसिंग रूम से मैदान की तरफ जा रहे थे, तब अफगान फैन ने उनको लेकर अपशब्द कहा। अफरीदी ने मामला सिक्योरिटी को बताया और फैन को मैदान से बाहर निकाला गया। वीडियो में सुरक्षा अधिकारी को फैन को बाहर निकालते हुए देखा जा सकता है।

# एटलेटिको ने सेल्टा को हराया चैंपियंस लीग में पहुंचने के करीब



मैड्रिड, एजेंसी

एटलेटिको मैड्रिड यहां स्पेनिश फुटबॉल लीग में सेल्टा विगो पर 1-0 की जीत के साथ चैंपियंस लीग फुटबॉल के चौथे और अंतिम स्थान के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंच गया।

एटलेटिको की ओर से मैच का एकमात्र गोल 84वें मिनट में रोड्रिगो डि पॉल ने किया। इस जीत से एटलेटिको ने पांचवें स्थान पर मौजूद एथलेटिक बिलबाओ पर आठ अंक की बढ़त बना ली है जबकि सिर्फ तीन दौर का खेल बाकी है। एथलेटिक बिलबाओ ने शनिवार को ओसासुना से 2-2 से ड्रॉ खेला था। एटलेटिको की यह लगातार तीसरी जीत है और टीम तीसरे स्थान पर चल रहे बार्सीलोना से सिर्फ तीन अंक पीछे है। अन्य मुकाबलों में रीयाल बेटिस ने अंतिम स्थान पर चल रहे अल्मेरिया को 3-2 से हराया और टीम अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई।

# आभा ने महिला शॉट पुट में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड



**भुवनेश्वर।** आभा खटुआ ने राष्ट्रीय फेडरेशन कप एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन 18.41 मीटर की दूरी के साथ महिलाओं के गोला फेंक में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व कर रही आभा इस प्रतियोगिता से पहले मनप्रीत कौर के साथ 18.06 मीटर की संयुक्त रिकॉर्ड धारक थीं।

उन्होंने हालांकि यहां के कलिंगा स्टेडियम में पांचवें प्रयास में 18.41 मीटर की थ्रो के साथ नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया। उनका प्रयास ओलंपिक क्वालीफाइंग स्तर 18.80 मीटर से काफी कम था। ओलंपिक क्वालीफाई का समय 30 जून को खत्म हो रहा है।

## बॉलीवुड हलचल



# गदर मचाने को तैयार जूनियर एनटीआर

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर अब बॉलीवुड में भी गदर मचाने के लिये तैयार हैं। एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर के बाद जूनियर एनटीआर शोहरत की बुलंदियों पर है। जहां साउथ में वह फिल्म देवरा पार्ट 1 में नजर आएंगे, वहीं हिंदी में फिल्म वॉर 2 में ऋतिक रोशन के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आयेंगे। बताया जा रहा है कि जूनियर एनटीआर ने अब अपने काम को संभालने के लिए एक टॉप एजेंसी हायर की है। यह एजेंसी उनके ऐड्स का काम तो देखेगी ही साथ ही उनके हिंदी प्रोजेक्ट्स का काम भी देखेगी। जूनियर एनटीआर हिंदी सिनेमा में अपने करिअर को और आगे ले जाना चाहते हैं। वॉर 2 के जरिए जूनियर एनटीआर पहली बार किसी हिंदी फिल्म में नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं। जूनियर एनटीआर देवरा पार्ट 1 को लेकर भी चर्चा में है। इस फिल्म का निर्देशन कोराटाला शिवा कर रहे हैं। यह फिल्म इसी साल 10 अक्टूबर को रिलीज होगी। यह फिल्म दो पार्ट में बनेगी।

# वेब सीरीज स्टारडम में नजर आएंगे शाहरुख

**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान अपने बेटे आर्यन की वेबसीरीज स्टारडम में महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान बतौर निर्देशक फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने वाले हैं। आर्यन 'स्टारडम' नाम की एक वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि स्टारडम की ज्यादातर शूटिंग पूरी हो चुकी है और जल्द ही इसकी एडिटिंग का काम शुरू होने वाला है।कहा जा रहा है कि शाहरुख भी स्टारडम में खास किरदार निभाने वाले हैं। फिल्म इंडस्ट्री में जिस तरह की जिंदगी होती है, शाहरूख का किरदार स्टारडम में वैसा हीं है। कहा जा रहा है कि वेब सीरीज स्टारडम में रणबीर कपूर, रणवीर सिंह, करण जौहर, बॉबी देओल जैसे सितारों के भी कैमियो रोल में नजर में आ सकते हैं। इसके साथ ही शाहरूख खान अपनी बेटी सुहाना खान के साथ फिल्म किंग में भी नजर आएंगे।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

